आषाढ़ शुक्ल पक्ष सप्तमी 11:58 तक उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 2 जुलाई 2025
वर्ष 5, अंक 131, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





अल्कराज ने फोगनिनी को हराया 11

बिग ब्यूटीफुल बिल पास, मस्क ने कहा नई पार्टी बनाएंगे 12



## अमृत विचार (हल्द्वानी संस्करण) के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



RUDRAPUR



KASHIPUR



RUDRAPUR COMMERCIAL



SITARGANJ



LMM



Khatima

## Kumar Autowheels Pvt. Ltd.

(A Unit of Kumar Group of Industries)

(Full Range Dealer of Mahindra & Mahindra Ltd.)

Kichha Bypass Road, Rudrapur, U.S.Nagar (Uttarakhand)

Call :- Rudrapur : 8191817744, Kashipur : 8449904477 Sitarganj : 8193899109, Khatima : 8191899023

Corporate Office : Compound Kumar Oxygen, Rampur Road, Rudrapur (U.S.Nagar)

## अमृत विचार (हल्द्वानी संस्करण) के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

BANSAL CLASSES PVT. LTD. SINCE 1981 ★★★ YEARS OF EXCELLENCE

## BANSAL CLASSES
PRIVATE LIMITED

RUDRAPUR STUDY CENTRE

Creating Lasting Footprints Through Visionary Leadership



With The Blessing of
V.K. BANSAL SIR
(Founder, Bansal Classes)

5 TIMES AIR-1
6 TIMES AIR-2
6 TIMES AIR-3

300+ Students in Top 100 AI
39 Students in Top 10 AIR

REGISTRATION ARE OPEN
LIMITED SEATS

Transport Facility Available
Hostel Facility Available

COURSES OFFERED
- JEE (Main + Advanced)
- JEE (Main)
- NEET
- NEEV (A Pre-Foundation Program for Class 5th to 10th)

7820042437 | 9259543982

Ist floor, Shri Guru Angad Dev Complex, Nainital Road, Rudrapur

मानसूनी बूंदों का आकार बढ़ा, क्षेत्रीय स्तर पर बदलाव, अब कुछ ही घंटों में बरस जाते हैं बादल, दिन भर छाई रहती है घटा

# संभावना: इस बार सामान्य से अधिक बरस सकता है मानसून

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** मानसून इस बार समय से पहले पहुंच चुका है और अच्छी बारिश साथ लेकर आया है। माना जा रहा है कि इस बार का मानसून पिछले कुछ वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ जाएगा। अलबत्ता पिछले 15 दिनों में मानसून 104 मिमी पानी बरसा चुका है।

नैनीताल में मानसून हमेशा जमकर बरसा है मगर जलवायु परिवर्तन के साथ इसके स्वभाव में अंतर आ चुका है। लगातार सात दिन बरसने वाला मानसून कमोबेस अब नहीं बरसता। मगर इतना जरूर है कि दिन भर बरसने वाला पानी पहले की तुलना में कुछ ही घंटों में बरस जाता है।

**15** दिनों के भीतर 104 मिमी बरस चुका है पानी

**05** वर्षों की बारिश में नजर आ रही बड़ी असमानता

मानसूनी बारिश की बूंदों का आकार बढ़ चुका है और क्षेत्रीय स्तर में भी बदलाव आ चुका है। जहां अधिक बारिश हुआ करती थी, वहां कम और जहां कम होती थी, वहां अधिक बारिश होने लगी है।

पर्यावरण वैज्ञानिक इसका प्रमुख कारण जलवायु परिवर्तन मानते हैं। यह बदलाव नैनीताल में भी देखने को मिला है। बर्फबारी भी बंद हो चुकी है, तो पश्चिमी विक्षोभों का असर भी कम हो चला है, साथ ही तापमान में भी अंतर आ गया है। शीत ऋतु में शून्य तक पहुंचने वाला तापमान अब इससे अधिक ही रहने लगा है जिस कारण ठंड का एहसास कम हो चला है। नैनीताल में पिछले पांच वर्षों की मानसूनी बारिश में बड़ी असमानता नजर आती है मगर इस बार जल्द पहुंचे मानसून और भारतीय मौसम विभाग द्वारा मानसूनी बारिश का सामान्य से अधिक बरसने के पूर्वानुमान से उम्मीद जगी है कि इस बार 15 जून से 15 अक्टूबर के बीच बरसने वाला पानी, पिछले वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ सकता है।


सरोवर नगरी में इक्का-दुक्का पर्यटक दिखाई दिए और सड़कें सुनसान रहीं।

### आंकड़ा

2024 - 1934 मिमी
2023 - 1669 मिमी
2022 - 1669 मिमी
2021 - 1497 मिमी
2020 - 1014 मिमी
2025- इस वर्ष मानसून के दौरान 16 जून से एक जुलाई के बीच 104 मिमी बारिश हो चुकी है।

**नोट :** (16 जून-15 अक्टूबर तक 5 वर्ष का मानसूनी वर्षा का आंकड़ा)
(आंकड़े सिंचाई विभाग के झील नियंत्रण कक्ष से प्राप्त हुए हैं)

### मानसून की अधिक वर्षा से इंकार नहीं

**नैनीताल :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के वरिष्ठ पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र सिंह के अनुसार इस बार मानसून की बारिश अधिक होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। मानसून का जल्द पहुंचना और भारतीय मौसम विभाग व अन्य मौसम एजेंसियों द्वारा बारिश का सामान्य से अधिक बरसने का पूर्वानुमान है। इस बार ला-नीना का असर भी नहीं है। ऐसे में मानसूनी बारिश में वृद्धि होना संभव है।

# कई दिन बाद बारिश से मिली राहत, धूप खिली

संवाददाता, नैनीताल

- सैलानियों की आमद गिरते ही होटलों के रेट भी गिरे

**अमृत विचार :** सरोवर नगरी में पिछले कई दिनों बाद मंगलवार को बारिश से राहत मिली है। हालांकि सुबह के समय हल्की बारिश हुई और दोपहर से शाम तक धूप खिली रही। इधर, सैलानियों की आमद में भारी कमी से नगर में सुनसान नजर आई।

नगर में सुबह के समय से ही घने बादलों ने डेरा डाला था, जो सुबह 11 बजे हल्की बारिश के साथ बरसने शुरू हो गए और आधा घंटे बाद शांत हो गए। इसके बाद बादल के साथ कोहरा भी आता-जाता रहा। दोपहर दो बजे सूर्यदेव ने दर्शन दिए तो लोगों ने राहत की सांस ली। धूप देर शाम तक खिली रही। इसके बाद पुनः बादलों ने डेरा डालना शुरू कर दिया, जिस कारण बारिश की संभावना पुनः जागृत हो गई। इधर, नगर में सैलानियों की आमद बेहद कम हो चली है जिस कारण नगर में सुनसानी छाई रही। पर्यटन स्थलों रौनक गायब रही। गिने चुने पर्यटक ही नजर आए। नैनी झील में नौकायन करने वालों की संख्या सीमित रही। माल रोड पर शाम के समय मामूली रौनक देखी गई। इस बीच होटलों ने 30 से 50 फीसद तक किराए में छूट देनी शुरू करदी है। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 27 व न्यूनतम 20 डिग्री सेल्सियस रहा। आद्रता अधिकतम 90 व न्यूनतम 50 प्रतिशत रही।

# डॉक्टरी का पेशा नोबल प्रोफेशन: मुख्यमंत्री

## सीएम धामी ने राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे पर मुख्यमंत्री आवास में प्रदेशभर से आए चिकित्सकों को सम्मानित किया

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी चिकित्सकों का आह्वान करते हुए कहा कि डॉक्टरी का पेशा केवल एक व्यवसाय नहीं, बल्कि एक नोबल प्रोफेशन है, जो सेवा, संवेदना और समर्पण का प्रतीक है। जनता के मन में डॉक्टर के प्रति जो आस्था, सम्मान और श्रद्धा है, उसे और मजबूत करें।

सभी चिकित्सकों से अनुरोध है कि अपने आचरण, सेवा और समर्पण से हमेशा अपनी उस छवि को जीवित रखें, जो समाज ने डॉक्टर को 'धरती का भगवान' कहकर दी है।

राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे पर सीएम कैंप कार्यालय के मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में सीएम ने कहा कि, आप लोग अपनी सेवा, समर्पण और करुणा से अनगिनत लोगों के जीवन को संजीवनी प्रदान करते हैं। भारतीय संस्कृति में ज्ञान, विज्ञान और अध्यात्म का एक अद्वितीय संगम देखने को मिलता है, हमारी संस्कृति केवल आस्था और विश्वास पर ही आधारित नहीं है बल्कि ये गहरे वैज्ञानिक दृष्टिकोण, चिंतन और शोध का परिणाम भी है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में आए प्रत्येक चिकित्सक से मिलकर उनसे बातचीत की तथा उन्हें सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में हमारी सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण हेतु निरंतर प्रयासरत है। हमारा प्रयास है कि राज्य के प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सकीय सुविधाएँ सस्ती दरों पर उपलब्ध कराई जा सकें। हमने आयुष्मान योजना के अंतर्गत अब तक करीब 58 लाख आयुष्मान कार्ड वितरित किए हैं जिसके माध्यम से प्रदेश के लगभग 11 लाख से अधिक मरीजों को 2100 करोड़ रुपये से अधिक के कैशलेस उपचार का लाभ प्राप्त हो चुका है।

कार्यक्रम में डॉ. आरके जैन, डॉ. गीता खन्ना, डॉ. सुनीता टम्टा, डॉ. कृष्ण अवतार, डॉ. आरएस बिष्ट, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. आशुतोष सयाना, डॉ. महेश कुड़ियाल, डॉ प्रशांत, डॉ. नंदन बिष्ट सहित सभी प्रमुख सरकारी व निजी अस्पतालों के चिकित्सक मौजूद रहे।


राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे के अवसर पर चिकित्सकों के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

### 207 प्रकार की जांच निःशुल्क

राज्य में निःशुल्क जांच योजना के अंतर्गत मरीजों को 207 प्रकार की पैथोलॉजिकल जांचों की निःशुल्क सुविधा भी प्रदान की जा रही है। उत्तराखंड टेलीमेडिसिन सेवाओं के माध्यम से दूरदराज के गांवों में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा परामर्श सुविधा भी प्रदान की जा रही है। सभी सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में स्टाफ की कमी को दूर करने के लिए भी निरन्तर प्रयासरत हैं।

### हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम प्रत्येक जिले में एक मेडिकल कॉलेज स्थापित कर रहे हैं। इनमें से पांच मेडिकल कॉलेज पहले से ही संचालित हैं, जबकि दो और मेडिकल कॉलेजों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। देहरादून, हल्द्वानी और श्रीनगर मेडिकल कॉलेजों में सुपर स्पेशियलिटी विभाग भी स्थापित किए गए हैं, जहां कार्डियोलॉजी, न्यूरोसर्जरी और यूरोलॉजी जैसी अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। हल्द्वानी में राज्य के प्रथम आधुनिक कैंसर संस्थान का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है। हम राज्य के प्रत्येक क्षेत्र के लिए हेली एंबुलेंस सेवा भी प्रारंभ कर चुके हैं जो किसी भी आपात स्थिति में सुदूरवर्ती क्षेत्रों के लोगों के लिए जीवन रक्षक साबित हो रही है।

# मेडिकल फैकल्टी को बनेगी पृथक स्थानांतरण नीति


कार्यक्रम को संबोधित करते स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत।

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- पर्वतीय क्षेत्रों में तैनात चिकित्सकों के मानदेय में होगी वृद्धि

**अमृत विचार :** चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित राजकीय मेडिकल कॉलेजों में तैनात मेडिकल फैकल्टी के लिए पृथक स्थानांतरण नीति बनेगी। पर्वतीय क्षेत्रों में हेल्थ नेटवर्क मजबूत करने के लिए दूरस्थ व दुर्गम क्षेत्रों में चिकित्सकों के मानदेय में वृद्धि होगी। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने मंगलवार को राजकीय दून मेडिकल कॉलेज में आयोजित 'डॉक्टर ऑफ द ईयर अवार्ड-2025' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राजकीय मेडिकल कॉलेजों में संकाय सदस्यों के स्थानांतरण के लिए नई नीति में पारदर्शी स्थानांतरण को लेकर स्पष्ट व्यवस्था होगी जिससे कार्मिकों को अपने स्थानांतरण लेकर कोई भ्रम न रहे। नई स्थानांतरण नीति को तैयार करने से पहले विभागीय अधिकारियों को प्रत्येक पहलुओं का बारीकी से अध्ययन करने को कहा गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि विभागों में विभिन्न संवर्गों के तहत लम्बे समय से रिक्त पड़े पदों को भरा जाएगा। आईपीएचएस मानकों के अनुरूप नये पदों को भी सृजित किया जाएगा। विभाग में शत-प्रतिशत पदोन्नति का लाभ भी कार्मिकों को मिलेगा।

### मोटर मार्ग की दशा में सुधार कराने की मांग की

**भीमताल :** भीमताल के नौकुचियाताल से लगे खैरोला पांडे और खैरोला पंत गांव को जाने वाले मोटर मार्ग की दशा काफी खराब हो गई है। इस मार्ग में कई फीट लंबे और गहराई के गड्ढे हो गए हैं। लोगों ने अब इस मोटर मार्ग से चलना छोड़ दिया है और पैदल आने जाने के लिए वैकल्पिक मार्ग की तलाश करनी प्रारंभ कर दी है। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता नितेश बिष्ट ने इस मोटर मार्ग की दशा को सुधारने की मांग को लेकर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया है।


नितेश बिष्ट।

### मेले के आय-व्यय को प्रस्तुत करने के निर्देश

**भीमताल :** भीमताल में वर्ष 2024 में हरेला मेले के आय-व्यय को सार्वजनिक नहीं किए जाने को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी है। स्थानीय निवासियों ने इस संबंध में उपजिलाधिकारी नैनीताल नवाजिश खलीक से गुहार लगाई गई। उपजिलाधिकारी नैनीताल ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद उदयवीर सिंह को आय-व्यय का हिसाब पक्के बिल के साथ प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद उदय वीर सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता पूरन वृजवासी व बीडी पलडिया आदि मौजूद रहे।

# महेंद्र फिर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** राज्यसभा सदस्य महेंद्र भट्ट एक बार फिर भाजपा के उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षक हर्ष मल्होत्रा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तथा राज्य के पार्टी मामलों के प्रभारी दुष्यंत गौतम समेत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में उनके दोबारा निर्वाचित होने की औपचारिक घोषणा की।

भाजपा प्रदेश परिषद में मंगलवार को प्रदेशाध्यक्ष के लिए महेंद्र भट्ट का नाम सर्वसम्मिति से अनुमोदन किया गया। वहीं, राष्ट्रीय परिषद के लिए भी 8 सदस्यों के निर्वाचन की घोषणा की गई। केंद्रीय पर्यवेक्षक हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि, विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन भारतीय जनता पार्टी यूं ही नहीं है क्योंकि लोकतंत्र हमारे लिए सिर्फ कहने सुनने तक सीमित नहीं है, बल्कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय के दर्शन के कारण, लोकतंत्र हमारी पार्टी के आचार, व्यवहार, संस्कार, विचार में बसता है। आज देश के राजनैतिक दलों में संगठन में आंतरिक चुनाव केवल भाजपा में होता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों को शुभकामनाएं देते कहा कि, भाजपा में सामान्य कार्यकर्ता कहां से कहां पहुंच जाता है, इसका उदाहरण मुझे और महेंद्र भट्ट को देखकर महसूस किया जा सकता है। उन्होंने विपक्ष पर भी निशाना साधते हुए कहा कि जो कल आरोप लगाते थे कि हार के डर से हम चुनाव नहीं करा रहे हैं, जब हमने घोषणा की तो वही कोर्ट चले गए, जब न्यायालय में मजबूत पैरवी करके पुनः चुनाव की घोषणा हुई तो अब वहीं कांग्रेस मौसम खराब होने का हवाला देकर चुनाव से भाग रही है। कहा कि, सच्चाई यह है कि कांग्रेस शुरुआत से ही पंचायत चुनाव के पक्ष में नहीं रही है। वह जानती है कि निकायों और हरिद्वार पंचायत चुनाव की तरह वह इसमें भी करारी हार का मुंह देखने वाली है।


दोबारा अध्यक्ष बनने पर महेंद्र भट्ट का मुंह मीठा कराते सीएम धामी।

# नैनीताल में जीर्णशीर्ण अवस्था में 122 स्कूल

- इन विद्यालयों में निर्माण किए गए अतिरिक्त कक्ष, इनमें संचालित हो रही हैं कक्षाएं

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** नैनीताल जनपद में 122 उच्च प्राथमिक विद्यालय जीर्णशीर्ण अवस्था में है। हालांकि इन विद्यालयों में अतिरिक्त कक्षाओं का निर्माण किया गया है।

जिसमें बरसात के सीजन में और अन्य समय में कक्षाएं संचालित हो रही हैं। बरसात के दिनों में कोई दुर्घटना आदि ना हो, इसके लिए शिक्षा विभाग के आलाधिकारियों ने खंड शिक्षा अधिकारी व अन्य शिक्षा अधिकारियों को किसी भी स्थिति में विद्यालय में कक्षा संचालित न करने के निर्देश दिए हैं। शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों को उपलब्ध कराई गई सूचना के आधार पर रामगढ़ में एक, धारी में तीन, बेतालघाट में 20, ओखलकांडा में 15, कोटाबाग में 24, भीमताल में 7, हल्द्वानी में 20 व रामनगर में 32 विद्यालय जीर्णशीर्ण अवस्था में है।

> विभागीय अधिकारियों से सूचना मांगी गई थी। जीर्णशीर्ण वाले विद्यालयों में कक्षाएं संचालित नहीं हो रही हैं। इनके लिए शासन से धन की मांग की जा रही है। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज धौला खेड़ा एवं राजकीय इंटर कॉलेज मंगोली जनपद में डी श्रेणी के रूप में चिन्हित माध्यमिक विद्यालय हैं।
> **-पुष्कर लाल टम्टा,** जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक।

> समग्र शिक्षा के तहत नौ विद्यालय चिन्हित किए गए हैं। धन की प्राप्ति होने के बाद कार्य प्रारंभ किया जाएगा।
> **-गोकुल नेगी,** सहायक अभियंता समग्र शिक्षा।

# भांकर में भूस्खलन, हड़कंप

- राजस्व विभाग ने किया निरीक्षण प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर जाने को कहा

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** भीमताल विकासखंड के पांडे गांव के तोक भांकर में भूस्खलन होने से पहाड़ी के नीचे रहने वाले परिवारों में हड़कंप मच गया। आननफानन में लोग घरों से बाहर निकल आए। पहाड़ी का गिरना लगातार जारी है। क्षेत्र में भारी स्तर पर भूस्खलन की खबर जैसे ही आसपास पहुंची, तो लोग मौके पर पहुंच गए।

पूर्व जिला पंचायत सदस्य अनिल चनौतिया ने भूस्खलन क्षेत्र में पहुंचकर क्षेत्र के पट्टी पटवारी हेम जोशी को भी मौके पर बुला लिया। राजस्व विभाग ने निरीक्षण किया और प्रभावित ग्रामीणों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि यह क्षेत्र पूर्व में भी भूस्खलन की चपेट में आया था। वर्तमान में भूस्खलन अधिक होने से पूरी पहाड़ी को खतरा उत्पन्न हो गया है। पटवारी हेम जोशी ने बताया कि तत्काल पांच परिवारों को सुरक्षित स्थानों में जाने को कहा गया है। बाकी परिवार जो प्रभावित क्षेत्र के आसपास रहते हैं, उनसे भी सुरक्षित स्थान में जाने को कहा जा रहा है। इस दौरान जीवन पलड़िया, राजू न्याल और रोहित आदि मौजूद रहे।


भूस्खलन का निरीक्षण करते राजस्व विभाग के अधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार


भांकर में भूस्खलन। ● अमृत विचार

**तैयारी** पांच जुलाई तक पत्रों की बिक्री, 18 जुलाई को प्रत्याशियों को दिए जाएंगे चुनाव चिन्ह, 24 व 31 को होगा मतदान

# जिला पंचायत सदस्य के नामांकन पत्रों की बिक्री शुरू


नामांकन पत्र खरीदते दावेदार। ● अमृत विचार

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की सरगर्मी अब तेज हो गई है। जिला पंचायत सभागार में सोमवार से जिला पंचायत सदस्य के लिए नामांकन पत्रों की बिक्री शुरू हो गई। निर्वाचन अधिकारी डीसी जोशी ने बताया कि 1 जुलाई से 5 जुलाई तक नामांकन पत्रों की बिक्री की जाएगी। इसके बाद 7 जुलाई से 9 जुलाई तक नामांकन पत्रों की जांच होगी। 10 और 11 जुलाई को नाम वापस लेने की प्रक्रिया पूरी होगी। इसके बाद 14 और 18 जुलाई को चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को प्रतीक चिह्न आवंटित किए जाएंगे। मतदान 24 जुलाई और 31 जुलाई को दो चरणों में संपन्न कराया जाएगा। अब राजनीतिक गतिविधियों में तेजी आ गई है और संभावित प्रत्याशी गांव-गांव में जनसंपर्क में जुट गए हैं। इस दौरान एआरओ दीपचंद पंत, जीएस बोहरियाल व राजेश कुमार आर्य आदि मौजूद रहे।

### कोटाबाग में 99 नामांकन पत्र बिके

कालाढूंगी : त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर कोटाबाग ब्लॉक में मंगलवार को 99 नामांकन पत्र बिके। ब्लॉक मुख्यालय में नामांकन पत्र खरीदने व आवश्यक दस्तावेज तैयार करने वालों की भीड़ लगी रही। रिटर्निंग आफिसर मनोज गंगवार ने बताया कि ग्राम प्रधान पद के लिए 48, क्षेपंस के लिए 31 व वार्ड मेंबर के लिए 18 नामांकन पत्र बिके हैं। न्याय पंचायत बैलपडाव में 14 ग्राम प्रधान व 11 क्षेपंस, स्यात में 2 ग्राम प्रधान व 3 क्षेपंस, गिंतीगांव में 12 ग्राम प्रधान, 9 क्षेपंस व 5 वार्ड मेंबर, डोला में 2 ग्राम प्रधान, 2 क्षेपंस व 1 वार्ड मेंबर, अमगडी में 1 ग्राम प्रधान, कालाढूंगी में 17 ग्राम प्रधान, 5 क्षेपंस व 12 वार्ड मेंबर प्रत्याशी ने नामांकन पत्र खरीदें हैं। निवार्चन अधिकारी मनोज गंगवार व खंड विकास अधिकारी श्वेता सैनी ने बताया कि नामांकन स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

### पंचायत चुनाव के लिए शिकायत प्रकोष्ठ बनाया

**भीमताल :** त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन के अंतर्गत जिले में निर्वाचन संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत आदि के संबंध में भीमताल स्थित विकास भवन में पंचायत चुनाव शिकायत प्रकोष्ठ बनाया गया है। मुख्य विकास अधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) अनामिका ने बताया कि जिले का कोई भी व्यक्ति व मतदाता पंचायत निर्वाचन से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत panchyatelectioncom plaint@gmail.com पर या दूरभाष नंबर 05942-297308 पर कर सकते हैं।

# पांच परिवारों के विस्थापन की मिली अनुमति

**देहरादून, अमृत विचार :** बागेश्वर जिले में आपदा प्रभावित पांच परिवारों के विस्थापन की अनुमति मंगलवार को शासन से मिल गई है। जिलाधिकारी आशीष भटगाईं ने बताया कि बागेश्वर के तहसील काफलीगैर तहसील के ग्राम कठानी तथा ग्राम शामा के तोक लोहारकुड़ा के पांच परिवार आपदा से प्रभावित हैं। इन परिवारों का विस्थापन किया जाना है। विस्थापन के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया था। शासन से अनुमति मिल गई है। उन्होंने बैठक कर आपदा प्रभावित परिवारों के विस्थापन के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बताया कि लोहारकुड़ा के दो तथा कठानी के तीन परिवारों के विस्थापन को स्वीकृति प्रदान की गई है।

# भारी वर्षा व ओलावृष्टि से 7 करोड़ का नुकसान

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** कृषि एवं उद्यान मंत्री गणेश जोशी ने मंगलवार को कैंप कार्यालय में कृषि एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर आगामी हरेला पर्व की तैयारियों तथा बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से किसानों की फसलों को हुए नुकसान की समीक्षा की।

बैठक में मंत्री ने निर्देश दिए कि हरेला पर्व के अवसर पर राज्यभर में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाए। लगभग 15 लाख वर्षाकालीन फलदार पौधों का निःशुल्क वितरण एवं रोपण किया जाएगा। बैठक में मंत्री ने प्रदेशभर में अप्रैल 2024 से अभी तक हुई ओलावृष्टि एवं भारी वर्षा से फसलों को हुए नुकसान की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने बताया कि लगभग सात करोड़ रुपये का नुकसान दर्ज किया गया है। 33 प्रतिशत से अधिक क्षति वाले प्रभावित क्षेत्रों में 4773 हेक्टेयर कृषि भूमि में क्षति हुई है, जिसमें से 1387 हेक्टेयर सिंचित और 3386 हेक्टेयर असिंचित भूमि शामिल है। वर्ष 2023-24 के लिए खरीफ और रबी फसलों के अंतर्गत किसानों को 411 करोड़ रुपये का बीमा भुगतान किया जा चुका है। उद्यान मंत्री ने कहा कि सरकार संकट की घड़ी में उनके साथ है और भारत सरकार के मानकों के अनुरूप उन्हें जल्द ही मुआवजा प्रदान किया जाएगा। मंत्री जोशी ने रानीपोखरी क्षेत्र में प्रस्तावित फाइटोसेनीटरी लैब एवं पैक हाउस निर्माण को लेकर सभी कागजी कार्यवाहियां शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

आषाढ़ शुक्ल पक्ष सप्तमी 11:58 तक उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 2 जुलाई 2025
वर्ष 5, अंक 131, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



आर्थिक युद्ध का कृत्य था पहलगाम हमला 12

मंधाना टी-20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में तीसरे स्थान पर 11

## हिमाचल के मंत्री अनिरुद्ध सिंह के खिलाफ प्राथमिकी

शिमला, एजेंसी



- एनएचएआई अधिकारियों पर हमला करने का मामला

हिमाचल प्रदेश के मंत्री अनिरुद्ध सिंह पर एनएचएआई के दो अधिकारियों पर हमला करने के आरोप में मंगलवार को मामला दर्ज किया गया।

मंत्री के खिलाफ एनएचएआई के दो अधिकारियों पर उस स्थान का निरीक्षण करने के दौरान हमला करने का आरोप है, जहां पांच मंजिला एक इमारत ढह गई थी। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के कर्मचारी अचल जिंदल की शिकायत पर ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। अचल जिंदल फोर-लेन परियोजना के प्रबंधक हैं। जिंदल ने आरोप लगाया है कि सिंह ने उन्हें और उनके साइट इंजीनियर योगेश को एक कमरे में बुलाया और उनके साथ मारपीट की। एनएचएआई के दोनों कर्मियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में प्रतिक्रिया के लिए मंत्री से संपर्क नहीं हो सका।

## स्वस्थ और विकसित भारत से ही हम बनेंगे विश्व गुरु : मुर्मू

### राष्ट्रपति ने गोरखपुर में किया प्रदेश के पहले आयुष विवि का लोकार्पण, पारंपरिक जीवनशैली अपनाने की सलाह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि आज हर क्षेत्र में भारत का विश्व में डंका बज रहा है। स्वास्थ्य को संपदा बताते हुए इसे ठीक रखने पर जोर दिया। कहा कि भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बने, इसके लिए आज से ही हमें प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि स्वस्थ व विकसित भारत से ही हम विश्व गुरु बन सकते हैं। शिक्षा, चिकित्सा समेत अन्य क्षेत्र और संस्थान इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

राष्ट्रपति ने कहा कि देश में खेतों व जंगलों में आज भी जड़ी-बूटियों का खजाना मौजूद है। अरिष्ट व आसव औषधियों की कोई एक्सपायरी



आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण के बाद चित्र प्रदर्शनी देखतीं राष्ट्रपति मुर्मू।

डेट नहीं होती। 100 वर्ष से अधिक आयु तक सभी इंद्रियों को समर्थ बनाए रखने के लिए प्राचीन विधियां प्रमाणित करती हैं कि पारंपरिक जीवनशैली बहुत अच्छी थी। हमें उसका अनुसरण करना पड़ेगा।

राष्ट्रपति मंगलवार को गोरखपुर में 52 एकड़ में 268 करोड़ की लागत से बने देश के पहले महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण करने के बाद समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय का लोकार्पण समारोह आयुष पद्धतियों के पुनर्जागरण का महत्वपूर्ण उत्सव है। आयुष में समाहित आयुर्वेद, योग और सिद्ध पद्धतियां विश्व समुदाय को भारत की अनमोल सौगात है। भगवान धन्वंतरि, चरक, सुश्रुत के योगदान की चर्चा करते कहा कि इन पद्धतियों की वैज्ञानिक स्वीकार्यता को बढ़ाने में भी ऐसे विश्वविद्यालय का योगदान रहेगा। राष्ट्रपति ने भाषण की शुरूआत में महायोगी गुरु गोरखनाथ की पवित्र भूमि को नमन करते हुए कहा कि आदि गुरु शंकराचार्य के बाद इतना प्रभावशाली महापुरुष भारत में दोबारा नहीं हुआ। उन्होंने इस योग भूमि और नाथ पंथ के संतों-मनीषियों की विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि तपस्या, साधना और अध्यात्म की यह धरती आत्मगौरव व राष्ट्रप्रेम की आधार भूमि भी है।

### हर जिले में बनेगा आयुष वेलनेस सेंटर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश को पहले आयुष विश्वविद्यालय का उपहार देने के बाद सरकार जन आरोग्यता के लिए हर जिले में 100 बेड का आयुष हेल्थ वेलनेस सेंटर बनाएगी। यहां पंचकर्म, क्षारसूत्र जैसी महत्वपूर्ण सुविधाओं को भी उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही सरकार ने प्रदेश के उन छह मंडलों में मंडल मुख्यालय स्तर पर एक-एक आयुष महाविद्यालय बनाने का निर्णय लिया है जो अब तक ऐसे महाविद्यालय की सुविधा से वंचित थे।

## रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना को हरी झंडी, नई खेल नीति पर भी मुहर

### प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने विकास से जुड़ी कई योजनाओं को दी मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- रोजगार प्रोत्साहन योजना पर खर्च किए जाएंगे 1.07 लाख करोड़ रुपये



मोदी सरकार ने देश में रोजगार और उद्योग को बढ़ावा देने के लिए बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय कैबिनेट ने 1.07 लाख करोड़ रुपये के रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (ईएलआई) को मंगलवार को मंजूरी दे दी। यह योजना खासतौर पर निर्माण क्षेत्र पर फोकस करेगी। सरकार का मानना है कि इन योजनाओं से देश में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, निर्माण क्षेत्र को मजबूती और शोध को भी बढ़ावा मिलेगा। विश्व खेलों में भारत को शीर्ष पांच में लाने के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नई खेल नीति पर भी मुहर लगा दी है।

अनुसंधान और विकास में निजी निवेश बढाने के लिए एक लाख करोड़ रुपये की योजना को भी मंजूरी दी गई है। इनके अलावा कैबिनेट ने कई अन्य विकासपरक योजनाओं को हरी झंडी दिखाई है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (ईएलआई) का मकसद सेवानिवृत्ति निधि निकाय कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के माध्यम से अगले दो वर्ष में 3.5 करोड़ नौकरियों का सृजन करना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। इसका मकसद सभी क्षेत्रों में रोजगार सृजन, रोजगार क्षमता में वृद्धि और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ावा देना है। इसमें विनिर्माण क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य दो साल में देश में 3.5 करोड़ से अधिक नौकरियों के सृजन को प्रोत्साहन देना है। इसके अलावा यह योजना पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारियों को भी प्रोत्साहन देगी। इस योजना के तहत पहली बार नौकरी पर रखे गए कर्मचारियों को एक महीने का वेतन (15,000 रुपये तक) मिलेगा।

वहीं नियोक्ताओं को अतिरिक्त रोजगार सृजन के लिए दो साल की अवधि के लिए प्रोत्साहन दिया जाएगा। साथ ही विनिर्माण क्षेत्र के लिए लाभ को और दो साल के लिए बढ़ा दिया जाएगा। ईएलआई योजना की घोषणा केंद्रीय बजट 2024-25 में 4.1 करोड़ युवाओं के लिए रोजगार, कौशल एवं अन्य अवसरों की सुविधा के लिए पांच योजनाओं के पैकेज के हिस्से के रूप में की गई थी। इसका कुल बजट परिव्यय दो लाख करोड़ रुपये था। इस योजना का लाभ एक अगस्त 2025 से 31 जुलाई 2027 के बीच सृजित नौकरियों पर लागू होगा।

### भारत को शीर्ष पांच खेल देशों में शामिल करने की दिशा में पहल

**नई दिल्ली।** विश्व खेलों में भारत को शीर्ष पांच में लाने के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को खेलो भारत नीति को मंजूरी दी जिसका उद्देश्य देश को 2036 ओलंपिक के लिए मजबूत दावेदार बनाने के लिए एक मजबूत प्रशासनिक ढांचे के साथ-साथ कोचिंग और खिलाड़ियों के समर्थन के मामले में 'विश्व स्तरीय प्रणाली' तैयार करना है। पहले इसे राष्ट्रीय खेल नीति कहा जाता था और 1984 में पहली बार पेश किया गया था। खेलो भारत नीति 2025 अब 2001 की नीति का स्थान लेगी। यह देश के खेल पारिस्थितिकी तंत्र की बेहतरी के लिए योजनाओं को तैयार करने के लिए एक 'मार्गदर्शक दस्तावेज' है।

### अनुसंधान, विकास में निजी निवेश बढ़ाने की योजना को स्वीकृति

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अनुसंधान में निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ावा देने के लिए एक लाख करोड़ रुपये की निधि के साथ अनुसंधान, विकास और नवाचार (आरडीआई) योजना को भी मंजूरी दे दी। इस योजना का उद्देश्य उभरते क्षेत्रों तथा आर्थिक सुरक्षा, रणनीतिक उद्देश्य व आत्मनिर्भरता के लिए प्रासंगिक अन्य क्षेत्रों में अनुसंधान, विकास और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए निजी क्षेत्र को प्रोत्साहित करना है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य अनुसंधान, विकास और नवाचार में निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ावा देने के लिए कम या शून्य ब्याज दरों पर लंबी अवधि के लिए दीर्घकालिक वित्तपोषण देना है।

## जीएसटी ऐतिहासिक सुधार, आर्थिक परिदृश्य को दिया नया आकार : मोदी

### जीएसटी लागू होने के आठ साल पूरे होने पर बोले प्रधानमंत्री

- कहा-छोटे और मझोले उद्यमों के लिए कारोबार को सुगम बनाया

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था एक ऐतिहासिक सुधार है जिसने भारत के आर्थिक परिदृश्य को नया आकार दिया है। उन्होंने जीएसटी लागू होने के आठ साल पूरे होने के मौके पर 'एक्स' पर लिखा कि अनुपालन बोझ को कम करके, इसने खासकर छोटे और मझोले उद्यमों के लिए कारोबार को सुगम बनाया है। जीएसटी ने आर्थिक वृद्धि के लिए एक शक्तिशाली इंजन के रूप में काम करने के साथ भारत के बाजार को एकीकृत करने की इस यात्रा में राज्यों को समान भागीदार बनाकर सही मायने में सहकारी संघवाद को बढ़ावा दिया है।

सरकार ने कहा कि 17 करों और 13 उपकरों को शामिल कर एक जुलाई, 2017 से लागू जीएसटी ने अनुपालन को सरल और कर प्रणालियों को डिजिटल बनाकर एक निर्बाध राष्ट्रीय बाजार बनाने में मदद की है। साथ ही इसने करदाता आधार का भी विस्तार किया है और सहकारी संघवाद को मजबूत किया है। संचालन के पहले वर्ष (नौ महीने) में सकल जीएसटी संग्रह 7.40 लाख करोड़ रुपये था। पिछले कुछ वर्षों में इसमें तेजी से वृद्धि हुई है।

वित्त वर्ष 2024-25 में सकल जीएसटी संग्रह रिकॉर्ड 22.08 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो सालाना आधार पर 9.4 प्रतिशत की वृद्धि है। यह वृद्धि अर्थव्यवस्था के संगठित होने और बेहतर कर अनुपालन को बताती है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि माल एवं सेवा कर के लागू होने के बाद से सालाना जीएसटी राजस्व लगभग तीन गुना हो गया है। यह वित्त वर्ष 2017-18 के सात लाख करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 22 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया।

### सकल जीएसटी संग्रह जून में 1.84 करोड़ रुपये पर

**नई दिल्ली।** सकल वस्तु एवं सेवा कर संग्रह जून में 6.2 प्रतिशत बढ़कर 1.84 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। एक साल पहले इसी महीने में यह 1,73,813 करोड़ रुपये था। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह पिछले महीने 2.01 लाख करोड़ रुपये रहा। इस वर्ष अप्रैल में जीएसटी संग्रह 2.37 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया था। घरेलू लेनदेन से सकल राजस्व जून में 4.6 प्रतिशत बढ़कर करीब 1.38 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि आयात से जीएसटी राजस्व 11.4 प्रतिशत बढ़कर 45,690 करोड़ रुपये रहा। सकल केंद्रीय जीएसटी राजस्व जून में 34,558 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी राजस्व 43,268 करोड़ रुपये और एकीकृत जीएसटी राजस्व करीब 93,280 लाख करोड़ रुपये रहा।

## सुप्रीम कोर्ट कर्मचारियों के लिए आरक्षण नीति

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पहली बार अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों के अपने कर्मचारियों की सीधी नियुक्ति और पदोन्नति के लिए एक औपचारिक आरक्षण नीति पेश की है। इस निर्णय की सूचना 24 जून को जारी एक परिपत्र में उच्चतम न्यायालय के सभी कर्मचारियों को दी गई। परिपत्र कहा गया है कि मॉडल आरक्षण रोस्टर और रजिस्टर को सुपनेट पर अपलोड कर दिया गया है तथा इसे 23 जून से प्रभावी कर दिया गया है। प्रभावी मॉडल रोस्टर के अनुसार, एससी श्रेणी कर्मचारियों को पदोन्नति में 15 प्रतिशत और एसटी को 7.5 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा।

## कांवड़ यात्रा मार्ग पर फूड लाइसेंस प्रमुखता से प्रदर्शित करना अनिवार्य

- बिना लाइसेंस खाद्य सामग्री बेची तो कार्रवाई, दो लाख तक जुर्माना

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** श्रद्धा और आस्था के महापर्व कांवड़ यात्रा को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने सख्त कार्ययोजना तैयार की है, जिसके तहत लाखों श्रद्धालुओं को शुद्ध और सुरक्षित भोजन उपलब्ध कराने के लिए व्यापक निगरानी अभियान चलाया जाएगा।

स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने मंगलवार को बताया कि, यात्रा मार्गों पर मौजूद सभी होटल, ढाबा, ठेली, फड़ संचालकों व अन्य खाद्य कारोबारियों को जरूरी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा। हर खाद्य कारोबारी को अपने लाइसेंस या पंजीकरण प्रमाणपत्र की एक साफ-सुथरी प्रति अपने प्रतिष्ठान में प्रमुख जगह पर लगानी होगी, ताकि उपभोक्ता उसे आसानी से देख सकें। छोटे व्यापारियों व ठेले-फड़ वालों को भी अपना पंजीकरण प्रमाण पत्र अपने पास रखना और प्रदर्शित करना जरूरी होगा। होटल, भोजनालय, ढाबा और रेस्टोरेंट में फूड सेफ्टी डिस्प्ले बोर्ड भी साफ दिखाई देने वाले स्थान पर लगाना होगा। निर्देश न मानने वाले कारोबारियों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई होगी जिसमें 2 लाख रुपये तक का जुर्माना लग सकता है।

### शिकायत दर्ज कराने को टोल फ्री नंबर जारी

अपर आयुक्त खाद्य संरक्षा ताजबर सिंह जग्गी के अनुसार, सरकार द्वारा जारी टोल फ्री नंबर 18001804246 पर कोई भी व्यक्ति खाद्य सामग्री की गुणवत्ता को लेकर शिकायत दर्ज करा सकता है। शिकायत पर प्रशासनिक टीमें तुरंत मौके पर जाकर कार्रवाई करेंगी। हर जिले से रोजाना कार्रवाई की रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। वरिष्ठ अधिकारियों को निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## दिल्ली में पुराने वाहनों को पेट्रोल-डीजल देने पर रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मंगलवार को कड़ी सुरक्षा के बीच पुरानी गाड़ियों को पेट्रोल-डीजल देने पर प्रतिबंध की शुरुआत हुई। दिल्ली सरकार ने ऐसे वाहनों का पता लगाने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में करीब 350 पेट्रोल पंपों पर नंबर प्लेट रीडर कैमरे लगाए हैं।

- पेट्रोल पंपों पर रीडर कैमरे लगाए गए, तैनात किए गए जांच दल

परिवहन विभाग ने अपने संगठन, दिल्ली पुलिस, यातायात पुलिस और दिल्ली नगर निगम के कर्मियों को शामिल करते हुए एक विस्तृत तैनाती योजना तैयार की है। परिवहन विभाग, यातायात पुलिस और स्थानीय पुलिस की कई टीमों को दक्षिण दिल्ली के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर तैनात किया गया है। यह अभियान मंगलवार सुबह 6 बजे से शुरू हुआ, जिसमें 15 साल से अधिक पुराने पेट्रोल चालित वाहनों और 10 साल से अधिक पुराने डीजल वाहनों को ईंधन की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया है।

## रेल यात्रियों को अब एक ही जगह मिलेंगी सभी सुविधाएं

नई दिल्ली, एजेंसी



- रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने लॉन्च किया मोबाइल एप रेलवन

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को रेलवन मोबाइल एप्लीकेशन की शुरुआत की जिससे यात्रियों को टिकट बुकिंग, ट्रेन और पीएनआर पूछताछ, यात्रा योजना बनाने, रेल सहायता सेवाएं और भोजन बुकिंग जैसी कई सेवाओं तक आसान पहुंच में मदद मिलेगी। वैष्णव ने रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र (सीआरआईएस) के 40वें स्थापना दिवस समारोह में इस एप की शुरुआत की। यह एप एंड्रॉइड प्ले स्टोर और आईओएस एप स्टोर, दोनों प्लेटफार्म पर उपलब्ध है।

एप के मूल उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए मंत्रालय ने कहा कि यह उपयोगकर्ताओं को सरल और स्पष्ट यूजर इंटरफेस के माध्यम से बेहतर अनुभव प्रदान करेगा। इसमें न केवल सभी सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हैं, बल्कि सेवाओं के बीच एकीकृत कनेक्टिविटी भी है, जिससे उपयोगकर्ता को भारतीय रेलवे सेवाओं का समग्र पैकेज मिलता है। एप सिंगल साइन-ऑन है, जिससे उपयोगकर्ताओं को कई पासवर्ड याद रखने की आवश्यकता नहीं रहती। रेलवन एप डाउनलोड करने के बाद, कोई भी व्यक्ति रेल कनेक्ट की मौजूदा आईडी से लॉग इन कर सकता है। इससे अलग-अलग सेवाओं के लिए अलग-अलग एप रखने की आवश्यकता नहीं रहती।

## वन गुर्जरों को खेती करने की अनुमति

विधि संवाददाता, नैनीताल

### हाईकोर्ट का फैसला

- तराई के लगभग एक हजार परिवारों को फैसले से राहत



**अमृत विचार :** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने मंगलवार को वन गुर्जरों के मामले में सुनवाई करते हुए अपने महत्वपूर्ण निर्णय में वन गुर्जरों को खेती करने की अनुमति दे दी है। उच्च न्यायालय के इस आदेश से तराई के लगभग 1000 वन गुर्जर परिवार लाभान्वित हो सकेंगे।

मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र एवं न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ में तराई पूर्वी, तराई पश्चिमी और तराई केन्द्रीय वन प्रभाग में निवास कर रहे वन गुर्जर अली जान, गुलाम रसूल, मो. यूसुफ और गुलाम रसूल की ओर से दायर चार अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई हुई। याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि वह कई वर्षों से रंगशाली और डोली रेंज में निवास कर रहे हैं तथा वन विभाग अतिक्रमण के नाम पर उन्हें खेती करने से रोक रहा है। उनकी खेती वाली भूमि पर पौधरोपण कर खेती करने से रोका जा रहा है। यह उनके मौलिक अधिकारों का हनन है। यह भी कहा गया कि वन विभाग के अधिकारी बिना नोटिस जारी किए यह सब कार्रवाई कर रहे हैं। अभी तक उनके दावों की सुनवाई नहीं की जा रही है जबकि उन्होंने ग्राम सभा कमेटी को अपने दावों के संबंध में प्रत्यावेदन सौंपा है।

दूसरी ओर सरकार की ओर से आरोप को गलत बताते हुए कहा गया कि वन गुर्जरों की ओर से अतिक्रमण किया जा रहा है। याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता अर्जुन कसाना की ओर से बताया गया कि अंत में खंडपीठ ने वन गुर्जरों को खेती करने की अनुमति दे दी। साथ ही निर्देश दिए कि वन गुर्जर खेती वाली भूमि का व्यावसायिक उपयोग नहीं कर सकेंगे। अदालत ने इसी के साथ ही सभी याचिकाओं को निस्तारित कर दिया।

## वाणिज्यिक एलपीजी कीमतें 58.5 रुपये घटीं

**नई दिल्ली।** विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमत में मंगलवार को 7.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई जबकि वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में इस्तेमाल होने वाले गैस सिलेंडर की कीमत में 58.50 रुपये प्रति सिलेंडर की कटौती की गई है। तेल कंपनियों ने 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 58.5 रुपये की कटौती की है। अब दिल्ली में वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत प्रति सिलेंडर 1,665 रुपये और मुंबई में 1,616.50 रुपये होगी। घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 853 रुपये प्रति 14.2 किलोग्राम ही रही। अप्रैल में घरेलू रसोई गैस की कीमत में 50 रुपये की बढ़ोतरी की गई थी।

## जलस्रोतों के पुनर्जीवन को बनाएं प्रभावी योजना

### मुख्यमंत्री धामी ने उत्तराखंड कैंपा शासी निकाय की बैठक में दिए निर्देश

मुख्य संवाददाता, देहरादून



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कैंपा फंड का उपयोग राज्य में वनों के सतत प्रबंधन, वानिकी विकास, पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने तथा वनों पर आश्रित समुदायों के कल्याण के लिए किया जाए। उन्होंने कहा कि देहरादून शहर में ग्रीन कवर बढ़ाने हेतु कैम्पा फंड इस्तेमाल किए जाने के लिए केंद्र सरकार के स्तर से भी अनुमति प्राप्त करने की कार्यवाई की जाए।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंगलवार को सचिवालय में उत्तराखंड कैंपा (क्षतिपूर्ति वनीकरण निधि प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण) शासी निकाय की बैठक हुई। बैठक में कैंपा निधि के अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में जलस्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए प्रभावी योजना तैयार करें। वन क्षेत्रों में जलस्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवीकरण को शीर्ष प्राथमिकता में रखा जाए। इसके लिए वन विभाग के साथ पेयजल, जलागम, ग्राम्य विकास और कृषि विभाग संयुक्त रूप से कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने वनाग्नि रोकथाम के लिए आधुनिक तकनीक और सामुदायिक भागीदारी के जरिए व्यापक रणनीति बनाने के निर्देश दिए।

### एक पेड़ मां के नाम लगाने को प्रेरित करें

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हरेला पर्व पर प्रदेश में व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया जाए। इसमें फलदार, औषधीय गुणों से युक्त पौधे अधिक लगाए जाएं। पौधरोपण के लिए जन सहभागिता सुनिश्चित करें और लोगों को एक पेड़ मां के नाम लगाने के लिए प्रेरित किया जाए। मुख्यमंत्री ने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि गौरा देवी की जन्म शताब्दी पर वन विभाग द्वारा सभी डिविजन में फलदार पौधे लगाए जाएं। बैठक में वन मंत्री सुबोध उनियाल मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव वन आरके सुधांशु, प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, प्रमुख वन संरक्षक समीर सिन्हा, सचिव राधिका झा, चन्द्रेश कुमार, एसएन पांडेय, श्रीधर बाबू अदांकी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



तहसीलदार को ज्ञापन देते करणी सेना के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### धार्मिक कार्यों के उपयोग में लाया जाए सामुदायिक भवन

**रामनगर :** करणी सेना ने नगर पालिका स्थित सामुदायिक भवन को विवाह व अन्य धार्मिक कार्यों के लिए उपयोग में लाए जाने की मांग की है। उपजिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को दिया गया। ज्ञापन में कहा गया कि पूर्व में नगरपालिका में बने सामुदायिक भवन में वैवाहिक व धार्मिक कार्यक्रम व सामाजिक कार्यक्रम किए जाते थे। उस समय पूरे रामनगर के वासियों व ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को यह भवन कम शुल्क में सेवा उपलब्ध होता था। इससे निर्धन लोगों के कार्यक्रम 1000 से 1200 रुपए में होते थे। वर्तमान में उक्त सामुदायिक भवन बदहाल स्थिति में है। पालिका ने सामुदायिक भवन को कूड़ाघर बनाकर रख दिया है। करणी सेना ने सामुदायिक भवन को सर्वसमाज के हित में उपयोग में लाए जाने की मांग की है। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष भुवा शांति, सूरज चौधरी, हरीश प्रकाश, कपिल नेगी, कल्पना व अमित जोशी आदि शामिल रहे।

### छह को निकलेगा जुलूस

**नैनीताल :** मोहर्रम का चांद दिखने के बाद तल्लीताल के शिया समुदाय में मजलिसों का दौर शुरू हो चुका है। मुरादाबाद सिरसी से आए मौलाना सैय्यद सादाब मेंहदी की ओर से मजलिसों को खिताब किया जा रहा है। सदर फरमान अली खान ने बताया कि मजलिसों का सिलसिला 27 जून से चल रहा है और 6 जुलाई को संपन्न होगा। इसी दिन हरीनगर से मातमी जुलूस मोटापानी तल्लीताल तक निकाला जाएगा।

### परीक्षा परिणाम घोषित

**नैनीताल :** कुमाऊं विवि ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत संचालित स्नातक पाठ्यक्रमों के अंतिम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम घोषित किए हैं। कुलपति प्रो. दिवान रावत के नेतृत्व में विवि ने न केवल समय पर परीक्षाएं आयोजित कीं, बल्कि कम समय में मूल्यांकन कार्य पूर्ण कर समय से पहले परिणाम उपलब्ध कराए। दावा है कि विवि प्रदेश का पहला विवि बन गया है, जिसने अंतिम सेमेस्टर के परिणाम जारी किए हैं।

### एप्रोच सड़क के लिए आपदा प्रबंधन सचिव को दिया ज्ञापन



सचिव आपदा प्रबंधन को ज्ञापन देते मंडल अध्यक्ष पान सिंह मेवाड़ी।

**चोरगलिया :** गोलापार चोरगलिया मंडल अध्यक्ष पान सिंह मेवाड़ी ने देहरादून में सचिव आपदा प्रबंधन विनोद कुमार सुमन से से मुलाकात कर गौलापार व चोरगलिया रोड़ पर क्षतिग्रस्त रेलवे क्रासिंग से गौलापुल एप्रोच सड़क निर्माण के लिए 1 करोड़ 91 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृति व बाढ़ सुरक्षा को लेकर महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा। सचिव आपदा प्रबंधन ने गौलापुल एप्रोच रोड के लिए लोनिवि को धनराशि स्वीकृति प्रदान कर जीओ जारी करने का आश्वासन दिया।



हल्दूचौड़ में बैठक में मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### पंचायत चुनाव को लेकर किया मंथन

**हल्दूचौड़ :** पंचायत चुनावों को लेकर विधानसभा प्रभारी ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हल्दूचौड़ की बैठक संपन्न हुई। इसमें पंचायत चुनाव को लेकर विस्तार से मंथन किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष कैलाश चंद्र दुम्का की अध्यक्षता में हुई बैठक में विधानसभा प्रभारी नारायण सिंह बिष्ट ने कहा कि प्रदेश में पंचायतों को लेकर पार्टी गंभीर है। पूरे प्रदेश में पंचायतों में कांग्रेस अपने प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य व जिला पंचायत सदस्यों के उम्मीदवार पार्टी समर्पित कार्यकर्ताओं को चुनाव में उतारने पर विचार कर रही है। जिला पंचायत सदस्य पद पर पार्टी कार्यकर्ताओं की राय लेकर अंतिम निर्णय लेगी। प्रभारी ने सभी से कांग्रेस समर्पित उमीदवार को समर्थन देने का आह्वान किया। पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल व जिला अध्यक्ष राहुल छिमवाल ने सभी लोग एकजुटता के साथ चुनाव में उतरें। बैठक में अनुशासन समिति जिला अध्यक्ष उमेश चंद्र कबड़वाल, ब्लॉक प्रभारी दीप पाठक, खजान पांडे, राजेंद्र खनवाल, बालम बिष्ट, राजेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

### एसबीआई के स्थापना दिवस पर किया पौधरोपण

**लालकुआं :** भारतीय स्टेट बैंक के 70वें स्थापना दिवस के अवसर पर नगर में कई स्थानों पर सैकड़ों फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। बैंक पदाधिकारियों ने नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह लोटनी एवं अधिशासी अधिकारी राहुल कुमार सिंह के सहयोग से वार्ड नंबर एक स्थित 100 आवासीय कक्ष, एनडी तिवारी बारात घर, नगर पंचायत कार्यालय परिसर के अलावा वन कर्मियों के सहयोग से तराई पूर्वी वन प्रभाग के अंतर्गत कई क्षेत्रों में पौधरोपण किया। इस अवसर पर बैंक के उपमहाप्रबंधक राजीव रंजन, क्षेत्रीय प्रबंधक दिव्या त्रिपाठी आदि मौजूद थे।

### वाहन से लकड़ी के अतिरिक्त नग बरामद

**रामनगर :** तराई पश्चिम वन प्रभाग की संयुक्त टीम ने बैलपड़ाव में लकड़ी से लदे वाहन को पकड़ा है। तराई पश्चिम वन प्रभाग के डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्य ने बताया कि वन निगम के चांदनी डिपो से वाहन में अतिरिक्त प्रकाष्ठ काशीपुर जा रहा था। एक वाहन की जांच की गई, लेकिन हाइड्रा उपलब्ध न होने के कारण वाहन को बैलपड़ाव चेक पोस्ट पर खड़ा कराा गया। मंगलवार सुबह हाइड्रा बुलवाकर टीम ने वाहन में लदी लकड़ी को उतारकर नगों की गिनती की। 180 नगों के सापेक्ष 44 नग साल के अतिरिक्त मिले। इसके अलावा रवन्ने में दर्ज व मौके पर बरामद नगों में भिन्नता मिली।

# नदियों के चैनेलाइजेशन में सरकार से जवाब तलब

## मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने शिकायतकर्ता से मांगे प्रकरण से जुड़े दस्तावेज, दो सप्ताह में सरकार से जवाब पेश करने को कहा

**हाईकोर्ट की खबरें**

विधि संवाददाता, नैनीताल

**1** **अमृत विचारः** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र एवं न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ ने हल्द्वानी के नन्धौर नदी सहित प्रदेश की अन्य नदियों के चैनेलाइजेशन और बाढ़ राहत के कार्य कोर्ट के आदेश होने के बावजूद भी नहीं करने के मामले के स्वतः संज्ञान लिए जाने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई की।

खंडपीठ ने राज्य सरकार से दो सप्ताह के भीतर जवाब पेश करने को कहा है। साथ ही, शिकायतकर्ता भुवन पोखरिया से कहा है कि उनके पास इस प्रकरण से जुड़े जितने भी दस्तावेज हैं, उन्हें कोर्ट को उपलब्ध कराएं। अब मामले की अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद होगी। पूर्व में कोर्ट ने जनहित याचिकाओं को निस्तारित करते हुए कहा था कि राज्य सरकार नदियों का चैनेलाइजेशन करे। उनमें जमा मलबा सरकारी मशीनरी के आधार पर हटाए लेकिन उस आदेश का अभी तक अनुपालन नहीं हुआ। कोर्ट ने यह भी कहा था कि अगर आदेश का अनुपालन नहीं होता है तो वे फिर से न्यायालय की शरण में आ सकते हैं। आदेश हुए एक वर्ष से अधिक का समय बीत चुका है परन्तु कोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं हुआ। बीते सप्ताह पोखरिया ने न्यायालय के सम्मुख यह प्रकरण रखा जिस पर न्यायालय ने उनकी प्रार्थना को स्वीकार करते हुए इस पर स्वतः संज्ञान लिया और उनसे कहा कि वे इस प्रकरण से जुड़े सभी दस्तावेज न्यायालय में पेश करें।



### अंतिम निर्णय तक नहीं हटाया जाए

**2** **नैनीताल :** उत्तराखंड हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी की एकलपीठ ने महाविद्यालयों में वर्षों से कार्यरत प्रयोगशाला सहायक कर्मचारियों के मामले पर सुनवाई करते हुए सरकार से कहा है कि जब तक कुंदन सिंह व अन्य बनाम राज्य सरकार, के मामले में पारित आदेश पर राज्य सरकार कोई अंतिम निर्णय नहीं ले लेती, तब तब उन्हें नही हटाया जाए। मामले के अनुसार, कैलाश कार्की व अन्य द्वारा याचिका में कहा गया कि वे प्रयोगशाला सहायक पद पर वर्षों से कार्यरत हैं। यह सेवा देते उन्हें 10-15 साल हो चुके हैं जबकि वे आउटसोर्स उपनल के माध्यम से लगे कर्मचारी हैं। वर्तमान में राज्य सरकार इन पदों में लोक सेवा आयोग के माध्यम से विज्ञप्ति जारी कर भरना चाह रही है इसलिए उन्हें प्राथमिकता देकर नियमित किया जाए।

### सरकार स्थिति से अवगत कराए

**3** **नैनीताल :** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने हरिद्वार जिले के सलीमपुर में ग्राम सभा की भूमि पर कुछ लोगों के द्वारा अवैध कब्जा करने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से इसकी जांच कराकर अगली तिथि तक स्थिति से अवगत कराने को कहा है। मामले के अनुसार जिला हरिद्वार के सलीमपुर निवासी रोबिन कुमार ने जनहित याचिका दायर कर कहा कि ग्राम सभा की भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया हुआ है। इस भूमि पर खेल का मैदान, जोहड़ व खत्ते स्थित हैं जो कि सार्वजनिक भूमि है। जब से इन पर अतिक्रमण हुआ है, तब से अतिक्रमणकारी उन्हें इसे सार्वजनिक कार्यो के लिए उपयोग नहीं करने दे रहे हैं। न ही खेल मैदान में बच्चों को खेलने दे रहे हैं। इस सम्बंध में ग्रामवासियो ने तहसीलदार व जिला अधिकारी से भी शिकायत की परन्तु उनकी शिकायत पर कोई निर्णय नहीं लिया गया। याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की गई है कि ग्राम सभा की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए।

## एसएसपी और दोनों आईओ कोर्ट में पेश हों

विधि संवाददाता, नैनीताल

**4** **अमृत विचारः** हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की पीठ ने रुड़की के थाना मंगलौर में दो पक्षों के बीच जमीनी विवाद में एक व्यक्ति की मौत के मामले में आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए अगली सुनवाई हेतु 2 जुलाई की तिथि नियत की है। आज बुधवार को एसएसपी हरिद्वार सहित मामले की जांच कर रहे दोनों जांच अधिकारियों (आईओ) को कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश होने को कहा गया है।

मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान दोनों आईओ कोर्ट में वीसी के माध्यम से पेश हुए। एक आईओ ने कहा कि उन्होंने सबूतों के आधार पर चार्जशीट दायर की है जबकि दूसरे ने कहा कि उनके द्वारा अंतिम रिपोर्ट लगा दी गई है। इस पर हाईकोर्ट ने सवाल किया कि जब मामला एक ही अपराध से जुड़ा हुआ था तो इसमे दो जांच अधिकारी कैसे नियुक्त हुए? दूसरा-घटना के दौरान एक व्यक्ति की मौत व अन्य लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए थे तब आपने मुकदमा दर्ज क्यों नहीं किया? क्यों मजिस्ट्रेट के आदेश पर मुकदमा दर्ज हुआ? घटना होने के दौरान लोगों के सिर में गम्भीर चोटें आईं, वे सब अस्पताल में भर्ती हुए तो जानलेवा हमले की धारा के तहत मुकदमा दर्ज नहीं किया? एक पक्ष की रिपोर्ट दर्ज की, दूसरे की क्यों नहीं?

हालांकि दोनों पक्षों की तरफ से क्रॉस एफआईआर दर्ज हुई थी। इसकी जांच करने के लिए दो अधिकारियों की नियुक्ति करने की क्या जरूरत पड़ी? इसलिए दोनों आईओ सहित एसएसपी हरिद्वार से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

## 14वें न्यायाधीश ने सुनवाई से खुद को अलग किया

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** एक मजिस्ट्रेट अदालत ने भारतीय वन सेवा के अधिकारी संजीव चतुर्वेदी द्वारा केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट) के न्यायाधीश मनीष गर्ग के खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि के मामले की सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा कुशवाहा ने संजीव चतुर्वेदी के उस मामले की सुनवाई से स्वयं को अलग कर लिया, जिसमें उन्होंने (चतुर्वेदी ने) न्यायाधीश गर्ग पर 2023 में खुले न्यायालय की कार्यवाही के दौरान उनके खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करने का आरोप लगाया है। कुशवाहा के साथ ही संजीव चतुर्वेदी से जुड़े मामलों से खुद को अलग करने वाले न्यायाधीशों की कुल संख्या अब 14 हो गई है। नयी दिल्ली स्थित केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) की प्रधान पीठ के सदस्य (न्यायिक) डीएस माहरा द्वारा संजीव चतुर्वेदी के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेते हुए की गई अवमानना याचिका की कार्यवाही का हवाला देते हुए, कुशवाहा ने माहरा से पारिवारिक संबंध होने को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, ऐसी स्थिति में, अधोहस्ताक्षरी के लिए वर्तमान मामले की सुनवाई करना विधिक रूप से उचित नहीं होगा। इसी के साथ उन्होंने इस मामले को अपनी अदालत से स्थानांतरित करने का अनुरोध किया।

## खिलाड़ियों का बढ़ाया मनोबल

**कालाढूंगी, अमृत विचार :** खेल विभाग हल्द्वानी की ओर से खेल मैदान में संचालित प्रशिक्षण शिविर में नगर पालिका अध्यक्षा रेखा कत्यूरा ने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह हमें स्वस्थ रखने के साथ ही मानसिक, शारीरिक एवं सामाजिक विकास का माध्यम भी है।

कत्यूरा ने मैदान के चेंजिंग रूम में वाटर फिल्टर लगाने की घोषणा की। कोच राजेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि बताया कि आरुष पांडे का क्रिकेट में स्पोर्ट्स हॉस्टल टिहरी गढ़वाल के लिए चयन हुआ है। इस दौरान कोच मनमोहन बसेडा, स्पोर्ट समिति सचिव गोविंद पांडे, कमलेश रावत, अर्जुन कारायत, संतोष मेहरा, दिव्यांशु टम्टा व दिनेश भंडारी मौजूद रहे।

## थाली लेकर गरजीं महिलाएं

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** महिला एकता मंच ने मंगलवार को विधायक कार्यालय के बाहर विभिन्न मांगों को लेकर कनस्तर और थाली बजाकर धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के समय विधायक अपने कार्यालय में नहीं थे।

महिला एकता मंच ने कहा कि मालधन सरकारी अस्पताल से डॉक्टर प्रशांत कौशिक व रचना कौशिक के ट्रांसफर को रोकने और वहां पर मानकों के अनुसार चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने, गोपाल नगर व पाटकोट में खोली गई शराब की दुकान बंद करने का लिखित आश्वासन दिया जाना चाहिए। अवैध व कच्ची शराब रोकने के लिए विशेष टीम का गठन होना चाहिए। प्रशासन द्वारा रोकने की कोशिशों को नाकाम करते हुए बड़ी संख्या में महिलाओं ने हल्ला बोल कार्यक्रम में हिस्सेदारी की और विधायक दीवान सिंह कार्यालय के समक्ष मांगें नहीं माने जाने पर मालधन बाजार बंद कराने की चेतावनी दी।

वक्ताओं ने कहा कि राज्य निर्माण आंदोलन और देश की आजादी के आंदोलन में महिलाओं की अग्रणी भूमिका रही है। जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और समाज को नशे से बचाने के लिए हम कोई भी कुर्बानी देने के लिए तैयार हैं। बताया कि आंदोलन की अगली रणनीति की घोषणा छह जुलाई को की जाएगी। सरस्वती जोशी के संचालन हुई सभा में ललित रावत, पुष्पा, भगवती आर्य, देवी आर्य, विनीता टम्टा, प्रभात ध्यानी, राज्य आंदोलनकारी पान सिंह, किसान संघर्ष समिति के संयोजक ललित उप्रेती, समाजवादी लोकमंच के संयोजक मुनीष कुमार आदि मौजूद रहे।




विधायक कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

## हादसे में युवक की मौत, भाई घायल

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचारः** रामनगर-कालाढूंगी हाईवे पर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार भाइयों को टक्कर मार दी। हादसे में छोटे भाई की मौत हो गई, जबकि बड़ा भाई मामूली रूप घायल हो गया। मंगलवार को 22 वर्षीय वीरपाल पुत्र राम सिंह निवासी भगवनपुर जसपुर अपने बड़े भाई अंकुश के साथ बाइक से हल्द्वानी से घर लौट रहे था। कालाढूंगी-रामनगर हाईवे पर गैबुआ बैलपड़ाव में उनकी बाइक में अज्ञात वाहन ने सामने से टक्कर मार दी। हादसे में वीरपाल की मौत हो गई। अंकुश को मामूली चोटें आईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दोनों भाई मजदूरी कर घर चलाते थे। चौकी इंचार्ज कृष्ण गिरी ने बताया कि अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।



दुर्घटना के बाद जानकारी हासिल करती पुलिस। ● अमृत विचार

### जंगल में पलटी मिली कार, जांच में जुटी पुलिस

**रामनगर :** कोसी बैराज के समीप जंगल से एक कार बरामद हुई है। हालांकि कार सवारों का पता नहीं लग पाया है। पुलिस कार सवारों का पता करने में जुटी है। मंगलवार की सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों को कोसी बैराज हल्द्वानी रोड के पास एक कार जंगल में पलटी दिखी। सूचना पर पहुंची पुलिस को कार सवार नहीं मिले। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि कार किसकी है, इसका पता लगाया जा रहा है। बताया कि कार पलटने से अगला शीशा व साइट के शीशे टूट गए हैं। जहां पर कार पलटी है, वहां पर वन्यजीवों की आवाजाही रहती है।

## परीक्षा शुल्क और आवेदन की अंतिम तिथि घोषित

**रामनगर, अमृत विचार :** उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर ने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2026 के लिए परीक्षा शुल्क व आवेदन जमा करने के लिए अंतिम तिथि घोषित कर दी है। हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट संस्थागत परीक्षार्थीयों के परीक्षा आवेदन निर्धारित शुल्क के साथ 31 जुलाई तक व प्राइवेट के 14 अगस्त तक अग्रसारित किए जाने की अंतिम तिथि है।

परिषद के सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी ने बताया कि जो परीक्षार्थी 2025 की प्रथम सुधार परीक्षा में भाग ले रहे हैं, उनका परीक्षा शुल्क नहीं लिया जाना है। परीक्षा सुधार का परीक्षाफल घोषित हो जाने के उपरांत उन्हें शुल्क जमा व आवेदन के लिए अलग से अवसर प्रदान किया जाएगा।

## महिला ने आत्महत्या का प्रयास किया

संवाददाता, नैनीताल

- महिला को उपचार के लिए बीडी पांडे अस्पताल में कराया गया भर्ती
- पति से चल रहा है विवाद, पुलिस मामले की जांच में जुटी

**अमृत विचार :** पति से लंबे समय से चल रहे विवाद के चलते एक महिला ने आत्महत्या का प्रयास करते हुए अपने दोनों हाथों की नसें काट लीं। गंभीर हालत में उसे बीडी पांडे अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है। घटना मल्लीताल क्षेत्र के आर्माडेल कंपाउंड की है। पुलिस के अनुसार, एक महिला का अपने पति से तलाक और बच्चे की सुपुर्दगी को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है।

वर्तमान में दोनों एक ही फ्लैट में रह रहे हैं। मंगलवार करीब तीन बजे महिला ने ब्लेड से अपने दोनों हाथों की नसें काट लीं। पति ने पत्नी की गंभीर स्थिति देखकर पुलिस को सूचना दी और उसे अस्पताल पहुंचाया। उसके दोनों हाथों में 12 टांके लगे हैं। महिला ने पति पर ही उस पर हमला करने का आरोप लगाया है।

मामले की जांच कर रही एसआई आशा बिष्ट ने बताया कि पति-पत्नी के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है और दोनों की कई बार काउंसलिंग भी की जा चुकी है। फिलहाल महिला का उपचार जारी है और उसके मायके पक्ष को सूचना दे दी गई है। पुलिस ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई कार्रवाई की जाएगी।

**राहत** 22 से 24 मई के बीच हुई गणना के सामने आए आंकड़ें, 153 व्यस्क व 36 बच्चे मिले

## पाड़ा की संख्या बढ़ी, कॉर्बेट प्रशासन उत्साहित

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** पाड़ा (हॉग डियर) की बढ़ोत्तरी से कॉर्बेट प्रशासन उत्साहित है। इनकी संख्या में मामूली बढ़ोत्तरी हुई है, लेकिन फिर भी सीटीआर के लिए यह राहत भरी खबर है।

कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में पाड़ा की हालिया गणना के आंकड़ें सामने आ चुके हैं। इस बार हॉग डियर की संख्या बढ़कर 189 पहुंच गई है। बीते सर्वेक्षण में यह संख्या 179 थी। 153 वयस्क एवं 36 बच्चे पाए गए हैं। मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक उत्तराखंड के निर्देशों पर यह गणना कार्य कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के सभी 12 रेंजों में बीट स्तर पर 22 से 24 मई तक प्रत्यक्ष दृष्टि आधारित विधि से किया गया था। इसमें हर बीट में एक प्रगणक और दो सहायक नियुक्त किए गए थे। यह सर्वे विश्व प्राकृतिक निधि भारत और द कॉर्बेट फाउंडेशन के सहयोग से वैज्ञानिक पद्धति से संपन्न किया गया था। ढिकाला रेंज में सर्वाधिक 175 हॉग डियर दर्ज किए गए। ग्रास लैंड और तराई क्षेत्रों में पाए जाते हैं, लेकिन बीते वर्षों में इन क्षेत्रों में प्राकृतिक बदलाव से ग्रास लैंड सिकुड़ते जा रहे हैं। जिससे इनकी संख्या प्रभावित हुई है। हॉग डियर पारिस्थितिकी तंत्र का अहम हिस्सा है।



कॉर्बेट के ढिकाला रेंज में मौजूद हॉग डियर। ● फोटो दीप रजवार

> हॉग डियर ग्रासलैंड और दलदलीय जगह पर रहना पसंद करते हैं। यही इनका प्रमुख वास स्थल होता है, लेकिन ग्रासलैंड के कम होने से इनकी संख्या में गिरावट देखी जा रही है। कॉर्बेट में इनकी संख्या बढ़ना किसी संजीवनी से कम नहीं है।
> **-दीप रजवार,** वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर

> हॉग डियर का बढ़ना वन व पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सकारात्मक संकेत है। भले ही यह वृद्धि मामूली हो, लेकिन यह दिखाती है कि संरक्षण प्रयास सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। **-डॉ. साकेत बडोला** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक

## गेट परीक्षा में भास्कर ने प्राप्त की 1132 रैंक

**लालकुआं, अमृत विचारः** इंद्रानगर बिंदुखत्ता निवासी स्वर्गीय पूरन चंद्र जोशी के पुत्र भास्कर जोशी ने गेट परीक्षा में 98 फीसदी गेट परसेंटाइल के साथ ऑल इंडिया में 1132 रैंक प्राप्त कर आईआईटी रुड़की से एमटेक में सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजी इन इलेक्ट्रॉनिक एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट में स्थान पक्का किया है। 2021 में गोविंद बल्लभ पंत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी गढ़वाल से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बीटेक करने वाले भास्कर की कामयाबी पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। वह माता पुष्पा जोशी के साथ रहते हैं। सांसद अजय भट्ट, क्षेत्रीय विधायक डॉ. मोहन बिष्ट, पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल, पूर्व विधायक नवीन दुम्का आदि ने उन्हें बधाई दी है।

## टीम तलाश करती रही, पर्यटक पहुंच गया दिल्ली अपने घर

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** दिल्ली से नैनीताल घूमने आए आर्किटेक्ट अंकित धीमान की स्कूटी नैनीताल के पंगोट क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में खाई से बरामद हुई। पुलिस, एसडीआरएफ और दमकल विभाग की टीम ने सोमवार देर रात तक सर्च अभियान चलाया, लेकिन पर्यटक का पता नहीं चल सका। मंगलवार को भी अभियान चलाने के बाद पुलिस को फोन के माध्यम से जानकारी मिली पर्यटक वापस घर दिल्ली पहुंच गया। जिसके बाद पुलिस ने राहत की सांस ली। पुलिस के अनुसार, पर्यटक यहां आत्महत्या के इरादे से पहुंचा था।

नैनीताल के अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर जगदीश चंद्र ने बताया कि स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी कि पंगोट के पास जंगल से एक मोबाइल मिला है। साथ ही खाई में स्कूटी दिखाई दे रही है। पुलिस ने दुर्घटना का अंदेशा जताते हुए देर रात तक सर्च अभियान चलाया, मगर कुछ पता नहीं चला। बैग से मिले दस्तावेजों के आधार पर युवक की पहचान अंकित धीमान, प्रीतमपुरा दिल्ली के रूप में हुई। इसी दौरान युवक के परिजनों का फोन उसके मोबाइल पर आ गया। पुलिस ने घटना की जानकारी युवक के परिजनों को दी। कुछ घंटे बाद युवक के परिजन भी नैनीताल पहुंच गए। युवक ने अपने परिजनों से फोन से संपर्क कर दिल्ली में होने की जानकारी दी। बताया कि युवक आर्किटेक्ट है, जोकि बीते सोमवार को हल्द्वानी किसी काम से आया था। बाद में वह नैनीताल आ गया और उसने अपनी गाड़ी कर पार्किंग में खड़ी कर नैनीताल से स्कूटी किराए ली और पंगोट की तरफ चला गया। इसी दौरान वह संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। कोतवाली पुलिस ने फोन के माध्यम से युवक से बातचीत की। उसने बताया उसका पत्नी के साथ लंबे समय से विवाद चल रहा था। जिसके चलते उसने पूर्व में कई बार आत्महत्या करने का फैसला किया और नैनीताल भी वह आत्महत्या करने के लिए पहुंचा था। युवक का मानसिक संतुलन ठीक नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**आज का मौसम**

चटख धूप के साथ हल्की बारिश की भी संभावना

31.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.17 | सूर्यास्त 19.15

## एक नजर

### बाल-बाल बचा नेचर गाइड

**रामनगर :** नेचर गाइड एसोसिएशन के दीप मिलकानी ने बताया कि मंगलवार सुबह पाटकोट के रहने वाले नेचर गाइड रोहित कुमार बाइक से टेड़ा गेट जा रहे थे। जब वह ग्रासलैंड के पास पहुंचे, तभी एक हाथी अचानक सड़क पर आ गया। हाथी से बचने के लिए वह सड़क की दूसरी ओर से होकर निकल गए।

### हल्दू वृक्ष की अधिकता के कारण ही शहर का नाम हल्द्वानी पड़ा, किशनपुर व रनसाली में किया जाएगा पौधरोपण

# योजना: हल्दू का जीन बैंक तैयार करेगा वन विभाग

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** हल्द्वानी कुमाऊं के सबसे बड़े शहर का नाम हल्दू के पेड़ों के नाम पर रखा गया था। वजह थी कि इस क्षेत्र में हल्दू के पेड़ों की संख्या अधिकाधिक थी। यहां कदम- कदम पर हल्दू के पेड़ मिलते थे लेकिन धीरे-धीरे यह पेड़ गायब होता गया। अब जंगलात ने इस पेड़ को संरक्षण व संवर्द्धन के लिए इसका पौधरोपण व जीन बैंक तैयार करने का फैसला लिया है।

तराई पूर्वी वन डिवीजन को इस वर्ष लगभग 500 हेक्टेयर वन भूमि में पौधरोपण करना है। इसमें जैवविविधिता को संतुलन बनाते हुए मिश्रित फलदार, औषधीय, कॉमर्शियल व सॉफ्ट वुड का पौधरोपण कर रहा है।



इधर, अधिकारियों का कहना है कि हल्द्वानी का नाम हल्दू के पेड़ों की बहुतायत की वजह से पड़ा है लेकिन पिछले दो दशक में हल्दू के पेड़ों का तेजी से कटान हुआ। जैसे-जैसे हल्द्वानी का आकार बढ़ता गया वैसे-वैसे इस पेड़ के अस्तित्व पर संकट गहराता गया। इसके बाद अब वन विभाग ने इस पेड़ के संरक्षण का फैसला किया है। इसके तहत वन डिवीजन की किशनपुर व रनसाली रेंज में एक-एक हेक्टेयर भूमि सिर्फ हल्दू के पौधे ही रोपे जाएंगे। इसी के साथ ही जीन बैंक भी बनाया जाएगा ताकि वृक्ष विलुप्ति की कगार पर नहीं पहुंच जाए। इसके अलावा हल्दू का वैज्ञानिक नाम, फायदे, जैव विविधता में महत्व आदि का भी ब्योरा दिया जाएगा।

### लंबी दूरी की गश्त करने के निर्देश

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** तराई पूर्वी वन डिवीजन के डीएफओ हिमांशु बागरी ने बताया कि मानसून में जंगलों के रास्ते बारिश व कीचड़ की वजह से क्षतिग्रस्त हो जाते हैं। ऐसे में वाहनों से पहुंचना मुश्किल होता है। ऐसे में जंगलों में अवैध कटान व शिकार का खतरा बढ़ जाता है। इसको देखते हुए फील्ड स्टाफ को नियमित गश्त, लंबी दूरी की पैदल गश्त, क्षतिग्रस्त रास्तों को गश्ती वाहन की आवाजाही के लिए बनाने आदि के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि गौला, सितारगंज, खटीमा के एसडीओ और सभी रेंज अधिकारियों को भी मानसून में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। सभी रेंजों में ड्रोन भी मुहैया कराए गए हैं ताकि जहां किसी वजह से आवाजाही नहीं हो सके ड्रोन से निगरानी की जा सके।



किशनपुर व रनसाली रेंज में एक-एक हेक्टेयर क्षेत्र में हल्दू के पौधों रोपे जाएंगे। इसी के साथ ही उनका जीन बैंक भी बनाया जाएगा ताकि हल्दू को सरंक्षित एवं संवर्द्धन किया जा सके। हल्दू को विशेष तौर पर इस वर्ष के प्लांटेशन में शामिल किया गया है।
**-हिमांशु बागरी,** डीएफओ तराई पूर्वी वन डिवीजन हल्द्वानी




# वर्दी उतरी, नियम भूले, महिला सुरक्षा का अभियान बेअसर

### शहर में बिना वर्दी व आईकार्ड के दौड़ रहे अधिकांश ऑटो व ई-रिक्शा चालक, परिवहन विभाग और पुलिस का सत्यापन अभियान फुस्स

**अमृत विचार पड़ताल**

पवन नेगी, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** महिला सुरक्षा को लेकर बीते अक्टूबर में परिवहन विभाग और पुलिस की ओर से शुरू किया गया संयुक्त सत्यापन अभियान अब बेअसर होता नजर आ रहा है। ऑटो और ई-रिक्शा चालकों की पहचान सुनिश्चित करने और महिलाओं को सुरक्षित यात्रा का माहौल देने के उद्देश्य से शुरू की गई पहल अब अधूरी और बेजान दिखने लगी है।

अभियान के तहत सभी सार्वजनिक ऑटो और ई-रिक्शा चालकों को खाकी वर्दी और पहचान पत्र दिया गया। साथ ही वाहन में विशेष स्टीकर चिपकाया गया था। जिस पर वाहन मालिक या चालक की पूरी जानकारी अंकित थी। शुरुआत में इस व्यवस्था से लोगों में भरोसा भी जगा, खासकर महिलाओं और स्कूली छात्राओं को कुछ हद तक राहत मिली। इस अभियान की शुरुआत उस समय हुई जब शहरभर में आयोजित महिला सुरक्षा कार्यशालाओं के दौरान स्कूली छात्राओं ने ऑटो व ई-रिक्शा में हो रही छेड़खानी, डर और असुरक्षा की भावना को खुलकर साझा किया। उनकी आवाज को सुनते हुए एमबी करीब इंटर कॉलेज के मैदान से इस अभियान की शुरुआत की गई थी। तीन से चार महीने तक सख्ती से अभियान चला जिस दौरान चालकों का सत्यापन किया गया और अधिकांश चालक वर्दी और आईकार्ड पहनकर वाहन चलाने लगे थे। लेकिन समय बीतते ही अभियान का असर फीका पड़ गया। आज स्थिति यह है कि शहर की सड़कों पर गिनती के वाहन चालक ही नियमों का पालन करते दिखाई दे रहे हैं। मंगलवार को अमृत विचार की टीम ने शहर के मुख्य मार्गों और व्यस्त चौराहों पर पड़ताल की। इस दौरान अधिकांश ऑटो और ई-रिक्शा चालकों ने न तो वर्दी पहनी थी और न ही गले में आई कार्ड लटकाया था। कुछ वाहनों से तो सत्यापन स्टीकर भी हटा दिए गए हैं। नाम न छापने की शर्त पर एक महिला यात्री ने बताया कि कभी वह आराम से ऑटो रिक्शा में बैठ जाती थीं, क्योंकि ड्राइवर की पहचान साफ होती थी। लेकिन अब फिर से असुरक्षा की भावना लौट आई है। महिला सुरक्षा जैसे संवेदनशील विषय पर उठाए गए कदम ढीले पड़ने से संबंधित विभाग और प्रशासन की गंभीरता पर भी सवाल उठने लगे हैं।



रामपुर रोड पर बिना ड्रेस पहने ऑटो रिक्शा चलाता चालक। ● अमृत विचार

### बोले अधिकारी

बिना वर्दी व आईकार्ड के अपने वाहनों का संचालन करने वालों के विरुद्ध प्रवर्तन अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने सभी ऑटो व ई-रिक्शा चालकों को नियमों का पालन करने के निर्देश दिए हैं।
**-सुनील शर्मा,** संभागीय परिवहन अधिकारी



कालाढूंगी रोड पर बिना ड्रेस के नजर आए ऑटो चालक। ● अमृत विचार



नैनीताल रोड में बिना ड्रेस के ऑटो चलाता चालक। ● अमृत विचार

### नहीं हुआ वाहनों का शत-प्रतिशत सत्यापन

संभागीय परिवहन कार्यालय हल्द्वानी में पंजीकृत ऑटो व ई-रिक्शा चालकों के लिए नंबर सीरीज के आधार पर सत्यापन अभियान चलाया गया। जिसमें प्रतिदिन 250 वाहनों को सत्यापन के लिए निर्धारित जगह पर बुलाया गया। निर्धारित समय में काफी कम वाहन चालकों ने सत्यापन कराया। जिसके बाद विभाग की ओर से फिर मौका दिया गया। लेकिन इसके बावजूद भी शत-प्रतिशत वाहनों का सत्यापन नहीं हुआ। अभियान के दौरान कुल 4239 वाहनों का सत्यापन किया गया। जिसमें 2022 ऑटो रिक्शा, 1301 ई-रिक्शा, 779 टैक्सी/मैक्सी, 137 टैक्सी बाइक का सत्यापन किया गया।

### कुछ ही दिन चला वर्दी और आईकार्ड नहीं पहनने वालों के खिलाफ अभियान

परिवहन विभाग और पुलिस ने पूर्व में कुछ दिनों तक बिना वर्दी और आई कार्ड पहने वाहन चलाने की शिकायत पर शहर में अभियान भी चलाया था। जिस दौरान कई वाहन चालकों का चालान भी काटा गया। इसके बाद कुछ समय तक चालकों में कार्रवाई का भय रहा, लेकिन एक बार फिर से चालक बिना वर्दी और आई कार्ड के बेखौफ होकर वाहन चला रहे हैं।

# धोखाधड़ी: प्लॉट बताकर सैनिक को बेच दी सड़क

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- 14 साल बाद किसी ने उसकी खरीदी जमीन पर कर दी ताड़बाड़
- निबंधन कार्यालय से कराई जांच तो पता लगा 9 अन्य को भी बेची

**अमृत विचार :** लैंड फ्रॉड का एक अनोखा मामला सामने आया है। शहर के मुखानी थानाक्षेत्र में एक आर्मी के जवान को प्लाट दिखाकर सड़क बेच दी गई। जालसाजों ने न सिर्फ सड़क बेची बल्कि उसकी रजिस्ट्री भी करा दी। यह मामला 14 साल बाद खुला तो जवान के पैरों तले जमीन खिसक गई। निबंधन कार्यालय से जांच हुई तो सामने आया कि ऐसे 9 और लोगों को जमीन दिखाकर सड़क बेच गई। पीड़ित जवान ने मंडलायुक्त दीपक रावत से गुहार लगाई। पुलिस ने मंडलायुक्त के निर्देश पर मुकदमा दर्जकर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

मंडलायुक्त दीपक रावत को तिलक मार्केट दमुवाढूंगा निवासी कुन्दन सिंह नेगी ने बताया कि वह सेना की कुमाऊं रेजीमेंट में तैनात हैं और कश्मीर में कार्यरत हैं। कुंदन ने वर्ष 2011 में अपनी पत्नी लक्ष्मी नेगी के नाम पर रामड़ी आनसिंह में 1909 वर्ग फिट जमीन जोधा सिंह रावत के जरिये हेम चन्द्र जोशी से खरीदी थी। उन्होंने रजिस्ट्री कराने के साथ भूमि पर चाहरदिवारी भी करा दी थी। उनका कहना है कि वह जब भी छुट्टी से आते तो जमीन देखने जरूर जाते थे। इस बार भी प्लाट देखने पहुंचे तो देखा वहां किसी ने तारबाड़ कर दी है। पता लगा जिस जमीन पर वह दावा कर रहे थे, उसकी रजिस्ट्री तरुणा वर्मा के नाम पर थी। जिसके बाद वह प्लॉट बेचने वाले हेम चन्द्र जोशी के भाई सुरेश चन्द्र जोशी के पास पहुंचे और बताया कि मौके पर उनका प्लॉट ही नहीं है। पटवारी से पता किया तो पता चला बचा रकबा सड़क है। मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश जोशी ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### निजी स्कूल के बेसमेंट से सामान हुआ चोरी

**हल्द्वानी :** चोरों ने बनभूलपुरा में एक निजी स्कूल के बेसमेंट से हजारों का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर शातिरों की तलाश शुरू कर दी है।

न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी गौजाजाली निवासी आमिल हुसैन ने पुलिस को बताया कि चोरों ने उनके स्कूल के बेसमेंट से हजारों का सामान चोरी कर लिया है। आरोप लगाया कि सोमवार सुबह जब उन्होंने स्कूल के बेसमेंट में देखा तो यहां से स्कूल बिल्डिंग के निर्माण से संबंधित रखे सामान के अलावा स्कूल ड्रेस, 100 बेल्ट, एक काले और एक लाल रंग की कलर गन, हरे रंग की ड्रिल मशीन, दो लोहे की बड़ी कैंची, 8-10 लोहे की जंजीरे व अन्य सामान चोरी कर लिया है। प्रभारी थानाध्यक्ष सुशील जोशी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# पेंशन समेत विभिन्न समस्याएं उठीं

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जुलाई माह के प्रथम मंगलवार पर तहसील दिवस का आयोजन हुआ। इसमें विभिन्न् क्षेत्रों के लोगों ने राशन कार्ड, बिजली, पानी की समस्याओं के समाधान की मांग की।

बनभूलपुरावासियों ने तहसीलदार मनीषा बिष्ट को ज्ञापन सौंपकर इंदिरा नगर में सफाई नायक शाहिद व सफाई कर्मियों के नहीं आने और नियमित सफाई नहीं करने की शिकायत की। आरोप लगाया कि कई बार शिकायतों के बाद भी नगर निगम ने कोई कार्यवाही नहीं की है। कई लोगों ने पेंशन नहीं मिलने, वृद्धा पेंशन के नए आवेदन को कई माह बाद भी पेंशन नहीं लगने की शिकायतें कीं। इसके अलावा बताया कि जल निगम द्वारा इंदिरा नगर खोदी गई सड़क की मरम्मत की मांग की। वहीं, दो वर्ष बीतने के बाद भी राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत कार्ड नहीं बनने की शिकायत की। शकील सलमानी, अशरफ, असलम, सितारा बेगम, सलमा रहे। एकता जनसेवा फाउंडेशन एंटी करप्शन सेल ने ज्ञापन सौंपकर गैस व सीवर लाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कों की मरम्मत, गरीबों के राशन कार्ड बनाने, कठघरिया-पनियाली सड़कों की मरम्मत, आवारा पशुओं पर रोकथाम, सरकारी विद्यालयों में छोटे-छोटे बच्चों से काम करवाने पर रोक लगाने की मांग की। प्रदेश अध्यक्ष शिवम ठाकुर, लक्ष्मी नारायण, शशि गुप्ता, जीतू सागर, लक्ष्मी देवी, कृष्ण मोहन आदि रहे।



तहसीलदार मनीषा बिष्ट को ज्ञापन सौंपते बनभूलपुरावासी। ● अमृत विचार



गर्मियों की छुट्टी के बाद स्कूल खुलने पर खुशी जतातीं जीजीआईसी की छात्राएं।

### छुट्टियों के बाद स्कूलों में विद्यार्थियों के आने से लौटी रौनक

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** ग्रीष्मकालीन अवकाश की लंबी मौज-मस्ती के बाद मंगलवार को जैसे ही स्कूल खुले शहर के विभिन्न स्कूल परिसर में एक बार फिर से चहल-पहल देखने को मिली। सुबह-सुबह बस्ता टांगे, यूनिफॉर्म में सजे बच्चे जब स्कूल पहुंचे, तो उनके चेहरों पर छुट्टी के बाद स्कूल लौटने की खुशी साफ झलक रही थी। कई बच्चों के चेहरे पर उत्सुकता थी तो कुछ के मन में छुट्टियों की यादें ताजा थीं। लेकिन स्कूल पहुंचते ही दोस्तों से मिलने पर सभी के चेहरे खिल उठे। मुस्कराती हुई कक्षा 5 की छात्रा अनुष्का कहती हैं, लेकिन इतने दिन बाद सबको साथ देखकर बहुत अच्छा लग रहा है। इस दौरान शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। स्कूलों में अगले कुछ दिनों तक कक्षाओं में पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न रचनात्मक गतिविधियां कराकर विद्यार्थियों को फिर से नियमित दिनचर्या में लाने का प्रयास किया जाएगा।

# पति ने फर्जी अध्यापिका बनी पत्नी की धुनाई की

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शादी से पहले लड़की ने दावा किया था कि वह एक सरकारी अध्यापिका है, लेकिन शादी के बाद जब पता लगा कि वह झूठ बोल रही थी तो पति का पारा चढ़ गया। उसने ठंडी सड़क पर पत्नी की पिटाई कर दी।

दिल्ली में रहने वाला एक व्यक्ति सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। युवक के मुताबिक एक साल पहले उसकी मुलाकात सोशल मीडिया पर हल्द्वानी में किराए पर रहने वाली एक लड़की से हुई थी। उसने अपने बारे में लड़की को सब बताया और लड़की ने बताया कि वह एक सरकारी अध्यापिका है। दोनों में प्यार हो गया और उज्जवल भविष्य को देखते हुए सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने एक साल पहले प्रेमिका को अपनी पत्नी बना लिया। हालांकि कुछ समय पहले पति को पत्नी पर शक हो गया। वह पत्नी से स्कूल के बारे में पूछता तो वह बहाने बनाने लगती। हकीकत जानने के लिए सॉफ्टवेयर इंजीनियर हल्द्वानी पहुंच गया। वह पत्नी को लेकर सीधा उस स्कूल पहुंच गया, जहां उसने खुद को अध्यापिका बताया था। पूछताछ में स्कूल वालों ने महिला को पहचानने से ही इंकार कर दिया। जिसके बाद सॉफ्टवेयर इंजीनियर अपनी पत्नी को खींचते हुए ठंडी सड़क पर ले आया। बीच सड़क तमाशबीन एकत्र हो गए और मौका पाकर पत्नी फरार हो गई। वहीं कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि तहरीर मिली तो कार्रवाई की जाएगी।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद टनकपुर (चम्पावत)**
Email Id-eo.nppt@yahoo.in

पत्रांक : 461/विज्ञापन सूचना/2025-26 दिनांक : 01 जुलाई, 2025

नगर पालिका परिषद टनकपुर अमृत विचार के 'स्थापना दिवस' के शुभ अवसर पर नगर को स्वच्छ रखने का निवेदन करती है :-

1. पर्यावरण बचाने के लिये "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण करें।
2. अपने नगर टनकपुर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिये सड़कों पर कूड़ा न फेंके और कूड़े को न जलायें।
3. नगर पालिका द्वारा दिये गये हरे व नीले कूड़ेदान में गीला व सूखा कूड़ा अलग-अलग कर नगर पालिका के कूड़ा वाहन को दें।
4. अपने नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिये प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक एवं प्लास्टिक उत्पादों का उपयोग न कर, पर्यावरण बचाने में सहयोग प्रदान करें।
5. खुले में शौच न करें, पालिका द्वारा निर्मित सामुदायिक शौचालयों का प्रयोग करें।
6. पालिका के करों जैसे गृहकर, दुकान किराया, ग्राउण्ड रेन्ट का समय से भुगतान करें एवं लाईसेन्स का नवीनीकरण समय से करायें।
7. अपने पालतू जानवरों गाय, भैंस, सुअर, कुत्तों को बाजार में खुला न छोड़ें।
8. आपके द्वारा उपयोग न किये जा रहे कपड़े, किताबें व अन्य अनुपयोगी वस्तुएँ नगर पालिका टनकपुर में निर्मित आर०आर०आर० सेन्टर में जमा करायें।
9. खुले में कूड़ा फेंकने वालो के विरूद्ध "उत्तराखण्ड खुले में कूड़ा फेंकना एवं खुले में थूकना अधिनियम 2016" के तहत रू० 5000 तक की चालानी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

(श्री भूपेन्द्र प्रकाश जोशी)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, टनकपुर

(श्री विपिन कुमार)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, टनकपुर

एवं समस्त सभासदगण नगर पालिका परिषद टनकपुर

# धान रोपाई के लिए पानी की मांग को लेकर गरजे ग्रामीण

## गौलापार के ग्रामीणों ने एसडीएम कोर्ट में किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



पानी की मांग को लेकर एसडीएम कोर्ट में प्रदर्शन करते गौलापार क्षेत्र के लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** गौलापार में सिंचाई के लिए पानी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी कार्यालय में प्रदर्शन किया। उन्होंने चेतावनी दी कि जल्द पानी की आपूर्ति सुचारू नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

पूर्व बीडीसी सदस्य अर्जुन बिष्ट के नेतृत्व में मंगलवार को ग्रामीण उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचें। यहां उन्होंने प्रशासन व सिंचाई विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि गौलापार सिंचाई की मात्र एक ही बेरीघाट नहर है। पूर्व में बेरीघाट बरसाती नहर बनाकर पानी उपलब्ध कराया जाता था लेकिन अब नहर में पानी नहीं छोड़ा जा रहा है। वर्तमान में गौलापार क्षेत्र में धान की रोपाई की जा रही है, एकमात्र नहर में पानी नहीं होने से किसानों को धान रोपाई में दिक्कत हो रही है। उन्होंने एसडीएम राहुल साह से सिंचाई विभाग से नहर में पानी शुरू कराने की मांग की।

इस बाबत उन्होंने एसडीएम को ज्ञापन भी सौंपा। इस दौरान लीला बिष्ट, महेश बिष्ट, कला देवी, गुंजन, खष्टी देवी, विमला, भगवती, ममता, रितेश, मनीष, अतुल चौहान, उदय जोशी आदि मौजूद रहे।

## खेल के प्रशिक्षण के लिए पंजीकरण शुरू

**हल्द्वानी :** जिला खेल कार्यालय की ओर से संचालित इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स गौलापार में वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न खेलों के प्रशिक्षण शिविरों का शुभारंभ मंगलवार से शूरू कर दिया गया है। साथ ही खिलाड़ियों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। चयनित अनुभवी अनुबंध प्रशिक्षकों की तैनाती भी पूरी हो चुकी है, जिन्होंने कार्यभार ग्रहण कर प्रशिक्षण देना आरंभ कर दिया है।

खेल विभाग की ओर से बैडमिंटन, बॉक्सिंग, तैराकी, शूटिंग, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स, फुटबॉल, तीरंदाजी, कबड्डी और खो-खो का प्रक्षिशण खिलाड़ियों को दिया जा रहा है। नियुक्त प्रशिक्षकों में बैडमिंटन के लिए अमन नवियाल, तैराकी के दीप हर्ष नेगी, शूटिंग के नितिन थापा, बॉक्सिंग के मनोज कुमार और वॉलीबॉल के कमल सिंह को नियुक्त किया है। जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य जनपद की खेल प्रतिभाओं को निखारना और उन्हें राज्य व राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं हेतु तैयार करना है। पंजीकरण के लिए इच्छुक खिलाड़ी शहर के जिला खेल कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

# चिकित्सक और चार्टर्ड अकाउंटेंट हुए सम्मानित



डाक्टर्स डे पर इनरव्हील शाइनिंग क्लब के कार्यक्रम में सम्मानित हुए चिकित्सक।

संवाददाता, हल्द्वानी

● इनरव्हील शाइनिंग क्लब हल्द्वानी ने आयोजित किया कार्यक्रम

**अमृत विचार :** इनरव्हील शाइनिंग क्लब हल्द्वानी ने चार्टर्ड एकाउंटेंट व डॉक्टर्स डे के अवसर पर सीए व डॉक्टर्स को सम्मानित किया।

मंगलवार को रामपुर रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में हुए समारोह में क्लब की ओर से डॉ. शलभ अरोरा, डॉ. सोमा पंत, डॉ. रुचि भंडारी, डॉ. प्रतिभा जुयाल, डॉ. प्राची बिष्ट और डॉ. अपर्णा पांडे को सम्मानित किया गया।

सभी ने स्वस्थ्य समाज में सक्रिय भूमिका निभाई है। इसी तरह सीए मनोज जोशी, राकेश बहुगुणा और कनिका को भी सम्मानित किया गया। ये सभी क्लब के सहयोग के लिए तत्पर रहते हैं।

कार्यक्रम को अध्यक्ष नीलम शर्मा और पूर्व अध्यक्ष मीना रावत ने भी संबोधन किया। कार्यक्रम का संचालन सचिव मीनू पांडे ने किया। एडिटर रेणु कार्की ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताई। इस दौरान इंदू, जया, रश्मि, नमिता, कविता, विनीता, गीता, नेहा मौजूद रहीं।

## सार-संक्षेप



आईटीआई के निरीक्षण के दौरान संयुक्त निदेशक डॉ. मयंक अग्रवाल।

### संयुक्त निदेशक ने जॉब आईटीआई में प्रशिक्षण का जायजा लिया

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** आईटीआई के संयुक्त निदेशक मयंक अग्रवाल ने मंगलवार को जॉब आईटीआई संस्थान का निरीक्षण किया और संस्थान की प्रशिक्षण व्यवस्थाओं को देखा। इस दौरान मयंक अग्रवाल ने आईटीआई में शत-प्रतिशत प्रवेश कराने पर जोर देने को कहा। साथ ही उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को आईटीआई के बाद रोजगार के अवसरों के बारे में बताया। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों की ओर से बनाए गए मॉडल देखे और उनकी सराहना की। इस मौके पर जॉब आईटीआई के प्रधानाचार्य एचसी भट्ट, प्रबंधक राजीव ओली आदि मौजूद रहे।



विदाई समारोह के दौरान मौजूद अधिकारी-कर्मचारी।

### रोडवेज कर्मचारी नेता यादव को दी विदाई

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के हल्द्वानी डिपो के शाखा मंत्री रहे और 32 वर्षों की सेवा के उपरांत लिपिक पद से सेवानिवृत्त हुए राम प्रताप यादव के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया। अपने कॅरियर की शुरुआत काशीपुर डिपो से करने वाले यादव ने भावुक होते हुए सभी का आभार जताया। कार्यक्रम में संजय पांडे, कमल पपनै, सुरेंद्र सिंह बिष्ट, विद्या जोशी, इंद्रा भट्ट, नवीन कोठारी, नंद लाल, रमेश आर्या, हरीश आर्या, मुकेश वर्मा, रामप्रीत यादव, नवनीत कपिल, जमील खां सहित कई कर्मचारी उपस्थित रहे।



ठेले वालों से तहबाजारी वसूलतीं दगड़ू बैणी सेना की महिलाएं।

### फेरी शुल्क वसूली अब दगड़ू बैणी सेना के जिम्मे

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** नगर निगम हल्द्वानी ने फड़ फेरी व्यवसायियों से शुल्क वसूली का कार्य अब स्वयं सहायता समूह के माध्यम से शुरू कर दिया है। इस व्यवस्था की शुरुआत नगर आयुक्त की उपस्थिति में की गई। पूर्व में यह कार्य दगड़ू बैणी के जरिए सीमित क्षेत्रों में किया जा रहा था, जिसकी सफलता को देखते हुए अब पूरे नगर निगम क्षेत्र में इसे लागू किया गया है। इससे न केवल नगर निगम की आय में वृद्धि होगी, बल्कि महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी यह कदम अहम साबित होगा। स्वयं सहायता समूहों को फेरी व्यवसायियों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने, अतिक्रमण रोकने, पॉलीथीन से बचाव और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की जिम्मेदारी भी दी गई है।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद एलआईसी के अधिकारी-कर्मचारी।

### एलआईसी कर्मचारियों ने संगठन को सशक्त बनाने की प्रतिज्ञा ली

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** ऑल इंडिया इंश्योरेंस इम्पलाइज एसोसिएशन के 74 वर्ष पूरे होने और 75 वें वर्ष में प्रवेश पर भारतीय जीवन बीमा निगम के नैनीताल रोड स्थित मंडल कार्यालय में संगठन का झंडा फहराया गया। अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने सभी साथियों को संगठन की प्रतिज्ञा दिलाई। इसके बाद महामंत्री डीके पांडे ने संगठन के इतिहास पर संक्षेप में प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एआईआईईए के संघर्षों के परिणामस्वरूप ही एलआईसी की स्थापना संभव हो सकी। संगठन अभी भी पिछले तीन दशकों से एलआईसी को कमजोर करने के प्रयासों के खिलाफ संघर्षरत है। एआईआईईए का मानना है कि सार्वजनिक उपक्रम की असली मालिक जनता है। उन्होंने सभी साथियों से एआईआईईए को सशक्त बनाने की अपील की। इस दौरान पंचम सिंह, पंकज त्रिपाठी, केवल भट्ट, अशोक कश्यप, एनपी जोशी, पीसी जोशी, संजय चंद, हिमांशु चौधरी, नरेंद्र जोशी, विजय सिंह अधिकारी, हेमंत, रितेश पंत, रविन्द्र कुमार, विनोद गुर्रानी, कमल भट्ट, हीरा सिंह बिष्ट, राकेश, जानकी पंत, गीता आर्य, दलीप बिष्ट, दिनेश खाती, हीरा सिंह संतोष मंगोली, जितेंद्र त्रिपाठी, नवीन पंत मौजूद रहे।

# अतिक्रमण के खिलाफ काठगोदाम में अभियान

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नगर निगम की टीम ने मंगलवार को काठगोदाम रेलवे स्टेशन के पास फुटपाथ पर किए गए अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया।

इस दौरान फुटपाथ और सड़क पर रखे गए सामान को जब्त किया गया। नगर निगम की ओर से सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों के चालान भी किए गए। कार्यवाही के दौरान नगर निगम की टीम ने पांच गोवंशों को भी रेस्क्यू किया। इन गोवंशों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, गंगापुर कबड़वाल गौशाला में शेड का निर्माण कार्य चल रहा है, जो आगामी डेढ़ माह में पूरा हो जाएगा। इसके बाद नगर निगम व्यापक स्तर पर शहरभर से गोवंशों को रेस्क्यू कर गौशाला में भेजेगा, जिससे शहर को आवारा पशुओं की समस्या से निजात मिलेगी। नगर निगम की इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है। निगम प्रशासन ने साफ संकेत दिया है कि अतिक्रमण और गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## अधेड़ लापता, 27 दिन बाद दर्ज हुई गुमशुदगी

**हल्द्वानी :** पिथौरागढ़ से हल्द्वानी को निकला अधेड़ लापता हो गया। इस मामले में पुलिस ने 27 दिन गुमशुदगी दर्ज की है। मूलरूप से मनगढ़, बेरीनाग निवासी राम सिंह हाल में दिल्ली परिवार संग रहते हैं। वह भतीजे की शादी में गांव आए थे। 4 जून को वह वापस दिल्ली जाने को बेरीनाग से हल्द्वानी के लिए निकले। यहां उनका रिश्ते में पोता लगने वाला हरीश सिंह रहता है, लेकिन देर शाम तक राम सिंह हल्द्वानी नहीं पहुंचे जबकि फोन पर उन्होंने बस से हल्द्वानी के लिए रवाना होने की बात कही। इसके बाद 27 दिन गुजर गए लेकिन उनका कोई पता नहीं चला है। अब पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर अधेड़ की गुमशुदगी दर्ज कर ली है।

## स्कूलों में आपदा से निपटने के लिए गाइडलाइन जारी

**हल्द्वानी :** मानसून सीजन को ध्यान में रखते हुए आपदा से निपटने के लिए प्रदेश के लिए सभी स्कूलों के लिए गाइडलाइन जारी की गई है। जिसके तहत सभी स्कूलों में आपदा प्रबंधन किट खरीदी जाएगी। विद्यार्थियों को जर्जर भवनों की दीवार की ओट में नहीं बैठाए जाने को कहा गया है। स्कूल परिसर में जर्जर पेड़ होने पर इसे तत्काल हटाए जाने, आसपास बरसाती नाला होने पर विशेष सावधानियां बरतने, स्कूलों में अग्निशमन यंत्र, रेत से भरी बाल्टी, टॉर्च, सीढ़ी, रस्सी आदि को सुगम स्थानों में रखने, खाद्य भंडारण और गैस सिलेंडर का विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश महानिदेशक, विद्यालयी शिक्षा दीप्ति सिंह ने सभी सीईओ को दिए हैं।

## रेलवे क्रॉसिंग एप्रोच रोड के लिए बजट की मांग, सौंपा ज्ञापन

**हल्द्वानी :** भाजपा के गौलापार मंडल के अध्यक्ष पान सिंह मेवाड़ी ने आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन को ज्ञापन सौंपकर गौलापार व चोरगलिया रोड पर क्षतिग्रस्त रेलवे क्रासिंग से गौलापुल एप्रोच सड़क निर्माण के लिए 1.91 करोड़ की धनराशि स्वीकृत करने की मांग की। उन्होंने बाढ़ सुरक्षा को लेकर भी महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा। इस पर सचिव सुमन ने जल्द ही गौलापुल एप्रोच रोड के लिए लोनिवि को बजट जारी करने का आश्वासन दिया।

# प्रवेश के लिए 10 जुलाई तक खुलेगा समर्थ पोर्टल

● इस शिक्षण सत्र में कुमाऊं विवि से संबद्ध कॉलेजों में हुए हैं कम प्रवेश

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** प्रदेश भर के कॉलेजों में प्रवेश के लिए पंजीकरण तिथि को 10 जुलाई तक बढ़ाया गया है। कॉलेजों में सीटों के मुकाबले काफी कम प्रवेश हुए हैं। खासकर कुमाऊं विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों में कुल सीटों के मुकाबले काफी कम प्रवेश हुए हैं। उल्लेखनीय है कि कॉलेजों में प्रवेश के लिए समर्थ पोर्टल से पंजीकरण प्रक्रिया बीते सोमवार को समाप्त हो गई थी, जिसे आगे बढ़ाने को लेकर सोमवार रात तक कोई आदेश जारी नहीं हुआ था।

कॉलेज में इस शिक्षण सत्र में काफी कम प्रवेश हुए हैं। कॉलेज में सोमवार तक कुल 6135 पंजीकरण हुए, जिनमें बीए में सबसे अधिक 3375, बीकॉम में 1080, बीएससी गणित में 840 और बीएससी बॉयोलॉजी में 840 छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कराया। एमबीपीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एनएस बनकोटी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार कुमाऊं विश्वविद्यालय ने पंजीकरण की तिथि को 10 जुलाई तक बढ़ाया गया है। 24 मई से 30 जून तक पंजीकरण प्रक्रिया चली थी, जिसे फिर से बढ़ाया गया है।

### महिला कॉलेज में 1207 के मुकाबले 674 ही प्रवेश

राजकीय महिला डिग्री कॉलेज में कुल 1207 सीटों पर प्रवेश होना है, लेकिन अंतिम तिथि तक कॉलेज में 674 ही प्रवेश हुए हैं। जिसमें बीए में सबसे अधिक 276 प्रवेश हुए हैं। जबकि इसके लिए 507 सीटें निर्धारित हैं। बीएससी बॉयोलॉजी में कुल 160 सीटों पर 148 पंजीकरण, बीकॉम ऑनर्स में 160 सीटों पर 86 पंजीकरण और बीकॉम में 160 सीटों पर 82 पंजीकरण हुए हैं। इसी तरह हल्द्वानी शहर डिग्री कॉलेज गौलापार में कुल 177 सीटों पर 128 पंजीकरण ही हुए हैं।

## सरकारी संपत्ति से अतिक्रमण हटाना है प्राथमिकता : चौहान

**हल्द्वानी :** पीसीएस अधिकारी गोपाल सिंह चौहान ने हल्द्वानी सिटी मजिस्ट्रेट के पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया। वह ऊधमसिंह नगर में बाजपुर शुगर मिल से ट्रांसफर होकर आए हैं।



गोपाल सिंह चौहान।

सिटी मजिस्ट्रेट चौहान ने बताया कि शहर में कानून व्यवस्था बरकरार रखना प्राथमिकता है। इसी के साथ ही सरकारी संपत्तियों को अतिक्रमण मुक्त कराना, महिला सुरक्षा के लिए प्रभावी कार्रवाई और जन समस्याओं के समाधान के लिए नगर निगम व पुलिस के साथ समन्वय बना निस्तारण करना है। उन्होंने व्यापारियों से अपील की है कि वे सड़क व फुटपाथ पर अतिक्रमण न करें वरन कड़ी कार्यवाही की जाएगी। 2014 बैच के पीसीएस अधिकारी चौहान इससे पूर्व वह उत्तरकाशी, ऊधमसिंह नगर, हरिद्वार और अल्मोड़ा में विभिन्न पदों पर सेवाएं दे चुके हैं।

# अखिलेश के बर्थडे पर काटा केक

● केक काट आयोजित की विचार गोष्ठी दीर्घायु और स्वास्थ्य की कामना की

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



सपा प्रमुख अखिलेश यादव के जन्मदिन पर केक खिलाते प्रदेश प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी।

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव के जन्मदिन पर मंगलवार को सपाइयों ने केक काटा, लेकिन निशाने पर विपक्ष था। सपाइयों ने विचार गोष्ठी की और अखिलेश के स्वस्थ और दीर्घायु होने की कामना की।

प्रदेश प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी के आजादनगर स्थित कार्यालय में केक काटा गया। मतीन ने अपने पौत्र के साथ केट काटा। जिसके बाद आयोजित हुई विचार गोष्ठी में प्रदेश प्रभारी ने कहा, वर्तमान व पूर्व की सरकारें भी अखिलेश यादव के कार्यों के मुकाबले आधा कार्य भी नहीं कर पाई हैं। अखिलेश की सरकार में एक रुपए के पर्चे पर हर तरह का इलाज और दवा फ्री मिली। ऐसे तमाम कामों की जनता आज भी तारीफ करती है और मौजूदा सरकारों के कार्यों से अपने आप को ठगा सा महसूस करती है। कहा, मुलायम सिंह यादव जैसा नेता सदियों में पैदा होते है। 2012 में सबसे कम उम्र में वह देश के सबसे बड़े प्रदेश के मुख्यमंत्री बनकर इतिहास रचा। वहीं सुरेश परिहार ने संविधान से समाजवाद व धर्म निरपेक्षता शब्द हटाने के प्रयास की आलोचना करते हुए हर स्तर पर विरोध का ऐलान किया। जावेद सिद्दीकी, इस्लाम मिकरानी, संजय गुप्ता, अलीम अंसारी, फरहत अली, उमैर मतीन, नासिर हुसैन, गौरव कुमार, हरपाल शर्मा, सोमपाल मौर्या, जावेद मिकरानी, विक्की खान, शकील अंसारी, नईम अहमद, कलार अहमद आदि थे।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज 4x5 सेमी 600/- रु.
साइज 4x6 सेमी 720/- रु.
साइज 4x7 सेमी 840/- रु.
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 05946-292618, नैनीताल : 7505012034, अल्मोड़ा : 8126628885, रूद्रपुर : 8476843488, काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222, किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 05946-292618, नैनीताल : 7505012034
अल्मोड़ा : 8126628885, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

आयोजन | तराई पूर्वी वन डिवीजन की गौला रेंज के अंतर्गत बेरीपड़ाव की बीट संख्या-7 में वन महोत्सव का शुभारंभ

# लालकुआं में विभिन्न प्रजाति के 500 पौधे रोपे



पौधा रोपते गौला रेंजर चंदन बिष्ट व अन्य। ● अमृत विचार



राइंका में पौधा रोपते कॉलेज के बच्चे व मदन बिष्ट। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** तराई पूर्वी वन डिवीजन की गौला रेंज के अंतर्गत बेरीपड़ाव की बीट संख्या-7 में वन महोत्सव का शुभारंभ हुआ। सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह खाती, एसडीओ अनिल जोशी, एसबीआई प्रबंधक पौधों का महत्व बताया। पौधरोपण कर लोगों को भी पौधे रोपने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर विभिन्न प्रजातियों के 500 से अधिक पौधे रोपे गए। इस दौरान संजीव शर्मा, धन सिंह बिष्ट, अमित पांगती, विजय प्रसाद, अजय सिंह, राजेंद्र प्रसाद, हरीश शर्मा, पूरन शर्मा, रिंकू टम्टा, रॉनित, चंदन आदि मौजूद रहे।

### राजकीय इंटर कॉलेज कठघरिया में भी हुआ पौधरोपण

**हल्द्वानी :** राइका कठघरिया में फलदार एवं छायादार पौधे रोप सत्र की शुरुआत की गई। पूर्व रेंजर मदन सिंह बिष्ट ने बच्चों को औषधीय, फलदार पौधों की बारीकियां बताईं। साथ ही पौधे से होने वाले फायदों के बारे में भी बताया। बच्चों के साथ कॉलेज परिसर में पीपल, पिलखन, हल्दू, जामुन, छितवन, कदंब, बेलपत्र, हरसिंगार के पौधे रोपित किए। प्रभारी प्रधानाचार्य सुभाष मंडल, शिक्षक नवीन चन्द्र कांडपाल, लछम सिंह मेवाड़ी, अनिल श्रीवास्तव, अनिल जोशी, अजय त्रिपाठी, गीता खाती, हेमलता, नीना धामी, हेमलता बाफिला, देवकी कांडपाल, कैलाश चंद्र रहे।

## तिकोनिया के पास दो पक्षों में विवाद, मारपीट

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** तिकोनिया के पास दो पक्षों में विवाद हो गया। मौके पर पुलिस पहुंची तो विवाद करने वाले मौके से फरार हो गए। जानकारी के मुताबिक राजपुरा के कुछ युवकों का आवास विकास के रहने वाले युवकों से विवाद हो गया। देखते ही देखते करीब दर्जनभर युवकों के बीच हाथापाई हो गई।

दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर पत्थर भी फेंके। यह देख एक स्थानीय व्यापारी ने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस की गाड़ी देखते ही अधिकांश मौके से फरार हो गए। एक युवक मारपीट में घायल हुआ, जो कि राजपुरा का रहने वाला है। कोतवाल राजेश यादव ने बताया कि विवाद के कारणों की जानकारी की जा रही है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

# अमृत विचार हल्द्वानी संस्करण के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

प्रस्तुति
देवेन्द्र चन्द देवा
संवाददाता, अमृत विचार टनकपुर



अमृत विचार हल्द्वानी संस्करण के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



## अमन ठाकुर

अध्यक्ष, मां शारदा खनन ट्रक एसोसिएशन
टनकपुर,जनपद चम्पावत

अमृत विचार हल्द्वानी संस्करण के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



## इंजीनियर एम.एस. कठायत

महावीर आर्कटेक्चरल एण्ड कंस्ट्रक्शन ग्रुप
टनकपुर, जनपद चम्पावत

अमृत विचार हल्द्वानी संस्करण के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



## प्रकाश सिंह अधिकारी

अधिकारी ट्रेडर्स एण्ड सप्लायर

नोट :- भवन संबंधी सामग्री ईट,सीमेंट, सरिया,रेता व बजरी हेतु संपर्क करें।
ज्ञानखेड़ा,खटीमा रोड, टनकपुर, जनपद चम्पावत
एक बार सेवा का अवसर दें। मो. 9599 579296

अमृत विचार हल्द्वानी संस्करण के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

## कुमाऊँ स्टोन क्रेशर

टनकपुर (चम्पावत)

हमारे यहां उच्च कोटि के रेता, बजरी एवं गिट्टी हर समय न्यूनतम दर पर उपलब्ध रहती है।

दुलान के लिए वाहन की सुविधा भी उपलब्ध है।



## अनुज अग्रवाल

Mob. +91-9997911155

अमृत विचार हल्द्वानी संस्करण के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



## माँ श्री पूर्णागिरि मंदिर समिति
## माँ पूर्णागिरि धाम, टनकपुर

### मंदिर समिति की प्राथमिकताएं :-

- यात्रियों को बेहतर सुविधा मुहैया कराना।
- वर्षभर यात्रियों को नि:शुल्क पथ प्रकाश, पेयजल, विश्राम, स्नानागार, शौचालय आदि की व्यवस्था मुहैयाकराना।
- सफाई के लिए पर्याप्त स्वयंसंवक तैनात किए जाते हैं।
- श्रद्धालुओं को व्यवस्थित ढंग से दर्शन की सुविधा मुहैया कराने को मुख्य मंदिर स्वयंसेवक एवं वालियंटर नियुक्त किए।
- भैरव मंदिर से काली मंदिर तक नि:शुल्क ठहरने, स्नान, शौचालय आदि की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई गई।?
- मेला अवधि में जिला पंचायत व प्रशासन के साथ तालमेल से संपूर्ण व्यवस्थाओं में समिति द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया गया।
- समिति द्वारा इस बार दिल्ली अंतराज्यीय बस अड्डे से विभिन्न राज्यों की रोडवेज बसों में धाम के पोस्टर चस्पा कर व्यापक प्रचार–प्रसार किया गया।
- भीड़ नियंत्रित करने के लिए सुविधा अनुसार बैरिकेटिंग लगाए गए हैं। जिनपर पुलिस फोर्स तैनात किया गया है।
- धाम क्षेत्र में पशुबलि, धुम्रपान, गुटखा, पॉलीथीन, मांव, मदिरा, लहसुन, प्यास आदि प्रतिबंधित हैं श्रद्धालुओं से मंदिर समिति सहयोग की अपेक्षा करती है।

माँ दुर्गा के 108 में से एक मां श्री पूर्णागिरी धाम में माता सती के नाभि के दर्शन से समस्त दुःख–दर्दों का निवारण होता है।



किशन तिवारी
अध्यक्ष
मो. 9758025370



नीरज पांडेय
उपाध्यक्ष
मो. 7579431695



सुरेश तिवारी
सचिव
मो. 9759947118



नवीन तिवारी
कोषाध्यक्ष
मो. 7668644186

समस्त जनपदवासियों को
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हल्द्वानी संस्करण के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें



## महेश सिंह

खनन व्यवसायी
ग्राम नायकगोठ, टनकपुर जनपद चम्पावत

अमृत विचार हल्द्वानी संस्करण के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



एडवोकेट धर्मेंद्र चन्द
प्रबंधक



सुनीता चन्द
प्रधानाचार्य

## MDM EDUCATIONAL ACADEMY
### SENIOR SECONDARY SCHOOL

TANAKPUR (CHAMPAWAT)
Affiliation No. 3530607 | Affiliated to CBSE, New Delhi | School Code : 80054

अमृत विचार हल्द्वानी संस्करण के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

## शारदा स्टोन क्रेशर

टनकपुर (चम्पावत)

हमारे यहां उच्च कोटि के रेता, बजरी एवं गिट्टी हर समय न्यूनतम दर पर उपलब्ध रहती है।

दुलान के लिए वाहन की सुविधा भी उपलब्ध है।



## अमित ठाकुर

Mob. +91-8006071243

अनादरो विलम्बश्च वै मुख्यम निष्ठुर वचनम।
पश्चतपश्च पश्चात दानस्य दूषणानि च ।।

अपमान करके देना, मुंह फेर कर देना, देरी से देना, कठोर वचन बोलकर देना और देने के बाद पछतावा होना। ये सभी 5 क्रियाएं दान को दूषित कर देती हैं।

## संपादकीय

# वित्तीय साक्षरता जरूरी

बैंकिंग और वित्तीय नियमों में बदलाव डिजिटल भारत की ओर एक बड़ा कदम हैं। महत्वपूर्ण वित्तीय बदलावों का सीधा असर करदाताओं और बैंक ग्राहकों पर पड़ेगा। इनमें पैन आवेदनों के लिए नया आधार सत्यापन नियम, आयकर रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा और प्रमुख बैंकों द्वारा क्रेडिट कार्ड और बैंकिंग सेवाओं पर संशोधित शुल्क ट्रेन/हवाई जहाज की बुकिंग में आधार ओटीपी की अनिवार्यता जैसे महत्वपूर्ण कदम शामिल हैं। सवाल है कि ये नियम व्यक्तियों के लिए वित्तीय सुरक्षा और सुविधा कैसे बढ़ाएंगे। साथ ही वित्तीय अपराधों पर नियंत्रण में कैसे मदद करेंगे। नए नियमों से भुगतान प्रणाली में सुधार होगा, जिससे ऑनलाइन लेनदेन और भी सुरक्षित और तेज होंगे। यानी ये नियम ग्राहकों को अधिक सुरक्षा प्रदान करेंगे, धोखाधड़ी को कम करेंगे और बैंकिंग सेवाओं का उपयोग करना आसान बनाएंगे। नए नियमों से ऑनलाइन और मोबाइल बैंकिंग लेनदेन अधिक सुरक्षित होंगे। जिससे धोखाधड़ी और हैकिंग का खतरा कम होगा। बैंकों को अपने ग्राहकों को लेनदेन और खातों के बारे में अधिक जानकारी प्रदान करने की आवश्यकता होगी, जिससे ग्राहकों को अपने वित्त पर बेहतर नियंत्रण होगा। नए नियमों से बैंकिंग क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा मिलेगा, जिससे ग्राहकों को बेहतर और अधिक नवीन बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं तक पहुंच मिलेगी।

बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र में हाल के बदलावों और भविष्य की दिशा पर बात की जाए तो कहा जा सकता है कि बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र, एक गतिशील और तेजी से बदलता हुआ क्षेत्र है, जो लगातार नवाचार और सुधारों का सामना कर रहा है। हाल के वर्षों में, इस क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं। परिवर्तनों का प्रभाव बैंकों, वित्तीय संस्थानों और ग्राहकों पर समान रूप से पड़ा है। वित्तीय स्थिरता को भी बनाए रखने की आवश्यकता है ताकि बैंकिंग और वित्तीय प्रणाली आर्थिक विकास और विकास का समर्थन कर सकें। बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र में बदलावों के साथ, बैंकों और वित्तीय संस्थानों को अनुकूलन करने और नए अवसरों का लाभ उठाने के लिए तैयार रहने की आवश्यकता है। वास्तव में हम एक ऐसे वित्तीय भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं जहां पारदर्शिता और सुरक्षा सर्वोपरि होगी। देश में वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देना जरूरी है ताकि लोग अपने वित्तीय अधिकारों और जिम्मेदारियों को समझ सकें।

# ईरान-इजराइल युद्ध का वैश्विक राजनीति पर प्रभाव



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

वस्तुत ईरान प्रतिदिन दो मिलियन बैरल तेल और परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात करता है, जो विश्व के कुल तेल आपूर्ति का लगभग 2 प्रतिशत है। पहले ही अमेरिका ईरान पर व्यापारिक प्रतिबंध के तहत तेल आयात पर रोक लगा चुका है।

आखिरकार ईरान-इजइयल युद्ध में अमेरिका को खुलकर सामने आना पड़ा, लेकिन उसके द्वारा प्रयुक्त अमेरिकी बंकर बस्टर बमों ने इरानी परमाणु ठिकानों को कितना नुक्सान पहुंचाया, यह तो भविष्य ही बताएगा। इजराइल ने युद्ध शुरू होने से पहले ही कहा था कि उसका उद्देश्य ईरानी परमाणु कार्यक्रम को नेस्तनाबूद करना तथा वहां सत्ता परिवर्तन कराना है। सत्ता परिवर्तन या प्रमुख धार्मिक नेता के बारे में तो इजराइल सफल नहीं हो पाया, उल्टे जिस तरह ईरान ने प्रतिक्रिया स्वरूप इजराइल के शहरों पर बमबारी की और मिसाइल दागे, इससे स्पष्ट हो गया कि ईरान अब पहले जैसा देश नहीं रह गया है और दूसरे कि इजराइल का एयर डिफेंस डोम अब सुरक्षित नहीं है। इस युद्ध का वैश्विक असर अमेरिका, इजराइल, पश्चिम एशिया, रुस, चीन, पाकिस्तान सहित भारत पर भी पड़ा है।

वस्तुत ईरान प्रतिदिन दो मिलियन बैरल तेल और परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात करता है, जो विश्व के कुल तेल आपूर्ति का लगभग 2 प्रतिशत है। पहले ही अमेरिका ईरान पर व्यापारिक प्रतिबंध के तहत तेल आयात पर रोक लगा चुका है। इरान युद्ध के समय अमेरिका, यूरोप और इजराइल के समर्थकों पर खाड़ी देशों से सामूहिक तेल प्रतिबंध लगाने की कोशिश कर सकता है जैसा कि 1973 के योम किप्पुर युद्ध के समय लगाया गया था। इतना ही उसके प्राक्सी मिलीशिया मसलन हमास और हिजबुल्ला आदि खाड़ी देशों में अमेरिकी और इजराइली सैन्य अड्डे पर हमला कर सकते हैं। इराक जो विश्व को प्रतिदिन 4 मिलियन बैरल से अधिक तेल की आपूर्ति करता है, इन हमलों का निशाना आसानी से बन सकता है। ईरान के शांतिपूर्ण परमाणु कार्यक्रमों पर रोक लगाने की जिद का असर कम से कम सऊदी अरब और यूएई की महत्वाकांक्षाओं पर भी पड़ेगा क्योंकि इस तरह से यह क्षेत्र पूरी तरह से इजराइल के रहमो-करम पर रह जाएगा, क्योंकि यह एकमात्र परमाणु-सक्षम देश है, जो अमेरिका की इजराइली सैन्य श्रेष्ठता को बनाए रखने की नीति के अनुकूल है। अमेरिका द्वारा खाड़ी देशों में रूसी संपत्तियों को जब्त करने,



टैरिफ और आर्थिक नीतियों ने मध्य पूर्व में पश्चिमी निवेशों को लेकर एक अशांति उत्पन्न कर दी है। भले ही उपरी तौर पर यहां लोग व्यापारिक हित में अमेरिका और पश्चिमी देशों का सहयोग कर रहे हो, खाड़ी के अधिकांश देश फिलिस्तीनी समर्थक और अमेरिका विरोधी है।

इस युद्ध में इजराइल का उद्देश्य ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकना था या उस पर निर्णायक चोट करनी थी जिसमें वो सफल भी हुए हैं लेकिन इसने सिर्फ आधारिक संरचना नष्ट कर दिया है, वैज्ञानिकों को मार दिया है लेकिन उनका परमाणु ज्ञान तो नहीं मिटा सके हैं जो ईरानी शासन ने कई वर्षों में जमा किया है। इतना ही नहीं अभी तक यह भी स्पष्ट नहीं है कि क्या हवाई हमलों ने उस नौ सौ पाउंड यूरेनियम को नष्ट कर दिया है, जिसे अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के अनुसार, ईरान ने पहले ही हथियार-ग्रेड की गुणवत्ता के करीब समृद्ध कर लिया था। इसके अतिरिक्त इस युद्ध में ईरान पर अमेरिका इतना निर्णायक दबाव नहीं बना पाया है कि उसे बिना शर्त वार्ता के टेबल पर आने के लिए मजबूर कर दे। यहां तक कि परमाणु ठिकानों पर हमले के जबाव में उसने अमेरिकी अड्डों पर भी बमबारी की ही साथ में युद्धविराम की घोषणा के बाद भी इजराइल पर मिसाइल दागे।

यह सच है कि इजराइल ने अपने से पचहत्तर गुना बड़े देश ईरान जिसकी जनसंख्या उससे नौ गुना अधिक है, पर मिसाइल, ड्रोन से बमबारी कर उसके परमाणु कार्यक्रम को पीछे धकेल कर एवं अमेरिका को सीधे लड़ाई में लाकर उसने दशकों पुराना लक्ष्य हासिल कर लिया है। राजनीतिक रूप से देखें तो भारत इजराइल और ईरान के बीच टकराव में कहीं फंस गया है क्योंकि दोनों के साथ उसके महत्वपूर्ण रणनीतिक हित हैं। भारत के लिए इजराइल महत्वपूर्ण रक्षा आपूर्तिकर्ता है, जबकि ईरान अपने बंदर अब्बास बंदरगाह के माध्यम से भारत को मध्य एशिया और अफगानिस्तान में रणनीतिक प्रवेश द्वार प्रदान करता है। हाल के भारत पाकिस्तान युद्ध में इजराइल ने भारत का खुलकर समर्थन किया था परंतु भारत ऐसा नहीं कर सका क्योंकि दूसरा पक्ष भी उसका मित्र देश था। इतना ही नहीं रूस और अमेरिका के साथ भी उसके प्रतिस्पर्धी हित हैं, जो इस संघर्ष में विपरीत पक्षों पर खड़े थे। आर्थिक रूप से, भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का लगभग अस्सी प्रतिशत आयात करता है, जो खाड़ी देशों से प्रभावित हैं। भारत को अपनी स्वतंत्र विदेश नीति और रणनीतिक स्वायत्तता में अटूट विश्वास है लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप मौजूदा व्यवहार को देखते हुए लगता है कि अमेरिका के साथ भारत के रणनीतिक संबंध लगभग खोखले हो चुके हैं। चीन के साथ भारत के रिश्ते वैसे ही ठंडे पड़े हुए हैं क्योंकि वह चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के साथ खड़ा है। परंपरागत मित्र रूस इस समय खुद को अलग-थलग महसूस कर रहा है, क्योंकि भारत स्कैंडिनेविया से लेकर भूमध्य सागर तक यूरोप के रूसोफोबिक देशों के साथ दोस्ती की पींगे बढ़ा रहे हैं। हालांकि अमेरिका का मुख्य रोष यही है कि भारत रुस से तेल और रक्षा सामग्री आयात कर रहा है जबकि अमेरिका स्वयं भारत को रक्षा हथियार बेचना चाहता है।

इसके साथ ही ईरान भी हाल के युद्ध में भारत का समर्थन न पाने और भारतीय पश्चिम एशियाई रणनीति में इजराइल को दिए गए महत्व से खुश नहीं हो सकता है। हालांकि ईरान पहले विश्व राजनीति में भारत का काफी महत्वपूर्ण समर्थन किया था। तीस साल पहले जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र के मंच पर पाकिस्तान और ईरान के बीच एक कूटनीतिक युद्ध हुआ था, जब ईरान ने यूएनएचआरसी में पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित इस्लामिक सहयोग संगठन के प्रस्ताव को निरस्त कर दिया था, जिसमें कश्मीर में भारत के कथित मानवाधिकार उल्लंघन की निंदा की गई थी। इसलिए मध्य पूर्व के संबंध में भारत को एक ठोस, संतुलित और चतुर रणनीति बनाने की आवश्यकता है। जहां तक पाकिस्तान का प्रश्न है तो इस युद्ध में उसने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर लिया है। इरान इजराइल युद्ध में अमेरिकी हमले के बाद पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र संघ में रूस और चीन के साथ मिलकर तत्काल और बिना शर्त युद्ध विराम की मांग करते हुए एक प्रस्ताव पेश किया। यद्यपि इस मसौदा प्रस्ताव में स्पष्ट रूप से अमेरिका या इजरायल का नाम नहीं लिया गया, लेकिन इसमें ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमलों की निंदा की गई। जबकि ईरान के साथ उसके संबंध और परमाणु शक्ति संपन्न देश होने को ध्यान में रखकर ही डोनाल्ड ट्रम्प ने उसका समर्थन प्राप्त करने के लिए सैन्य प्रमुख मुनीर को लंच पर बुलाया था। इसके बावजूद ईरान के समर्थन में यह पाकिस्तान द्वारा रणनीतिक स्वायत्तता का एक आश्चर्यजनक रूप से मुखर प्रदर्शन है। ईरान के समर्थन में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में रूस और चीन के साथ मिलकर काम करना न केवल एक साहसिक सोच का प्रदर्शन है, बल्कि उभरते बहु-ध्रुवीय विश्व व्यवस्था में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में खुद को स्थापित करने की दिशा में पाकिस्तान की परिपक्वता का संकेत भी है। जाहिर है कि यह भारतीय हित में नहीं है। इस प्रकार स्पष्ट है ईरान -ईजराइल युद्ध भले ही युद्धविराम की स्थिति में है लेकिन यह अभी समाप्त नहीं हुआ है। ना तो ईरान अपनी सुरक्षा के लिए अपनु परमाणु कार्यक्रमों को इतनी आसानी से रोक देगा और ना ही इजराइल फिलिस्तीन सहित ईरान या अन्य किसी मध्य पूर्व के देशों को इतना शक्तिशाली बनने का अवसर देना चाहेगा जो उसके अस्तित्व के लिए ख़तरा हो। लेकिन यह भी सच है कि जब तक इज़राइल और अमेरिका मध्य पूर्व में एक स्वतंत्र फ़िलिस्तीनी राज्य की स्थापना के लिए सहमत नहीं हो जाते हैं, तब तक मध्य पूर्व में अस्थिरता और अशांति जारी रहने की संभावना बरकरार है।

## प्रसंगवश

# नदियों में बढ़ता प्रदूषण और धार्मिक संस्कार





कुछ दिन पहले एक वीडियो देख मैं अभिभूत हो गया। इसमें लोग बरसात में कावेरी नदी के जल के आगमन पर फूलों से उसका स्वागत कर उसे प्रणाम कर रहे थे। अपनी नदियों के प्रति ऐसी श्रद्धा देख कोई भी व्यक्ति भावुक हो सकता है। मनोज कुमार की फ़िल्म का एक गीत भी है। "इतनी ममता नदियों को यहां माता कह के बुलाते हैं" लेकिन एक दूसरी तस्वीर भी है। तमिलनाडु की एक नदी तामिरबरणी को भयंकर प्रदूषण का सामना करना पड़ रहा है। इस प्रदूषण की वजह है कि लोग इसमे अपने मृतकों के कपड़े, गद्दे, तकिए, फोटो फ्रेम, मिट्टी के बर्तन आदि फेंकते हैं। ऐसा वो भविष्य वक्ताओं के कहने पर धार्मिक संस्कारों के तहत करते हैं। ये सब इतनी अधिक संख्या में होने लगा कि नदी की धारा ही चोक हो गई और इसमें रहने वाली मछलियों और कछुओं के जीवन को खतरा हो गया।



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

इस नदी से चार जिलों को पीने का पानी भी सप्लाई होता है। इसलिए पर्यावरण वादियों ने इस धार्मिक संस्कार के विरुद्ध आवाज उठाई। और नदी को गंदा करने वालों पर सख्त कार्यवाही की मांग की। इस धार्मिक संस्कार के लिए सरकार ने जगह-जगह डस्ट बीन रखे हैं लेकिन लोगों के कहने पर लोग नदी में ही कपड़े डालते हैं।

आखिर एक पर्यावरण प्रेमी बी मूर्ति, रिटायर्ड असिस्टेंट डायरेक्टर के नेतृत्व में लोग सामने आए और उन्होंने इसे साफ करने का बीड़ा उठाया। आप विश्वास नहीं करेंगे कि उन्होंने नदी से 94 टन मृतकों के कपड़े, 975 किलो गिलास फोटो फ्रेम, 275 किलो नैपकिन, डायपर और 4 टन प्लास्टिक वेस्ट 21 दिन की अथक मेहनत के बाद निकाले। अब अपनी नदियों को लेकर ये दो भाव हमारे सामने हैं। दोनों ही भावों में नदी को आदर दिया गया है। लेकिन क्या नदी को हमारे आदर की जरूरत भी है। हमें सोचना होगा कि क्या हमारा ये मान सत्कार नदी के अस्तित्व पर संकट तो नहीं ला रहा।

मेरा पहला सवाल है कि आखिर नदी को नदी क्यों नहीं रहने देते। जब हमने उसका यही हश्र करना है तो उसे माता मानने की जरूरत ही क्या है। दूसरा सवाल है कि हमारे सारे धार्मिक संस्कार जो नदियों को प्रदूषित करते हैं। उसके लिए एक बड़े अभियान द्वारा लोगों को समझाया क्यों नहीं जा सकता जिससे हमारे धार्मिक संस्कारों का स्वरूप थोड़ा बदला जाए ताकि हमारी नदियां, जलीय जीव जंतु सही से सांस ले सकें। जैसा कि कुछ जगह जागरूकता आने के कारण अब देवी देवताओं की प्रतिमा का विसर्जन बहते पानी की जगह कृत्रिम जलाशयों में किया जाता है।

इस संबंध में कोर्ट ने रोजी-रोटी के संकट को देखते हुए मूर्तिकारों के पक्ष में एक फैसला भी दिया और उन्हें केवल प्राकृतिक रंग और मिट्टी की जगह प्लास्टर ऑफ पेरिस और कृत्रिम रंगों के इस्तेमाल से प्रतिमाएं बनाने की इजाजत दी। लेकिन साथ ही एक आदेश भी दिया कि ऐसी प्रतिमाओं का विसर्जन बहते हुए पानी मे नहीं किया जा सकता। समय अनुसार अगर हम और हमारे धार्मिक संस्कार नहीं बदले तो मनुष्य के अस्तित्व पर ही संकट आ सकता है।

उत्तराखंड हाई कोर्ट के एक निर्णय अनुसार नदियों को जीवित इकाई माना गया और नदियों को भी मनुष्यों समान कानूनी अधिकार दिए गए। लेकिन 2017 में सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले को पलट दिया और नदियों को जीवित इकाई मानने से इनकार कर दिया। क्या ही बेहतर होता अगर उत्तराखंड कोर्ट का फैसला बरकरार रहता। और हम कम से कम नदियों के अधिकार के लिए लड़ तो सकते थे।

# बाल स्वास्थ्य की दिशा में अनूठा कदम

हाल ही में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के द्वारा बच्चों के शारीरिक स्वास्थ्य एवं हितों को ध्यान में रखते हुए एक अभूतपूर्व कदम उठाया गया है। सीबीएसई के द्वारा सम्बद्ध विद्यालयों को यह निर्देश दिया गया है कि वे अपने परिसर में 'शुगर बोर्ड' की स्थापना करें। इस अनूठी पहल का उद्देश्य बच्चों के द्वारा शर्करा के सेवन पर निगरानी रखना एवं यदि वह आवश्यकता से कहीं अधिक हो रहा है तो उस पर नियंत्रण करना है। निस्संदेह केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के द्वारा की गई यह पहल नितांत सराहनीय एवं दूरदर्शितापूर्ण है क्योंकि उच्च शर्करा स्तर की समस्या आज वयस्कों से लेकर बच्चों तक को अपना शिकार बनाती जा रही है। सीबीएसई के अनुसार विगत दशक में बच्चों में टाइप-2 मधुमेह के मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। एक समय था जब इस बीमारी का बच्चों के साथ दूर-दूर तक कोई संबंध नहीं था एवं इसके मामले केवल वयस्कों अथवा वृद्धों में ही देखे जाते थे।

आखिरकार आज ऐसे क्या कारण हैं कि छोटे छोटे बच्चे जिनके जीवन में बीमारियों का कोई दखल नहीं होना चाहिए, मधुमेह जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित होते जा रहे हैं। अगर हम विगत कुछ दशकों के दौरान बच्चों की जीवनशैली, खानपान, रहन-सहन तथा शैक्षणिक एवं शारीरिक गतिविधियों में होने वाले परिवर्तनों पर सम्यक दृष्टिपात करें तो निश्चित रूप से हम उपर्युक्त प्रश्न का उत्तर खोजने में भी सफल हो जाएंगे। दरअसल कुछ दशकों पूर्व के बच्चों एवं आज की नई पीढ़ी में जमीन आसमान का अंतर है। यदि हम खानपान की बात करें तो जहां पहले की पीढ़ी स्वस्थ, संतुलित एवं पोषणयुक्त खान-पान से जुड़ी थी, वहीं आज की पीढ़ी फास्ट फूड,



शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर

आखिरकार आज ऐसे क्या कारण हैं कि छोटे छोटे बच्चे जिनके जीवन में बीमारियों का कोई दखल नहीं होना चाहिए, मधुमेह जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित होते जा रहे हैं।

जंक फूड एवं प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के अंदर ही पोषण, भूख एवं स्वाद को ढूंढ रही है। अब वह ऐसा अपनी इच्छा से कर रही है अथवा करने पर विवश है, यह तो स्पष्टतः नहीं बताया जा सकता। वहीं अगर हम व्यायाम अथवा शारीरिक गतिविधियों की बात करें तो जहां पुराने जमाने के बच्चे खेलकूद, योगासन एवं अन्य स्वास्थ्यप्रद गतिविधियों से जुड़े थे, तो आज की आधुनिक पीढ़ी मोबाइल गेमिंग एवं सोशल मीडिया जैसी झूठी दुनिया में ही खेलकूद का आनंद तलाश रही है। खास बात तो यह है कि आज के बच्चे जंक फूड एवं मोबाइल गेमिंग जैसे छदम परिदृश्य में ही अति प्रसन्न हैं, लिहाजा अगर उनको स्वस्थ जीवन शैली एवं खान-पान से परिचित कराने का प्रयास भी किया जाए तो वह उनको कतई रास नहीं आता।

सीबीएसई के द्वारा स्कूलों के प्रधानाचार्यों को इस योजना के संबंध में पत्र लिखा गया है एवं कहा गया है कि बच्चों में बढ़ते शुगर लेवल का प्रमुख कारण है- शर्करा का अति सेवन। प्रायः ऐसा देखा जाता है कि स्कूलों के आसपास स्नेक्स, कोल्ड ड्रिंक एवं अन्य प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ बड़ी आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं। मध्यावकाश अथवा स्कूल से छुट्टी के समय में विद्यार्थी इन पर ऐसे टूटते हैं जैसे कि मानो उन्हें कोई बड़ा खजाना बड़ी लंबी प्रतीक्षा के बाद प्राप्त हो गया हो। जाने अनजाने में वे उन पदार्थों का सेवन अपनी क्षुधा को शांत करने के लिए करते हैं जो उनके लिए नितांत हानिकारक होते हैं। जाहिर सी बात है कि जब पेट जंक फूड से ही ठसाठस भर जाएगा तो फिर स्वस्थ एवं पौष्टिक भोजन के पेट में जाने का कोई प्रश्न ही नहीं उठता। खास बात तो यह है कि जंक फूड एवं प्रसंस्कृत पदार्थों से दोस्ती बच्चों की दिनचर्या का अंग बन चुकी है। बदल बदल कर जंक फूड, कोल्ड ड्रिंक इत्यादि का सेवन करना बच्चों की आदत में आ चुका है।

अध्ययन बताते हैं कि चार से दस वर्ष की आयु के बच्चों के दैनिक कैलोरी सेवन में चीनी का अंश 13 फ़ीसदी है तथा 11 से 18 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए 15 फीसदी है, जबकि बच्चों के लिए चीनी सेवन की अनुशंसित सीमा 5 प्रतिशत ही है। स्पष्ट है कि बच्चों के द्वारा आवश्यकता से कहीं ज्यादा चीनी का सेवन किया जा रहा है। इस संबंध में भारत में हुए अध्ययन की रिपोर्ट बेहद चिंताजनक है। भारत में 88.6 फ़ीसदी विज्ञापन उच्च फैट, नमक एवं चीनी युक्त उत्पादों के हैं। इस मामले में हम सभी को ब्रिटेन से प्रेरणा लेनी चाहिए। ब्रिटेन में अक्टूबर 2025 से टीवी एवं सभी ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों पर जंक फूड विज्ञापनों पर आंशिक रोक लागू करने की योजना बनाई जा रही है। निश्चित है कि इस योजना के सफल क्रियान्वयन से बच्चों में जंक फूड के प्रति आकर्षित होने एवं ललचाने की प्रवृत्ति में ह्रास होने की पूर्ण संभावना होगी। इन सभी पहलुओं को देखकर एवं विचार करने के उपरांत यह कहा जा सकता है कि सीबीएसई के द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर उठाया गया कदम नितांत विवेकपूर्ण एवं प्रशंसनीय है।

## सोशल फोरम

# धरोहरों का हो संरक्षण

वृंदावन में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तावित श्रीबांकेविहारी मंदिर कॉरिडोर के भूमि की नाप-जोख और सर्वे का कार्य पूर्ण हो गया है। बताया जा रहा कि यह गलियारा लगभग पांच एकड़ भूमि पर निर्मित होगा।

दो दिन पूर्व ब्रज संस्कृति शोध संस्थान के प्रकाशन अधिकारी गोपालशरण शर्मा ने इस पूरे क्षेत्र में आ रहे प्राचीन धरोहर स्थल एवं मंदिरों का अवलोकन कराया जिसके बाद इस क्षेत्र की धरोहरों के प्रति हमारी चिंताएं गंभीर हो गई हैं। उदाहरण के लिए हमने ठा.श्रीराधामोहन के सुंदर दर्शन किए। यह पूरा परिसर राधामोहन का घेरा कहलाता है। यह 16वीं सदी में आबाद हुआ एक प्राचीन परिसर है, जहां श्रीराधावल्लभ संप्रदाय के प्रवर्तक महान रसिकाचार्य श्रीहित हरिवंश गोस्वामी के दूसरे सुपुत्र गोस्वामी श्रीकृष्णचन्द्र महाराज के सेव्य विग्रह ठा.श्रीराधामोहन का मंदिर स्थापित है, जो वृन्दावन में शाही लाल पत्थर से निर्मित 16 वीं सदी के मंदिरों में से एक है। यह मंदिर श्रीराधावल्लभ के पुराने मंदिर के साथ का ही बना था। हम जानते ही हैं कि आज श्रीराधावल्लभ का पुराना मंदिर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा संरक्षित एक स्मारक है। इन दोनों मंदिरों में प्रयुक्त हुए पत्थर, तोरण, द्वार, वास्तुशिल्प आदि की समानता को देख कर भी यह सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि ये दोनों मुग़लकालीन संरचनाएं एक ही युग की देन हैं। राधावल्लभ संप्रदाय के वाणी साहित्य से ज्ञात होता है कि 18 वीं सदी में राधामोहन घेरे का परिसर अत्यन्त रमणीय और हितकुल का प्रमुख स्थान था।



लक्ष्मीनारायण तिवारी
सचिव, ब्रज संस्कृति शोध संस्थान,वृन्दावन

यहां मंदिर में हमारी भेंट सेवायत गोस्वामी श्रीमृदुल वल्लभ से हुई जिन्होंने हमें बड़े दुखित मन से बतलाया कि कॉरिडोर निर्माण हेतु ठा. श्रीराधामोहन के प्राचीन मंदिर सहित पूरे परिसर को नाप लिया गया, प्रस्तावित कॉरिडोर के नक्शे के अनुसार ठा.श्रीराधामोहन मंदिर को तोड़ा जाना है जिसके लिए नाप कर नंबर डाल दिए गए हैं। धार्मिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक वृंदावनी धरोहरों के संरक्षण का एक बड़ा प्रश्न हमारे सामने खड़ा है। आज जिस प्रकार के हालात है वह हम सब के लिए विचारणीय है।

**-फेसबुक वॉल से**

# क्रैश जहाज से जिंदा बचे शख्स जैसे अखिलेश यादव

संघर्षों से लड़ने और बढ़ने की विरासत लिए अखिलेश यादव राजनीतिक कुशलता में अपने पिता मुलायम सिंह यादव से कम नहीं हैं। भाजपा की धुरी यूपी में मोदी-योगी की लोकप्रियता की सुनामी में सबसे बड़े विपक्षी दल के तौर पर सपा की शक्ति को बचा पाना अखिलेश यादव की बड़ी उपलब्धि है। तब जब भाजपा के फैलाव में पिछले एक दशक में देश के शक्तिशाली दल टूट गए, बिखर गई, बौने हो गए। पार्टी को बचा पाना, संभाल पाना और ऐसे दौर में सपा के इतिहास में पहली बार 2024 में लोकसभा चुनाव में 37 सीटें जीतना अखिलेश की राजनीतिक दक्षता का चमत्कार है। इतनी सीटें तो मुलायम सिंह अपने स्वर्णकाल में भी नहीं जीत सके थे। अभिनेत्रा राजकपूर के गीत के निर्देशन में राजनीतिक गाड़ी चलानी पड़ती है-ऐ भाई जरा देख के चलो, आगे ही नहीं पीछे भी, दाएं ही नहीं बाएं भी...कहते हैं कि सियासत में युद्ध कौशल का प्रदर्शन हर जगह होता है। घर के बाहर विरोधी से ही नहीं घर के अंदर के प्रतिद्वंद्वीयो से भी लड़ना होता है। मुख्यमंत्री की कुर्सी पर रहते अपने चाचा और उनके गुट से अखिलेश नहीं लड़ते तो शायद आज पिता मुलायम सिंह की कुर्सी का सौ फीसद हिस्सेदारी का हक नहीं मिल पाता। चाचा शिवपाल यादव उनकी समानांतर ताकत में होते। नेता जी के बाद पार्टी में एकक्षत्र ताकत का संकट तो गहराता ही।



नवेद शिकोह
वरिष्ठ पत्रकार

मुख्यमंत्री बनने से पहले अखिलेश की खुद की ताकत- अपने बूते पर चुनाव जीतते रहे। 2012 का विधानसभा चुनाव जीतने से पहले पूरी चुनावी कम्पेन का उन्होंने नेतृत्व किया।

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने हर मोर्चे पर युद्ध लड़ा। अपनों से भी लड़ाई जीती और भाजपा के तीव्र तूफान में भी पार्टी की नैय्या बचा ली।'

बसपा सुप्रीमों मायावती यूपी की शीर्ष नेताओं में शुमार हैं, भाजपा के स्वर्णकाल में बसपा विपक्ष के लायक भी नहीं रही। लगभग डेढ़ दशक तक ये कहा जाता रहा कि प्रियंका गांधी राजनीति में आ जाएं तो यूपी में कांग्रेस के पुराने दिन वापस आ जाएंगे। वो भी आईं कुछ ना कर पाईं। भाजपा व उसकी सरकार और योगी आदित्यनाथ के हिन्दुत्व के चेहरे की ताकत के आगे सब धराशाई हो गए। मजबूत विपक्ष के तौर पर कोई बचा तो वो थी समाजवादी पार्टी। अखिलेश यादव ने सपा की नैय्या को कई तूफानों से बचाया, कमजोर नेतृत्व होता तो ताज्जुब नहीं कि बसपा और कांग्रेस की तरह सपा भी हाशिए पर पड़ी होती और सदन में भाजपा का एकक्षत्र राज रहता। ये सच है कि यूपी का मुख्यमंत्री बनने में अखिलेश यादव की योग्यता आधी थी और आधा पिता प्रेम था, पिता का श्रेय था।

मुख्यमंत्री बनने से पहले अखिलेश की खुद की ताकत- अपने बूते पर चुनाव जीतते रहे। 2012 का विधानसभा चुनाव जीतने से पहले पूरी चुनावी कम्पेन का उन्होंने नेतृत्व किया। उस चुनाव में मुलायम चुनावी कम्पेन से गायब थे उन्होंने ने अखिलेश पर ऐसे जिम्मेदारी दी थी जैसे चील अपने बच्चे को आकाश की ऊंचाइयों पर ले जाकर फेंक देती है। जान बचानी है तो बाजुओं में ताकत पैदा करो, उड़ना सीखो और उड़ो। फिर सारा आकाश तुम्हारा होगा! पिता की कोशिश और मार्गदर्शन पर पुत्र पूरी फरमाबरदारी से चलता भी रहा। उन्होंने रथयात्रा निकालकर पूरे प्रदेश के गांव-गांव जनता से मिले, जमीनी संघर्ष किया। सपा को गुंडे-माफियाओं की पार्टी कहने के आरोपों को ग़लत साबित करते हुए दागियों को पार्टी से दूर करने की साहसी और सराहनीय पहल की। डीपी यादव जैसे कई नेताओं को टिकट ना देने पर अड़े तो जनता में अखिलेश में आशा की एक नई किरण दिखने लगी। "अखिलेश यादव को सत्ता मिली तो भी संकट थे और सत्ता के बाहर दमदार विपक्ष बने रहना भी बहुत मुश्किल था"

2012 में सपा सरकार ने विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए। अखिलेश यादव बेहद लोकप्रिय नेता बन कर उभरे। किंतु पार्टी में इतनी कलह थी उसे सपा मुखिया मुलायम सिंह यादव जी भी नहीं संभाल सके। दूसरी तरफ तत्कालीन गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के तौर पर प्रोजेक्ट करने पर नई भाजपा का समुद्र देश में उफान ले रहा था। बावजूद इसके हो सकता था कि अखिलेश यादव के विकास कार्यों और लोकप्रियता के आगे भाजपा की सुनामी उत्तर प्रदेश में कोई खास असर नहीं दिखा पाती। लेकिन उन दिनों सत्तारूढ़ सपा में आपसी कलह सड़क पर उतर चुकी थी, जिसके कारण यूपी में अखिलेश के विकास कार्य और लोकप्रियता भाजपा को रोक नहीं सकी। संघर्ष जारी है। 2027 के चुनाव में लगभग डेढ़ वर्ष शेष है।

अखिलेश के सामने योगी आदित्यनाथ का हिन्दुत्व का लोकप्रिय चेहरा है। इस जटिल लड़ाई में कांग्रेस का साथ लेना ही पड़ेगा। योगी तीसरी बार जीत गए तो सपा को टूट-फूट से बचाना बेहद मुश्किल होगा। अखिलेश जीत गए तो यूपी में कांग्रेस के फैलाव को रोकना भी काफी जटिल होगा। सियासत के हर रास्ते में कांटे होते हैं। सफलता में भी असफलता में भी। कभी फूलों में कांटे छिप जाते हैं और हमें दिखाई नहीं देते।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

## एक नजर

### मादा गुलदार ने दी दो शावकों के साथ दस्तक

**खटीमा :** दाह ढाकी सहित आसपास के कई गांवों में बीते कई दिनों से बाघ की दहशत बरकरार है। इसी बीच दो शावकों सहित मादा गुलदार की मौजूदगी ने ग्रामीणों की चिंताएं और बढ़ा दी हैं। सोमवार की रात मादा गुलदार ने अपने दो बच्चों के साथ दाह ढाकी में वहीं की निवासी कृष्णा कौर (50) पत्नी वचन सिंह पर झपट्टा मार दिया। महिला ने जैसे तैसे घर के अंदर छिप कर अपनी जान बचाई। वहीं महिला का कहना है वह घर के बाहर काम कर रही थी उसी दौरान घात लगाए बैठी मादा गुलदार ने उस पर हमला कर दिया। घटनाक्रम के बाद पीड़ित का परिवार दहशत में है। वहीं खटीमा वन क्षेत्राधिकारी जीवन चन्द्र उप्रेती ने बताया कि बाघ को रेस्क्यू करने के लिए प्रभागीय वनाधिकारी को लिखित पत्र भेजा गया है। उन्होंने कहा कि सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने पीटर मसीह और कृष्णा कौर के घर के आसपास गुलदार के पग चिह्न लिए हैं। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही बाघ को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया जाएगा।

### होटल परिसर में बाइक छोड़कर युवक-युवती गायब

**बाजपुर :** होटल परिसर में बाइक छोड़कर युवक-युवती गायब हो गए। कई दिनों तक नहीं लौटे तो ढाबा संचालक ने बाइक कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दी है। ग्राम मुड़िया कलां निवासी रंजीत सिंह ने पुलिस को बताया कि एनडीटी पेट्रोल पंप शर्मा मल्टीप्लेक्स बाजपुर के सामने शान-ए-पंजाब के नाम से उसका होटल है। 25 जून को दिल्ली एवं गाजियाबाद के रहने वाले युवक-युवती बाइक से होटल पर आए और फैमली कमरा किराये पर लिया था। 26 जून की प्रात: करीब 6 बजे होटल से चेकआउट कर दिया। होटल संचालक के अनुसार युवक अपनी बाइक लेकर नहीं गया है तथा उसका फोन भी बंद आ रहा है। पिछले सप्ताहभर से बाइक उसके होटल परिसर में ही खड़ी है।

### बाढ़ से निपटने के लिये आठ चौकियां स्थापित

**काशीपुर :** तहसील क्षेत्र से होकर बहने वाली तीन प्रमुख नदियों में बाढ़ से निपटने के लिये प्रशासन ने आठ बाढ़ चौकियां स्थापित की हैं। इसमें से दो चौकी को अतिसंवेदनशील घोषित किया गया है। मानसून के दौरान प्रत्येक वर्ष ढेला नदी, कोसी नदी व बहला नदी में बाढ़ आने पर इससे सटे कई गांव के लोग प्रभावित होते हैं। इन नदियों में जलस्तर पर नजर रखने और बाढ़ प्रभावितों को राहत पहुंचाने के लिए तहसील क्षेत्र में आठ बाढ़ चौकियों को स्थापित किया गया है। तहसीलदार पंकज चंदौला ने बताया कि सभी बाढ़ चौकियों में 49 कर्मचारियों की तैनाती की गई है।

---

संपत्तियों के हस्तांतरण को लेकर आयोजित हुई बैठक, सचिव सिंचाई ने विभाग के अधिकारियों को दिए निर्देश, हरिपुरा बौर जलाशय से सिल्ट हटाने का प्रस्ताव

# उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड की सिंचाई जमीनों का होगा दोबारा सर्वे

बैठक

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** सिंचाई विभाग के सचिव युगल किशोर पंत ने जिलाधिकारी व सिंचाई विभाग के अभियंताओं के साथ उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश के मध्य सिंचाई विभाग की संपत्तियों के हस्तांतरण को लेकर बैठक की। इस दौरान उन्होंने जनपद में उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड की सिंचाई भूमियों का राजस्व विभाग के साथ दोबारा सर्वे करने के निर्देश सिंचाई विभाग के अधिकारियों को दिए।



अधिकारियों के साथ बैठक करते सिंचाई विभाग के सचिव युगल किशोर पंत। ● अमृत विचार

मंगलवार को जिला सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने सिंचाई विभाग के सचिव को बताया कि हरिपुरा बौर जलाशय में सिल्ट जमा हो गई है। जिससे जलाशय में पानी भंडारण क्षमता कम हो गई है। इसलिए जलाशय की डिसिल्टिंग कराना आवश्यक है। जिस पर सचिव ने अधीक्षण अभियंता सिंचाई को जलाशय डिसिल्टिंग कराने के लिए प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रस्ताव दो प्रकार से बनाया जाए। पहला प्रस्ताव जलाशय से सिल्ट को हटाने के लिए टेंडर करने और दूसरा स्वयं जलाशय से सिल्ट निकालने का प्रस्ताव बनाकर भेजें।

### उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग से 403.78 हेक्टेयर भूमि की मांग

रुद्रपुर। अधीक्षण अभियंता सिंचाई पीके दीक्षित ने बताया कि वर्ष 2021 में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड दोनों राज्यों के मुख्य अभियंताओं एवं अन्य अधिकारियों ने संयुक्त बैठक में संपत्तियों और दायित्वों के विभाजन प्रकरणों पर वार्ता की गयी। साथ ही उत्तराखंड को हस्तांतरण की जाने वाली भूमि, भवनों का चिन्हीकरण की कार्रवाई की गई। जिसमें ऊधमसिंह नगर में धौरा जलाशय, नानकसागर जलाशय, बैगुल जलाशय की भूमि कुल 8859 .349 हेक्टेयर में से 1854 .274 हेक्टेयर भूमि वन विभाग और 70 .198 हेक्टेयर भूमि राजस्व विभाग को हस्तांतरित की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि विगत बैठक में सिंचाई विभाग ने 403 .78 हेक्टेयर भूमि की मांग प्रस्तुत की गई। जिसके सापेक्ष सिंचाई विभाग उत्तर प्रदेश ने 12 .457 हेक्टेयर भूमि के हस्तांतरण पर सहमति व्यक्त की गयी जिसका शासनादेश आज तक अपेक्षित है।

### ये अधिकारी रहे मौजूद

मुख्य अभियंता सिंचाई कुमाऊं संजय कुमार शुक्ला, उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट, ओसी गौरव पांडेय, अधीक्षण अभियंता पीके दीक्षित, एमपी खरे, अधिशासी अभियंता आनंद सिंह नेगी, बीएस डांगी, एके जैन, सहायक अभियंता पंकज ढौंडियाल, हरीश चंद्र, राकेश यादव आदि मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने मेलाघाट खटीमा में जगबूड़ा नदी से हो रहे भू-कटाव की जानकारी देते हुए बताया कि जगबूड़ा नदी में बाढ़ सुरक्षा एव भू-कटाव रोकने के लिए तटबंध बनाने के लिए धनराशि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि अधिशासी अभियंता सिंचाई ने इस कार्य के लिए 4.80 करोड़ का प्रस्ताव शासन को भेजा है। अधीक्षण अभियंता सिंचाई पीके दीक्षित ने बताया कि वर्ष 2021 में दोनों राज्यों के मुख्य अभियंताओं एवं अन्य अधिकारियों ने संयुक्त बैठक में संपत्तियों एवं दयित्वों के विभाजन प्रकरणों पर वार्ता हो चुकी है।

---

# आज से 5 जुलाई तक होंगे नामांकन पत्र दाखिल

फिर होगी नामांकन पत्रों की जांच, नाम वापसी व प्रतीक आवंटन, आरओ और एआरओ को दिया पीपीटी के माध्यम से प्रशिक्षण

पंचायत चुनाव

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को निष्पक्ष, निर्बाध संपन्न कराने के लिए सभी आरओ और एआरओ को मास्टर ट्रेनरों ने द्वितीय प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान सभी आरओ और एआरओ को नामांकन पत्रों की जांच, नाम वापसी व प्रतीक आवंटन कैसे दिया जाएगा। इसके बारे में पीपीटी के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी गई।

मंगलवार को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में आयोजित प्रशिक्षण में जिला निर्वाचन अधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कहा कि 2 जुलाई से 5 जुलाई तक सुबह 8 बजे से सायं 4 बजे तक नामांकन दाखिल होंगे। इसके बाद नामांकन पत्रों की जांच, नाम वापसी व प्रतीक आवंटन कार्य होगा जो अति महत्वपूर्ण है। इसलिए सभी आरओ, एआरओ हस्तपुस्तिका का अच्छे से अध्ययन कर लें। उन्होंने कहा कि नामांकन, नामांकन पत्रों की जांच व प्रतीक चिन्ह आवंटन में सावधानी व सतर्कता बरती जाये। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष, शांतिपूर्ण निर्वाचन कराना सभी का दायित्व है। इसलिए सभी आरओ, एआरओ तटस्थ होकर कार्य करें। प्रशिक्षण में जो भी बातें बतायी जा रही हैं उन्हें गंभीरता से लें और आरओ हैंडबुक व पंचायतीराज एक्ट का अच्छे से अध्ययन कर लें। ताकि निर्वाचन के कार्यों में कोई समस्या न आ पाये। उन्होंने कहा कि निर्वाचन में कोई भी कानून व्यवस्था संबंधी परेशानी आती है तो आरओ, एआरओ तुरंत संबंधित उप जिलाधिकारी, पुलिस व कंट्रोल रूम को बताएं। समस्या का तत्काल समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा आरओ, एआरओ अपने-अपने क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता का अनुपालन कराएं।



प्रशिक्षण के दौरान जानकारी देते जिला निर्वाचन अधिकारी नितिन सिंह भदौरिया। ● अमृत विचार

### नाम निर्देशन पत्रों को जमा करते समय तिथि व समय का करें अंकन

**रुद्रपुर :** मास्टर ट्रेनर नरेश चंद्र दुर्गापाल व जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल ने आरओ, एआरओ को द्वितीय प्रशिक्षण देते हुए कहा कि निर्वाचन का प्रथम चरण नामांकन से प्रतीक चिन्ह आवंटन तक अति महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्रों को लेते समय अच्छी तरह से देखकर जमा कराएं और नाम निर्देशन पत्रों को जमा करते समय तिथि व समय का अनिवार्य रूप से अंकन किया जाए। उन्होंने कहा नाम निर्देशन पत्रों व उनके साथ लगे शपथ पत्रों की अच्छी तरह से जांच करें व प्रतीक चिन्ह आवंटन में भी सतर्कता बरती जाय। सभी आरओ, एआरओ नामांकन के लिए कक्षों में जो भी व्यवस्थाएं करनी है पहले से कर लें।

### ये अधिकारी रहे मौजूद

उप जिला निर्वाचन अधिकारी कौस्तुभ मिश्र, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, आरओ जिला पंचायत एपी वाजपेयी, आरओ आनंद सिंह नेगी, संजय कुमार छिमवाल, अरविंद सैनी, सुशील कुमार, डॉ.आशुतोष जोशी, शैलेंद्र सिंह, एके जैन, सुनील जोशी, अभय सक्सेना, कल्याण सिंह, अमित भारती, राजेंद्र कुमार सिंह, राजेंद्र चौहान, एआरओ भानु प्रताप, रविंद्र सिंह, विश्वविजय सिंह देव, योगेश कुमार तिवारी, कैलाश चंद्र शर्मा, शैलेंद्र मेहरा सहित नोडल अधिकारी व खंड विकास अधिकारी मौजूद रहे।

---

# जिपं में अधिकृत, क्षेपं में स्वतंत्र रूप से लड़ेंगे चुनाव



पत्रकारों से वार्ता करते कांग्रेस के पूर्व विधायक एवं जिला प्रभारी पंचायत चुनाव।

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** कांग्रेस के पूर्व विधायक और जिला प्रभारी पंचायत चुनाव रणजीत सिंह रावत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पंचायत चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है। जिला पंचायत में कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी होंगे, क्षेत्र पंचायत में स्वतंत्र रूप से पार्टी कार्यकर्ता चुनाव लड़ेंगे।

मंगलवार को यह बात कांग्रेस के पूर्व विधायक और जिला प्रभारी पंचायत चुनाव रावत ने कांग्रेस जिला कार्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत की सीट के लिए कांग्रेस प्रत्याशी का चयन कर प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेजा जा चुका है। कुछ नाम आज और कुछ नाम कल तक घोषित कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पंचायत गांव की सरकार है। क्षेत्र के विकास के साथ ही देश के विकास में पंचायत की भूमिका अग्रणी रही है। उन्होंने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है। इसकी अधिकतर जनसंख्या गांवों में ही रहती है। भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा देश में होने वाले चुनावों में धांधली कर रही है। महाराष्ट्र और हरियाणा में हुए चुनाव में धांधली कराई गई है। भाजपा सरकार जितने भी हथकंडे अपना लें, कांग्रेस उसका जवाब देगी। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा, नगर अध्यक्ष सीपी शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष नारायण सिंह बिष्ट, पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा, संदीप चीमा आदि मौजूद रहे।

---

# नगला डेयरी फार्म में युवक का सड़ा-गला शव मिला

- नोएडा में प्राइवेट नौकरी करता था बहेड़ी का युवक

संवाददाता, शांतिपुरी



लक्ष्य संधू (फाइल)।

**अमृत विचार:** शांतिपुरी गेट के पास थाना पंतनगर पुलिस को नगला डेयरी फार्म के बीचों बीच बने एक कच्चे रास्ते से संदिग्ध अवस्था में युवक का सड़ा-गला शव बरामद हुआ है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचित कर शव पोस्टमार्टम के लिए रुद्रपुर भेज दिया है।

मंगलवार को किच्छा-हल्द्वानी मुख्य मार्ग से करीब दो सौ मीटर अंदर पंतनगर डेयरी फार्म में पाकेनाला स्थित दिनेशपुर निवासी शेर सिंह के लीज प्लॉट के बीच बने कच्चे रास्ते पर कृषि मजदूरों ने अज्ञात युवक का शव देखा। उन्होंने इसकी जानकारी पंतनगर सुरक्षा विभाग व पंतनगर पुलिस को दी। पुलिस ने मृतक के जेब से मिले आधार कार्ड व क्रेडिट कार्ड के आधार पर शव की शिनाख्त लक्ष्य संधू (28) पुत्र सुखविंदर सिंह निवासी गोपालपुर बहेड़ी, जिला बरेली उत्तर प्रदेश के रूप में की। शव के पास से दो पहिया वाहन बुलेट, गले में सोने की चेन, जेब में मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, पर्स तथा चार नशे के इंजेक्शन मिले हैं। सूचना पर पहुंचे मृतक के पिता सुखविंदर ने बताया कि मृतक लक्ष्य उनका एकलौता बेटा था। वह नोएडा में प्राइवेट नौकरी करता था। वह कुछ समय से घर से ही ऑनलाइन काम करता था। मृतक के पिता सुखविंदर ने लक्ष्य के नशा करने की बात को नकारा है। उन्होंने बताया कि लक्ष्य 28 जून को दोपहर करीब दो बजे दोस्त के यहां जाने की बात कह कर घर से निकला था। देर रात तक घर वापस नहीं लौटने व मोबाइल स्विच ऑफ आने पर उसकी खोजबीन की गयी। लगातार तीन दिन तक उसका सुराग नहीं मिलने पर 30 जून को यूपी के बहेड़ी पुलिस थाने में परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। फिलहाल पुलिस ने मौके पर फॉरेंसिक टीम बुलाकर युवक की मौत के कारणों की जांच शुरू कर दी है। इस दौरान एडिशनल एसपी उत्तम सिंह नेगी, सीओ डीआर वर्मा, एसएचओ पंतनगर सुन्दरम शर्मा, एसआई हेमचंद्र सिंह हरड़िया समेत उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश के पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### पिता बोले बेटे की मौत का कारण नशा नहीं, कोई बड़ी साजिश

शव देख रोते बिलखते पिता सुखविंदर ने कहा कि उनका बेटा स्वयं नशे के इंजेक्शन नहीं ले सकता। कहा कि उसकी मौत के पीछे जरूर कोई बड़ी साजिश हुई है। उन्होंने कहा कि बेटा ऊधमसिंह नगर के किच्छा में उसके दो तीन दोस्त होने की बात करता था। कई बार वह उनसे यहां मिलने भी आता था।

> मृतक के पास मिले चार नशे के इंजेक्शन से प्रथम दृष्टया यह प्रतीत होता है कि नशे की ओवर डोज लेने से उसकी मौत हुई होगी। बाकी जांच का विषय है। मामले में बहेड़ी थाने में गुमशुदगी दर्ज है फिलहाल दोनों प्रदेशों की पुलिस संयुक्त रूप से मामले की जांच कर रही है।
> **-सुन्दरम शर्मा**, एसएचओ पंतनगर

---

# सट्टा और जुए को लेकर महिलाओं में आक्रोश

- रम्पुरा चौकी के बाहर किया महिलाओं ने प्रदर्शन
- जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो किया जाएगा आंदोलन

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** रम्पुरा वार्ड 24 में घर के आगे सट्टा और जुआ खेलने से मना करने पर एक युवक को तमंचे की बट से मारकर घायल कर दिया। इसको लेकर पीड़ित युवक के साथ ही स्थानीय महिलाओं में आक्रोश व्याप्त है। इससे नाराज लोगों ने रम्पुरा चौकी के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। साथ ही जल्द सट्टा खिलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। साथ ही पुलिस को तहरीर सौंपी है।

मंगलवार को रम्पुरा चौकी में प्रदर्शन कर रही आक्रोशित महिलाओं ने कहा कि क्षेत्र में प्रतिदिन कुछ युवक सट्टा और जुआ लोगों को खिलाते हैं। इससे क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है। साथ ही युवा पीढ़ी का भविष्य भी खराब हो रहा है। उन्होंने कहा कि जब सट्टा और जुआ खिलाने वालों से मना किया जाता है तो वे गाली गलौज और मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। महिलाओं का कहना है कि कई लोगों के साथ इन लोगों ने मारपीट भी की है। उन्होंने कहा कि विगत दिवस क्षेत्र के एक युवक ने सट्टा और जुआ खेलने से मना किया तो उन्होंने उसके साथ मारपीट की और तमंचे की बट से मारकर घायल कर दिया।



रम्पुरा चौकी के बाहर प्रदर्शन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

वहीं आक्रोशित महिलाओं ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस चौकी में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही कहा कि अगर जल्द सट्टा और जुआ खिलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गयी तो आंदोलन किया जाएगा। उधर रम्पुरा पुलिस चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। इस अवसर पर सुरेश कोली, लालाराम, रीना, उर्मिला देवी, रामवती, मंजू देवी, राजकुमार, रमा देवी, हीरा कली समेत कई महिलाएं मौजूद रहीं।

---

सरगर्मी — 5 जुलाई तक तीनों पद के लिए नामांकन पत्रों की बिक्री व जमा करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है

# पंचायत चुनाव के लिए दूसरे दिन 298 नामांकन पत्रों की बिक्री

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव प्रक्रिया के दूसरे दिन तीन न्याय पंचायत के लिये 298 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई।

तीन न्याय पंचायत के लिए प्रधान, पंचायत सदस्य व बीडीसी के लिए अब तक कुल 556 नामांकन पत्रों की बिक्री हो चुकी है। सिंचाई विभाग के ईई/रिटर्निंग ऑफीसर अजय कुमार जॉन ने बताया कि काशीपुर ब्लॉक में तीन न्याय पंचायत कुंडेश्वरी, खड़कपुर देवीपुरा व बांसखेड़ा आती हैं। पंचायत चुनाव में नामांकन पत्रों की बिक्री के क्रम में दूसरे दिन प्रधान पद के लिए 88, पंचायत सदस्य के लिए 121 व बीडीसी के लिए 89 नामांकन पत्रों की बिक्री की गई। उन्होंने बताया कि ब्लॉक क्षेत्र में पंचायत चुनाव के लिए 140 बूथों का बनाया गया है। 5 जुलाई तक तीनों पद के लिए नामांकन पत्रों की बिक्री व जमा करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।



काशीपुर में नामांकन पत्र खरीदता एक दावेदार। ● अमृत विचार



बाजपुर ब्लॉक कार्यालय में नामांकन पत्र खरीदते प्रत्याशी एवं समर्थक।

### बाजपुर में 456 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई

**बाजपुर :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव प्रक्रिया नामांकन पत्रों की बिक्री दूसरे दिन भी जारी रही। मंगलवार को विभिन्न पदों के लिए कुल 456 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। खंड विकास कार्यालय भवन में नामांकन पत्रों की बिक्री के लिए तीन काउंटर बनाए गए हैं, जिनके माध्यम से नामांकन पत्रों की बिक्री की जा रही है। एडीओ पंचायत सतीश सैनी ने बताया कि दूसरे दिन कुल 456 नामांकन प्रपत्रों की बिक्री हुई है जिसमें 142 ग्राम प्रधान, 107 क्षेत्र पंचायत सदस्य (बीडीसी) व 207 ग्राम पंचायत सदस्य पद के प्रपत्र बिके हैं। इन दो दिनों के अंदर विभिन्न पदों के लिए कुल 746 नामांकन पत्रों की बिक्री हो चुकी है। वहीं खंड विकास अधिकारी शेखर जोशी ने बताया कि निष्पक्ष व शांति पूर्वक चुनाव प्रक्रिया संपन्न करवाना हमारी प्राथमिकता है।

---

# फर्जी चेक से गबन मामले में एक और आरोपी का नाम आया सामने

- पुलिस कर रही आरोपी की संलिप्तता की जांच
- इंडसइंड बैंक से 13 करोड़ से अधिक के गबन का है मामला

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** इंडसइंड बैंक में कम्पीटेंट अथॉरिटी फार एक्वीजिशन (सीएएलए) और एनएचएआई के संयुक्त खाते से तीन फर्जी चेकों से 13 करोड़ से अधिक के गबन मामले में एक और आरोपी का नाम सामने आया है। एसएसपी ने बताया कि प्रकाश में आए आरोपित की संलिप्तता की जांच की जा रही है। जांच के बाद आरोप सही पाए जाने पर उसकी भी गिरफ्तारी की जाएगी।

यहां बता दें कि 28 और 31 अगस्त, 2024 को इंडसइंड बैंक में कंपीटेंट अथारिटी फार एक्वीजिशन (सीएएलए) और एनएचएआई के संयुक्त खाते से तीन फर्जी चेकों से 13 करोड़ 51 लाख 46 हजार रुपये निकालने का मामला सामने आया था। मामले में तत्कालीन विशेष भू अध्याप्ति अधिकारी कौस्तुभ मिश्रा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों पर प्राथमिकी पंजीकृत कर ली थी। जांच के बाद पुलिस ने बैंक मैनेजर देवेंद्र सिंह, महिला कैशियर और ललित कुमार महेंद्रू उर्फ लाली उर्फ शिव दास पाटिल निवासी बलवंत एनक्लेव थाना बिलासपुर रामपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस ने गबन के रुपये की रिकवरी भी कर ली थी। हालांकि बाद में जांच में महिला कैशियर की संलिप्तता नहीं पाई गई। वहीं पुलिस ने बैंक में फर्जी चेक लगाने वाले ललित कुमार महेंद्रू उर्फ लाली उर्फ शिव दास पाटिल से पूछताछ की तो उसकी बहन मीनू बाठला और राजकुमार उर्फ चेयरमैन की संलिप्तता मिली थी। गिरफ्तारी न होने पर एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने राजकुमार उर्फ चेयरमैन पर 25 हजार का इनाम घोषित कर दिया था। इस बीच मीनू के गिरफ्तारी स्टे लेने के बाद पुलिस ने राजकुमार उर्फ चेयरमैन को 24 जून को सोनीपत हरियाणा से गिरफ्तार कर लिया था। उसकी गिरफ्तारी के बाद गबन में एक और आरोपित का नाम प्रकाश में आया।

## डॉ. डीपी सिंह होंगे सरकारी अस्पताल के प्रभारी सीएमएस

**काशीपुर:** सीएमएस पद को लेकर एलडी भट्ट सरकारी अस्पताल में चली आ रही खींचतान के बीच अब अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. डीपी सिंह नए सीएमएस की नियुक्ति होने तक एलडी भट्ट सरकारी अस्पताल के प्रभारी सीएमएस होंगे।

बता दें कि बीते दिनों चिकित्सकों के स्थानांतरण हुए थे। जिसमें सरकारी अस्पताल के सीएमएस डॉ. राजीव चौहान का तबादला लोहाघाट हो गया था। वहीं सरकारी अस्पताल में कुछ नए डॉक्टर भी स्थानांतरित होकर आए। बताया जाता है कि सीएमएस के चार्ज को लेकर वरिष्ठ डॉक्टरों में खींचतान मची हुई थी। वहीं सीएमएस डॉ. राजीव चौहान बिना उच्च अधिकारियों के आदेश के चार्ज देने को तैयार नहीं थे। इधर बीती सोमवार को सीएमओ ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में तैनात अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. डीपी सिंह को एलडी भट्ट सरकारी अस्पताल के सीएमएस का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से आगामी आदेशों तक प्रभावी रहेगा।

# स्थानांतरण के आदेशों की अवहेलना कर रहे अधिकारी

### स्थानांतरण आदेश के बाद भी 3 अधिकारियों ने नहीं किया ज्वाइन

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिला सहायक निबंधक सहकारी समितियां ऊधमसिंह नगर में तैनात अधिकारी स्थानांतरण आदेश की अवहेलना करते नजर आ रहे हैं। जिले में तैनात तीन अधिकारियों का स्थानांतरण 10 जून को हो गया था। बावजूद अभी तक तीनों महिला अधिकारियों ने नये तैनाती स्थल पर ज्वाइन नहीं किया है।

यहां बता दें कि 10 जून को सहकारी समितियां उत्तराखंड के अपर निबंधक आनंद एडी शुक्ल ने उत्तराखंड लोक सेवकों के लिए वार्षिक स्थानांतरण अधिनियम 2017 के तहत गठित विभागीय स्थानांतरण कमेटी की संस्तुति के आधार पर राज्य में कई अधिकारियों के स्थानांतरण का आदेश जारी किया। इसमें जिला सहायक निबंधक सहकारी समितियां ऊधमसिंह नगर में तैनात सहकारी निरीक्षक वर्ग-2 रुचि शुक्ला का स्थानांतरण जनहित में जिला सहायक निबंधक बागेश्वर जनपद में किया था। इसी तरह सहकारी निरीक्षक वर्ग-2 अपर्णा बल्दिया का स्थानांतरण जिला सहायक निबंधक सहकारी समितियां पिथौरागढ़ जनपद और राहमीन जहां का जिला सहायक निबंधक चंपावत जनपद किया गया था। आदेश में सभी को तत्काल नये तैनाती स्थल पर ज्वाइन करने के निर्देश दिए गये थे।

वहीं सहकारी समितियां उत्तराखंड के अपर निबंधक के आदेश के 21 दिन बाद भी तीन महिला अधिकारियों ने अभी तक नये तैनाती स्थल पर ज्वाइन नहीं किया है और पुराने तैनाती स्थल पर ही हैं। हालांकि

विभागीय अधिकारियों का कहना है कि तीनों ने प्रतिवेदन दिया है और विभाग के रजिस्ट्रार बदल जाने से देरी हुई है। हालांकि मामला चाहे कुछ भी रहा हो लेकिन तीनों महिला अधिकारियों के नये तैनाती स्थल पर ज्वाइन नहीं करना विभाग में चर्चा का विषय बना हुआ है।

**हालात**

- जिला सहायक निबंधक सहकारी समितियां का है मामला
- प्रत्यावेदनों में अभी तक सुनवाई नहीं हुई

तीनों महिला अधिकारियों ने स्थानांतरण आदेश के बाद अपनी समस्याओं के अलग-अलग प्रतिवेदन दिए हैं। इस बीच विभाग के रजिस्ट्रार भी बदल गये और नये रजिस्ट्रार ने ज्वाइन किया है। इस कारण उनके प्रत्यावेदनों में सुनवाई नहीं हुई है। एक सप्ताह के भीतर सुनवाई के बाद ही तीनों महिला अधिकारी अपनी नये तैनाती स्थल पर ज्वाइन करेंगी।
-**हरीश खंडूड़ी**, जिला सहायक निबंधक, सहकारी समितियां

## एआईआईईए की 75वीं सालगिरह धूमधाम से मनाई



काशीपुर में संगठन का प्रतीक चिन्ह जारी करते सदस्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** ऑल इंडिया इंश्योरेंस इम्पलाई संगठन (एआईआईईए) की 75वीं सालगिरह मिष्ठान वितरण कर धूमधाम से मनाई गई। इसके बाद सदस्यों की बैठक की गई।

मंगलवार को न्यू आवास विकास स्थित शाखा कार्यालय में बीमा कर्मचारी संघ ने एआईआईईए की प्लेटिनम जुबली मनाई। सबसे पहले यहां मिष्ठान वितरण किया गया। इसके बाद कार्यालय परिसर में हुई सभा में सदस्यों ने संगठन का प्रतीक चिन्ह जारी किया। साथ ही शपथ ग्रहण की, जिसके तहत आने वाले पूरे वर्ष यानी 30 जून 2026 तक संगठन द्वारा अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाने का संकल्प लिया। शाखा अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि एक जुलाई 1951 को चंद्रशेखर एवं अन्य साथियों के अथक प्रयास से संगठन की स्थापना की गई थी। कहा हम जहां भी हैं, उसमें संगठन का अथक प्रयास ही है। इन्हीं प्रयासों से जॉब संरक्षण, सुरक्षित वातावरण, काम के निर्धारित घंटे, प्रॉपर वेज रिवीजन जैसे कार्य संभव हो पाए। वहीं राकेश शर्मा ने बताया कि हमारे पुराने साथियों ने संगठन रूपी पौधे को आज वटवृक्ष बनाने में अपने खून पसीने से उसको सींचा है। इसी का परिणाम है कि हमारे यहां भी आरबीआई की तरह फैमिली पेंशन 30 प्रतिशत हो पाई है। यहां सचिव राजीव कुमार, मो. शादाब, संदीप घिल्डियाल, रूपा रानी, सुमन देवी, राजपाल सिंह, सुदेश कुमार, नंदन सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

# साथी अभियान को सफल बनाने पर चर्चा

- जिला न्यायाधीश ने किया दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** ऊधमसिंह नगर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने साथी अभियान का शुभारंभ जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिकंद कुमार त्यागी ने दीप जलाकर किया।

मंगलवार को अभियान के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधमसिंह नगर की ओर से गठित साथी कमेटी के पदाधिकारियों व सदस्यों के लिए ओरियेंटेशन व प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला न्यायालय परिसर स्थित एडीआर भवन में किया गया। इस दौरान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने कहा कि इस अभियान के तहत जनपद ऊधमसिंह नगर के निराश्रित व बेसहारा बच्चों के आधार कार्ड बनवाने एवं बच्चों से जुड़ी विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ बच्चों तक पहुंचाना मुख्य लक्ष्य है।

इस दौरान उन्होंने कमेटी के पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ अभियान को सफल बनाने के लिए चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन संचालन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण योगेंद्र कुमार सागर ने किया। इस अवसर पर तृतीय अपर जिला जज मुकेश आर्या, सदस्य जिला बाल संरक्षण अधिकारी व्योमा जैन, तहसीलदार दिनेश कुटोला, मुख्य शिक्षा अधिकारी सावेद आलम, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी संजय पांडे, बाल विकास अधिकारी रुद्रपुर शहर आशा नेगी समेत कमेटी के कई सदस्य मौजूद रहे, जबकि कई सदस्यों ने ऑनलाइन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।



कार्यक्रम में उपस्थित जिला न्यायाधीश सिकंदर कुमार त्यागी व अन्य। ● अमृत विचार

# नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के नए पदाधिकारियों को प्रदेश पदाधिकारियों ने शपथ दिलाई। नई कार्यकारिणी ने व्यापारियों के हित में कार्य करने के लिए लोगों को आश्वस्त किया।

शपथ ग्रहण समारोह का शुभारंभ विधायक आदेश चौहान, पूर्व विधायक डॉ. एसएम सिंघल, एससी आयोग के अध्यक्ष मुकेश कुमार एवं अनिल गोयल ने संयुक्त रूप से किया। प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने निर्विरोध अध्यक्ष हरिओम सिंह, महामंत्री विमल अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष अर्पित रस्तोगी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाकर प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह दिए। इसके बाद कार्यकारिणी को भी शपथ दिलाई। समारोह की अध्यक्षता दर्जा राज्य मंत्री नवीन वर्मा एवं संचालन राजाराम राजपूत ने किया। इस मौके पर निकेश चंद्र अग्रवाल, राजीव घई, अश्विनी छाबड़ा, अंकुर बंसल, अवलोक गोयल एवं तरूण गहलोत आदि मौजूद रहे।



व्यापार मंडल के नए पदाधिकारियों को शपथ दिलाते प्रदेशाध्यक्ष। ● अमृत विचार

### कार्यकारिणी का किया विस्तार

**जसपुर :** अध्यक्ष ने बताया कि उपाध्यक्ष पद पर ललित शर्मा, राकेश अरोरा, मो .यामीन, अवलोक जैन, जाकिर हुसैन, महफूज अली, विनोद ठुकराल, हरीश ग्रोवर, सौरभ गर्ग, श्रेय अग्रवाल, हृदेश चौहान एवं राशिद अली अली को मनोनीत किया। इसी तरह मंत्री पद पर नरेश सिंधवानी, नीरज अरोरा, विजय रहेजा, सौरभ गोयल, अरुण कुमार, नितेश बंसल, नरेंद्र कुमार, रंजीत चैधरी, नीरज अग्रवाल, मनोज त्यागी, प्रचार मंत्री पद पर जितेंद्र खुराना, सुंदरलाल अरोरा, आशुतोष कुमार, हर्ष कुमार, खालिद अख्तर, डॉ .निशांत अरोरा एवं संगठन मंत्री पद पर जसविंदर सिंह जस्सा, राजुल जैन, रोशन लाल, जश्नप्रीत, मनोज कुमार, नईम अहमद समेत समीर परवेज, अंकुर जैन एवं मो .उस्मान को मीडिया प्रभारी मनोनीत किया।

## विधायक ने सीएम से की रोडवेज बस अड्डे को स्थानांतरित करने की मांग



देहरादून में सीएम को समस्याओं का ज्ञापन सौंपते विधायक त्रिलोक सिंह चीमा।

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने मुख्यमंत्री से देहरादून में मुलाकात कर वर्षों से बदहाल पड़े काशीपुर रोडवेज बस अड्डे को स्थानांतरित करने और विधानसभा क्षेत्र की सड़कों के लिए वित्तीय सहायता की मांग की है। मुख्यमंत्री आवास पर मुलाकात दौरान विधायक चीमा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से काशीपुर के खस्ताहाल रोडवेज बस अड्डे की दुर्दशा पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि बस अड्डे के स्थानांतरण के लिए बीते दो वर्षों में चार बार पत्राचार कर चुके हैं। लेकिन अभी तक कोई जानकारी नहीं दी गई है। ऐसे में जनता में आक्रोश है। उन्हें रोडवेज बस में सफर करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा उन्होंने काशीपुर विधानसभा क्षेत्र की जर्जर सड़कों के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता के लिए अनुरोध किया और त्वरित पुनर्निर्माण की मांग की। इस पर मुख्यमंत्री धामी ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को निर्देश जारी करने का भरोसा दिलाया है।

# शिविर में 60 लोगों ने किया रक्तदान

- लायंस क्लब काशीपुर ग्रेटर तथा अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन ने लगाया शिविर

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** राजकीय चिकित्सालय में लायंस क्लब काशीपुर ग्रेटर और अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन काशीपुर शाखा इकाई के तत्वाधान में आयोजित शिविर में 60 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

मंगलवार को रक्तदान शिविर का शुभारंभ चिकित्साधिकारी डॉ. अमरजीत सिंह साहनी, विशिष्ट अतिथि ज्ञानार्थी मीडिया प्रबंध निदेशक संतोष मेहरोत्रा, लायंस क्लब काशीपुर ग्रेटर अध्यक्ष ला. गौतम महरोत्रा और अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जिला अध्यक्ष सुरेश गोयल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान लायंस क्लब काशीपुर ग्रेटर के अध्यक्ष ला. मेहरोत्रा ने कहा कि लायंस क्लब काशीपुर ग्रेटर पूर्व से ही रक्तदान शिविर लगाने के साथ-साथ समाज सेवा के विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजित करता चला आ रहा है।

वहीं अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के नगर अध्यक्ष पीयूष अग्रवाल नागलिया ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के तत्वाधान में पूरे देश में रक्तदान शिविर लगाए जा रहे हैं। उसी कड़ी में काशीपुर में रक्तदान शिविर लगाया गया है। शिविर में वैश्य समाज समेत विभिन्न लोगों ने रक्तदान किया।

इस दौरान कुमायूं वैश्य महासभा संरक्षक एसपी गुप्ता अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जिला अध्यक्ष सुरेश गोयल, अग्रवाल सभा अध्यक्ष मनोज कुमार अग्रवाल, चेयरपर्सन अनुराग सोलंकी, कुमायूं वैश्य महासभा अध्यक्ष मनोहर गुप्ता, लायंस क्लब सचिव ला. आशीष पैगिया, कोषाध्यक्ष ला. विपिन तोमर, तुषारकांत, शेष कुमार सितारा, संजय अग्रवाल, अभिषेक गोयल, महेंद्र गुप्ता लोहिया, सनत पैगिया, कौशलेश गुप्ता, धीरज अग्रवाल, मुदित अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



काशीपुर में रक्तदान करते लायंस क्लब काशीपुर ग्रेटर अध्यक्ष ला. गौतम मेहरोत्रा।

**पहल** जीबी पंत विवि में हुई कार्यशाला, बोले कुलपति- वैज्ञानिकों के सुझावों का उपयोग करें किसान

# तकनीकों को जमीनी स्तर पर लागू करें युवा

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार:** पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय एवं पार्टनर्स इन प्रॉस्पेरिटी संस्था पंतनगर की ओर से कृषि महाविद्यालय में पूर्व प्रशिक्षित युवाओं का नेटवर्क मीट का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने की।

कार्यशाला में प्राध्यापक डॉ. धनंजय कुमार सिंह की सराहना करते हुए कुलपति डॉ. चौहान ने कहा कि वे वर्ष 2004 से जैविक खेती के क्षेत्र में कार्यरत हैं। अपने वैज्ञानिक सुझावों और नवाचारों को ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों और युवाओं तक पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण का वास्तविक प्रभाव तब होता है जब हम सीखी गई तकनीकों को जमीनी स्तर पर लागू करें। विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के दिए गए सुझावों का उपयोग कर किसान स्वावलंबी और टिकाऊ कृषि मॉडल अपना सकते हैं।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण युवाओं के लिए एक संगठित पहल के रूप में वर्ष 2019 में कोलिब्री फाउंडेशन, बेल्जियम के सहयोग से पार्टनर्स इन प्रॉस्पेरिटी संस्था ने पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के साथ मिलकर उत्तराखंड के नैनीताल जिले में कृषि आधारित व्यावसायिक कौशल विकास कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी और युवाओं के पलायन की समस्या को कम करना और जैविक खेती को बढ़ावा देना था। इस प्रयास में पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय ने तकनीकी सहयोगी की भूमिका निभाई। अब तक इस कार्यक्रम के तहत 3126 ग्रामीण युवाओं को व्यावसायिक कृषि प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। पूर्व प्रशिक्षित युवाओं को एक मंच पर लाकर अनुभव साझा करने और तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए यह प्रथम पूर्व प्रशिक्षित युवाओं की कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ.डीके सिंह, निदेशक शोध डॉ.एस.एस नैन, अधिष्ठाता कृषि डॉ.सुभाष चंद्रा, सचिव गवर्निंग बोर्ड पीएनपी डॉ.जीसी सिलुवप्पन, क्षेत्रीय प्रमुख पीएनपी संजय साह आदि उपस्थित रहे।



कार्यक्रम को संबोधित करते कुलपति डॉ.मनमोहन सिंह चौहान। ● अमृत विचार

ता० पेशी 10-07-2025
आदालती सूचना
सम्मन सनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
**न्यायालय सिविल जज सी० डि० शाहजहाँपुर**
मूल वाद संख्या 488/2024
कमलराज कौर बनाम नरेश चन्द्र अग्रवाल
बनाम :- नरेश चन्द्र अग्रवाल पुत्र रोशनलाल नि० नगर खुटार पर० खुटार तह० पुवाया जिला शाहजहाँपुर, वर्तमान नि० गैस गोदाम रोड, खताड़ी, रामनगर, जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड) विपक्षी
हरगाह कमलराज कौर वादिनी उक्त ने आपके नाम एकनालिश बावत स्थाई निषेधाज्ञा के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 10-07-2025 ई० बवक्त 10 बजे दिन के असलीन या मार्फत वकील मुकदमे की कार्यवाही से वाकिफ किया गया हाजिर हो जवाब दाखिल करे उसी रोज दस्तावेज पेश करे। आपको इतिला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मुसामत और फैसला होगा।
मेरे दस्तखत मोहर अदालत से तारीख 31-05-2025 ई० में जारी किया गया।
**न्यायालय के आदेशानुसार**
**मुन्सरिम**
**सिविल जज सी० डि० शाहजहाँपुर**

ता० पेशी 10-07-2025
आदालती सूचना
सम्मन सनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
**न्यायालय सिविल जज सी० डि० शाहजहाँपुर**
मूल वाद संख्या 489/2024
सुरेन्दर सिंह बनाम नरेश चन्द्र अग्रवाल
बनाम :- नरेश चन्द्र अग्रवाल पुत्र रोशनलाल, नि० नगर खुटार, पर० खुटार, तह० पुवाया, जिला शाहजहाँपुर, वर्तमान नि० गैस गोदाम रोड, खताड़ी, रामनगर, जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड) विपक्षी
हरगाह सुरेन्दर सिंह वादी उक्त ने आपके नाम एकनालिश वावत स्थाई निषेधाज्ञा के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 10-07-2025 ई० बवक्त 10 बजे दिन के असलीन या मार्फत वकील मुकदमे की कार्यवाही से वाकिफ किया गया हाजिर हो जवाब दाखिल करें उसी रोज दस्तावेज पेश करें। आपको इतिला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मुसामत और फैसला होगा।
मेरे दस्तखत मौहर अदालत से तारीख 31-05-2025 ई० में जारी किया गया।
**न्यायालय के आदेशानुसार**
**मुन्सरिम**
**सिविल जज सी० डि० शाहजहाँपुर**

## सार-संक्षेप



19 कुमाऊं रेजीमेंट के स्थापना दिवस पर शहीदों को नमन करते पूर्व सैनिक।

### 19 कुमाऊं रेजीमेंट का स्थापना दिवस मनाया

**खटीमा :** 19 कुमाऊं रेजीमेंट का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इसमें खटीमा, टनकपुर, बनबसा के पूर्व सैनिक पहुंचे और 19 कुमाऊं रेजीमेंट के शहीद जवानों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। अमाऊं के एक निजी प्रतिष्ठान के सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि जगदीश चंद्र भट्ट ने 19 कुमाऊं रेजीमेंट के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए जांबांज सैनिकों की ओर से युद्धों में दिखाए गए अदम्य साहस और पराक्रम के बारे में बताया। पूर्व सैनिक कैलाश चंद की पुत्री मनीषा चंद ने स्थापना दिवस का केक काटा। इस अवसर पर नरेंद्र सिंह, धन बहादुर, त्रिलोक सिंह रुमाल, प्रकाश रावत, कैलाश चंद, सुबेदार पूरन सिंह, दिवान सिंह, हुकुम सिंह, शकुंतला खोलिया, हीरा रावत, अर्चिता, प्रकाश रावत, देवेंद्र खोलिया, सुरेंद्र भाटिया आदि मौजूद रहे।



लखनऊ में सम्मानित होते लायंस क्लब खटीमा सेवा के जोन चेयरमैन जितेंद्र पारुथी।

### पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए पारुथी सम्मानित

**खटीमा :** लायन्स क्लब खटीमा सेवा को पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर लखनऊ में विशेष रूप से सम्मानित किया गया। लखनऊ के आनंदा रिसोर्ट में लायंस इंटरनेशनल द्वारा आयोजित अवार्ड सेरेमनी में लायन्स क्लब खटीमा सेवा के जोन चेयरपर्सन जितेंद्र पारुथी को उनके द्वारा किये उत्कृष्ट सेवा कार्यों के चलते संस्था के मल्टीपल काउंसिल चेयरपर्सन पीएमजेएफ पंकज बिजलवान और डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ मुकेश जैन ने सम्मानित किया। वहीं क्लब को विभिन्न सेवा कार्य करने पर कई अवार्ड मिले।



शहीद वीर अब्दुल हमीद के जन्मदिवस पर पौधरोपण करते भाजपा कार्यकर्ता।

### शहीद वीर अब्दुल हमीद का जन्मदिवस पौधरोपण कर मनाया

**खटीमा :** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चे के कार्यकर्ताओं ने शहीद वीर अब्दुल हमीद का जन्मदिन पौधरोपण और मिष्ठान वितरण कर मनाया। मदरसा रहमानिया कमेटी के अध्यक्ष कामिल खान के नेतृत्व में अल्पसंख्यक मोर्चे के कार्यकर्ताओं एवं मदरसे के छात्रों ने शहीद वीर अब्दुल हमीद की याद में पौधरोपण किया। भाजपा पूर्व नगर मंडल महामंत्री मनोज वाधवा ने कहा कि 1965 के भारत पाकिस्तान युद्ध में अपनी वीरता का परिचय देते हुए अब्दुल हमीद ने दुश्मन देश के छह टैंक को नेस्तनाबूत कर पाकिस्तानी सेना को पीछे हटने को मजबूर कर दिया था। उन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर देश की रक्षा की। जिन्हें भारत सरकार ने मरणोपरांत परमवीर चक्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को उनके जीवन चरित्र से प्रेरणा लेनी चाहिए। सदर खान ने कहा कि आने वाली युवा पीढ़ी को वीर अब्दुल हमीद के पद चिन्हों पर चलकर अपने देश का नाम पूरे विश्व में रोशन करना चाहिए। इस अवसर पर जफर खान, पदम सक्सेना, शहंशाह हसन, सलीम अहमद, जफर खान, हाफिज उर रहमान, कासिम कुरैशी, शरीक राजा, हाफिज कफील, तौफीक अहमद, फरमान अहमद आदि मौजूद रहे।

### डॉक्टर्स डे पर कहीं बांटे फल, कहीं रक्तदान

**जसपुर/खटीमा :** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के सदस्यों ने राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस पर मेडिकल छात्रों के साथ अपने अनुभवों को साझा किया। वहीं सरकारी अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में चिकित्सकों ने मरीजों को फल वितरण किए। यहां आईएमए के अध्यक्ष डॉ .एमपी सिंह, सीएमएस डॉ .धीरेंद्र मोहन गहलोत, नेहा चौहान, आशु सिंघल, जीतू गहलोत आदि थे। वहीं लायंस क्लब खटीमा द्वारा मंगलवार को एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। न्यू लाइफ लाइन चैरिटेबल ब्लड बैंक में आयोजित शिविर में 18 लोगों ने रक्तदान किया। यहां चेयरमैन अमरीक सिंह मल्ली, अध्यक्ष देवेंद्र भट्ट, सचिव रवीश भटनागर, कोषाध्यक्ष ओशो अमीर, सुनील रैदानी, घनश्याम अग्रवाल, नरेश गुप्ता, सुदर्शन वर्मा, संजय बंसल, जी डी जोशी, रमेश अग्रवाल, रंजन अग्रवाल, परमिंदर सिंह लक्की, अंकित पाण्डे, आशीष अग्रवाल, सिद्धार्थ बंसल, अभिषेक अग्रवाल, संजय खोलिया आदि उपस्थित रहे।



जल निकासी की मांग को लेकर तहसीलदार सितारगंज को मांगपत्र देते किसान।

### ग्राम दड़हा में जलभराव से 250 एकड़ फसल बर्बादी की कगार पर

**सितारगंज :** तहसील क्षेत्र के ग्राम दड़हा के किसानों की 250 एकड़ उपजाऊ कृषि भूमि इन दिनों भारी जलभराव की चपेट में है। इससे खेतों में खड़ी धान की फसल पूरी तरह बर्बाद होने की कगार पर पहुंच गई है। सोमवार को ग्रामवासियों ने तहसीलदार के माध्यम से उपजिलाधिकारी सितारगंज रविंद्र कुमार जुआठा को सामूहिक रूप से एक मांग पत्र सौंपा। इसमें बताया गया कि हाईवे निर्माण के चलते खेतों की पारंपरिक जल निकासी व्यवस्था बाधित हो गई है। बरसात का पानी खेतों में भर गया है और निकासी का कोई रास्ता न होने से लगातार जलजमाव बना हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि धान की फसल की रक्षा के लिए तत्काल प्रभाव से वैकल्पिक जल निकासी की व्यवस्था करवाई जाए। मांग पत्र देने वालों में गुरुदेव सिंह, अतेंद्र पाल सिंह, दलबीर सिंह, धर्म सिंह, श्याम सिंह, अंग्रेज सिंह, हरवंत सिंह, हरमीत सिंह, बलदेव सिंह, जितेंद्र सिंह आदि शामिल रहे। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे बड़े आंदोलन को मजबूर होंगे।

### शुची आज आर्थिक रूप से मजबूत, दूसरों को भी दे रहीं रोजगार, पहाड़ की मिट्टी से जुड़े रहने के लिए स्वरोजगार को अपनाया

# रिवर्स पलायन की मिसाल, मसालों ने बदल दिया जीवन

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** यह कहानी एक ऐसी महिला के संघर्ष की है जिसने पहाड़ की मिट्टी से जुड़े रहने के लिए अपने कॅरियर को विराम दिया। यह कहानी सिर्फ एक ब्रांड की नहीं, बल्कि पहाड़ों से उपजे एक संकल्प, संवेदना और सशक्तिकरण की है जो सादगी से शुरू होकर आत्मनिर्भर भारत की तस्वीर गढ़ रही है। रिवर्स पलायन की मिसाल इस महिला ने न केवल स्वयं को आर्थिक रूप से मजबूत किया बल्कि दूसरों को भी रोजगार देने का माध्यम बन गईं। पहाड़ के मसालों की सौंधी महक आज देवभूमि के कुमाऊं से उत्तर प्रदेश तक फैली है।

सफलता की यह कहानी पहाड़ की बेटी शुचि राकेश जोशी की है। द्वाराहाट (अल्मोड़ा) निवासी शुची जोशी का विवाह तल्ली मिरई निवासी राकेश जोशी के साथ हुआ था। शादी के बाद दंपती लखनऊ शिफ्ट हो गया। वे बताती हैं कि वर्ष 2023 में, जब मैं अपने पति के पैतृक गांव पारंपरिक जागर पूजा में शामिल होने पहुंची थी तो ग्रामीण महिलाओं का कठिन परिश्रम और संघर्षपूर्ण जीवन देखकर मेरा हृदय भर आया। मन में विचार आया कि क्यों न इन महिलाओं के लिए कुछ किया जाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी अपनी मिट्टी से जुड़े रहने का कई बार आह्वान कर चुके हैं इसलिए मैंने अपने पहाड़ लौटकर अपने और गांव की महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने का फैसला लिया।


काम करने के दौरान अपनी सहयोगी के साथ शुचि राकेश जोशी।


मसालों के लिए नमक पीसतीं सहयोगी महिलाएं।

### नौगांव से अंकुरित प्योर पहाड़ी का बीज

शुचि बताती हैं कि एक दशक से भी अधिक समय के बाद प्राइवेट नौकरी छोड़ने के बाद भी मन में कुछ अच्छा और सार्थक करने की चाह बढ़ती गई। नौगांव से प्योर पहाड़ी का बीज अंकुरित हुआ। मैंने स्थानीय उत्पादों पर गहराई से शोध किया और जाना कि पहाड़ों में मिलने वाला नमक (पीस्यू लूण), दालें, शहद और मसाले न केवल शुद्ध हैं बल्कि बेहद पौष्टिक और स्वादिष्ट भी हैं। इन उत्पादों को अगर शहरी बाजार में पहुंचाया जाए तो इससे ग्रामीण महिलाओं को रोजगार मिल सकता है और उनके घर का खर्च भी चल सकेगा। इस सोच को साकार रूप देते हुए, वर्ष 2024 में मैंने गांव की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए मसालेदार नमक को नई पैकिंग में नोएडा ले जाकर बेचना शुरू किया। लोगों को इसका स्वाद बहुत पसंद आया और यहीं से मेरी ऊर्जा और उत्साह को नई दिशा मिली।

### महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता

आज प्योर पहाड़ी एक छोटे से गांव की महिलाओं के साथ शुरू हुआ बड़ा अभियान बन चुका है। अब यह ब्रांड न केवल पहाड़ी स्वाद को देशभर में पहुंचाने का प्रयास कर रहा है, बल्कि महिलाओं को सशक्तिकरण के साथ आत्मनिर्भरता की राह पर भी अग्रसर कर रहा है। जैसे-जैसे लोग इसे जानेंगे और अपनाएंगे, यह मुहिम अन्य गांवों की महिलाओं को भी जोड़ती चली जाएगी।

## सार-संक्षेप


बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते जिलाधिकारी।

### पुख्ता हों श्रावणी मेले की तैयारियां

**अल्मोड़ा :** जागेश्वर धाम में आगामी 16 जुलाई से लगने वाले प्रसिद्ध श्रावणी मेले की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडेय ने बैठक कर मेले को भव्य बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कहा कि मेले में फड़ों के आवंटन में पारदर्शिता रहे। कानून व्यवस्था बनाए रखने को अराजकता फैलाने वालों एवं टैक्सी चालकों की मनमानी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। मेले के दौरान साफ सफाई के बेहतर इंतजाम रखने के निर्देश दिए। बैठक में उपाध्यक्ष जागेश्वर मंदिर समिति नवीन चंद्र भट्ट, पुजारी प्रतिनिधि पंडित नवीन चंद्र भट्ट, सीएमओ डॉ. नवीन चंद्र तिवारी, एसडीएम संजय कुमार, तहसीलदार बरखा जलाल, सीओ जीडी जोशी आदि रहे।

### चरस तस्करी मामले में दस साल की सजा

**अल्मोड़ा :** चरस तस्कर को विशेष न्यायाधीश की अदालत ने दस साल सश्रम कारावास और एक लाख रुपये अर्थदंड की सजा से दंडित किया है। अधिवक्ता पूरन सिंह कैड़ा ने बताया कि जनवरी 2024 में लमगड़ा थाना पुलिस ने ग्राम कनवाड़ देवीधुरा चम्पावत निवासी दीवान सिंह राणा को गिरफ्तार कर एक किलो 137 ग्राम चरस बरामद की थी। आरोपी के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दी गई। पत्रावली पर मौजूद साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने सजा सुनाई।

### किशोरी का अपहरण कर परिजनों को दी धमकी

**अल्मोड़ा :** धौलछीना के एक युवक पर किशोरी के बहला फुसलाकर अपहरण करने का अभियोग दर्ज कराया गया है। किशोरी के भाई ने पुलिस को बताया कि उसकी बहन रविवार से लापता है। कई जगह पूछताछ करने पर पता चला कि गांव के एक युवक के साथ उसे देखा गया। हमने उस युवक को फोन किया तो उसने उल्टा धमकाने के साथ ही गाली गलौज करने लगा। पीड़ित पक्ष ने किशोरी के साथ अप्रिय घटना की आशंका जतायी है।


कुमाऊं महोत्सव में कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते नन्हें कलाकार। ● अमृत विचार

### कुमाऊं महोत्सव का हुआ रंगारंग समापन

**अल्मोड़ा :** अल्मोड़ा में दस दिवसीय कुमाऊ महोत्सव का रंगारंग कार्यक्रमों के साथ समापन हो गया। समापन रात स्टार नाइट कलाकारों के नाम रही। बालश्री नेशनल अवार्ड प्राप्त हंशवी टोंक, कोरियोग्राफर मुबारक मार्क, लखन कुमार आदि ने नृत्य की प्रस्तुति पर खूब तालियां बटोरी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लोक कलाकारों ने कुमाऊनी-गढ़वाली गीतों पर शानदार प्रस्तुति दी। प्रतिभागी विजेताओं को सम्मानित किया गया। संदीप सिंह, देवेंद्र भट्ट, गोविंद रावत, राजेंद्र तिवारी, अमरनाथ सिंह नेगी, डॉ. संतोष बिष्ट, जगदीश वर्मा, हरीश कनवाल समेत कई लोग मौजूद रहे।

### पूर्व दर्जा मंत्री अतुल जोशी के पिता का निधन, शोक



**रानीखेत :** पूर्व दर्जा राज्य मंत्री अतुल जोशी के पिता सेवानिवृत्त रक्षा लेखा अधिकारी 88 वर्षीय दिनेश चंद जोशी का विगत दिवस ऋषिकेश में देहांत हो गया। वह अपने पीछे पत्नी सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उनके निधन पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, नगर अध्यक्ष उमेश भट्ट, कैलाश पांडे, सोनू सिद्दीकी, गोविंद सिंह बिष्ट, भास्कर बिष्ट, कुलदीप बिष्ट, यतीश रौतेला, गीता पवार, प्रशासक हीरा रावत, एनयूजे जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट, पूर्व एनयूजे जिला अध्यक्ष सतीश जोशी, सचिन गोपाल गोस्वामी आदि ने दुख व्यक्त किया है।

### वरिष्ठ पत्रकार सुरेश उप्रेती बने जेयूयू के जिलाध्यक्ष



**बनबसा :** वरिष्ठ पत्रकार सुरेश उप्रेती को जर्नलिस्ट यूनियन ऑफ उत्तराखंड का जिला अध्यक्ष बनाया गया है। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर प्रवीण मेहता के निर्देश पर यूनियन के प्रदेश महामंत्री गिरीश पंत के द्वारा सुरेश उप्रेती को जिला अध्यक्ष के पद पर नियुक्ति किया गया। जिला अध्यक्ष बनने पर सुरेश उप्रेती ने कहा कि पत्रकारों के हितों में कार्य करेंगे। इस मौके पर दीपक धामी, देवेंद्र देवा, आबिद सिद्दकी, कुंदन सिंह बिष्ट, नबी अंसारी, रविंद्र धामी, विनोद काला, अर्जुन सिंह, धर्मेंद्र चंद, रूपेश प्रजापति, सूरज तिवारी आदि पत्रकारों व लोगों ने बधाई दी।

# आउटसोर्स कर्मियों ने किया प्रदर्शन

### विरोध जताने के साथ जल्द मांग पूरी नहीं होने पर पूर्ण रूप से कार्यबहिष्कार की चेतावनी दी

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** वेतन भुगतान समेत तमाम समस्याओं के निराकरण को लेकर स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मियों ने मंगलवार को विरोध प्रदर्शन व कार्य बहिष्कार किया। जल्द वेतन का भुगतान नहीं होने पर पूर्ण रूप से कार्यबहिष्कार पर चले जाने की चेतावनी दी।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वाराहाट में आउटसोर्स कर्मचारियों ने कहा कि अल्मोड़ा जनपद में एनएचएम के तहत 122 कर्मचारी सेवाएं दे रहे हैं लेकिन बीते चार माह से उनको वेतन नहीं मिला है। ठेकेदार ने जनवरी माह से ईपीएफ की धनराशि भी जमा नहीं की है। स्वास्थ्य कर्मियों ने मांग की कि वर्तमान कंपनी का अनुबंध समाप्त कर सभी कार्मिकों को जिला स्वास्थ्य समिति में समायोजित किया जाए।

विरोध प्रदर्शन के दौरान तारा चन्द्र, अंकिता डूंगरियाल, अजय तिवारी, आकांक्षा जोशी, कल्पना जोशी, दीपिका आदि मौजूद रहे।


जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

### कांग्रेस ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**अल्मोड़ा :** कांग्रेस ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समस्यारओं के जल्द निस्तारण की मांग की है। नगर अध्यक्ष तारा चंद्र जोशी, वैभव पांडेय, मधु बिष्ट, केएन पांडेय, निर्मल रावत, हेम चंद्र तिवारी, केवल सती, पूरन सिंह रौतेला, आनंद बिष्ट ने कहा कि, नगर निगम में छह माह से कहीं भी विकास कार्य नहीं हुआ। 15वें वित्त की धनराशि निकायों को नहीं मिली है। जीजीआइसी के समीप पार्किंग निर्माण की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। कांग्रेसियों ने धारानौला, लोअर माल रोड आदि स्थानों पर भी ई-रिक्शा संचालित करने की मांग की।

### डीडीए नहीं हटा तो उग्र आंदोलन

**अल्मोड़ा :** सर्वदलीय संघर्ष समिति ने मंगलवार को प्रदर्शन कर अब तक डीडीए समाप्त नहीं होने पर रोष जताया। समिति के जुड़े लोगों ने गांधी पार्क में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। जल्द डीडीए नहीं हटने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। इस दौरान समिति संयोजक प्रकाश जोशी, उपपा केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी, शहाबुद्दीन, प्रताप सिंह सत्याल, चंद्रशेखर बनकोटी, हेम चंद्र तिवारी, ललित मोहन पंत, चंद्रमणि भट्ट, हेमचंद्र जोशी, प्रतेश पांडे, भारत रत्न पांडेय, कृष्ण चंद्र पांडे, रोबिन मनोज भंडारी समेत विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग मौजूद रहे।

# सीएम की घोषणा के बाद भी नहीं बना शवदाह गृह

संवाददाता, बनबसा

- बरसात में नदी का जल स्तर बढ़ने से बह जाती है चिता
- चिन्हित भूमि का स्थलीय निरीक्षण एक साल पहले हो चुका है

**अमृत विचार:** गौरव सेनानी कल्याण समिति के अध्यक्ष कैप्टन भानी चंद ने बनबसा शारदा घाट पर आधुनिक शवदाह गृह बनाने की मांग को लेकर अधिशासी अभियंता लोहाघाट को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन के अनुसार, मुख्यमंत्री पूर्व में इसकी घोषणा कर चुके हैं। चिन्हित भूमि का स्थलीय निरीक्षण भी एक वर्ष पूर्व किया जा चुका है लेकिन अभी तक इसका निर्माण नहीं हुआ।

समिति अध्यक्ष के अनुसार, शारदा घाट बनबसा में शवदाह गृह की जरूरत नागरिकों के लिए एक मूलभूत आवश्यकता है क्योंकि बरसात में खुले घाट में अंत्येष्टि करना बहुत मुश्किल हो जाता है। चिता को तैयार करना, अग्नि देना असंभव हो जाता है। अचानक नदी का जल स्तर बढ़ जाने से बिना जले ही चिता बह जाती है। बारिश के कारण शव को अंतिम संस्कार स्थल पर ले जाना मुश्किल होता है। अंतिम संस्कार में गए हुए व्यक्तियों के लिए बारिश की वजह से वहां पर रुकना मुश्किल हो जाता है। अंतिम संस्कार के लिए निश्चित स्थान न होने के कारण लोग अपनी सुविधानुसार कहीं पर भी चिता लगा देते हैं जिससे पूरे घाट पर हमेशा गंदगी फैली रहती हैं।

बनबसा शारदा घाट पर अंतिम संस्कार हेतु नानकमत्ता, विरिया मझोला, न्यूरिया, मझोला, खटीमा चकरपुर, बनबसा क्षेत्र से लोग आते हैं। बार-बार जानकारी मांगने के बाद भी सिंचाई विभाग कार्यदायी संस्था डीपीआर गठन, कोटेशन धन आवंटन की कार्रवाई की बात करती है शारदा कॉरिडोर के अंतर्गत भी उक्त कार्य को सम्मिलित किया जा सकता है, बताया जाता है लेकिन शवदाह गृह की नागरिकों के लिए मूलभूत जरूरत है। शारदा कॉरिडोर के साथ यदि इसे बनाने का इंतजार किया गया तो इसमें बहुत समय लगेगा।

# जिलाधिकारी ने जेई व एई का वेतन रोका, स्पष्टीकरण तलब

संवाददाता, पिथौरागढ़

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने विगत दिवस रिलकोट में गौरी नदी पार करने के लिए लगाई गई ट्रॉली के दुर्घटनाग्रस्त होने का संज्ञान लेते हुए आपातकाल बैठक की।

एसडीएम मुनस्यारी वैभव कांडपाल ने डीएम को बताया कि हादसे में 4 में से 1 व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल है। डीएम ने उसे जिला अस्पताल पिथौरागढ़ रेफर करने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग डीडीहाट की लापरवाही का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने सहायक अधिशासी अभियंता लोनिवि डीडीहाट मनोज नाथ से विस्तार में जानकारी ली, जिस पर अभियंता ने बताया कि गरारी की क्षमता से अधिक चार लोग सवार थे और अपने साथ लकड़ियां भी साथ ले जा रहे थे। वजन अधिक होने के कारण नदी के बीच में ये हादसा हुआ और करीब 200 मीटर दूर तक बहने के बाद चारों लोग किसी तरह किनारे की तरफ आ गए और उनकी जान बच गई।

डीएम ने गरारी मरम्मत एवं क्षमता दर्शाते हुए डिस्पले बोर्ड के बारे में पूछा तो पता चला कि वहां कोई भी डिस्पले बोर्ड नहीं था और गरारी की भी मरम्मत होनी है। डीएम ने इस लापरवाही के लिए लोनिवि डीडीहाट को जिम्मेदार माना और जेई गौरव चंद और एई मनोज नाथ का अग्रिम आदेश तक वेतन आहरण पर रोक लगाते हुए स्पष्टीकरण मांगा है।

जेई मनोज चंद पर विभागीय कार्रवाई को शासन को पत्र प्रेषित किया है, ईई आशुतोष की जिम्मेदारी तय करते हुए उनसे भी स्पष्टीकरण मांगा है। डीएम ने लोनिवि अस्कोट, लोनिवि डीडीहाट के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि जितनी भी ट्रॉली गरारी और झूलापुल उनके कार्यक्षेत्र में आते हैं उन समस्त गरारी और झुलपुल की जांच अगले 3 दिन में सुनिश्चित कर जिनकी मरम्मत होनी है, करके जांच सर्टिफिकेट पेश किया जाएं अन्यथा आवश्यक कार्यवाही संबंधित के विरुद्ध की जाएगी।

### जजी परिसर में एक बार फिर लगाई चोरों ने सेंध

**बागेश्वर :** कोतवाली अंतर्गत जजी परिसर में एक बार फिर चोरों ने सेंध लगाई है। उल्लेखनीय है कि गत कुछ माह पूर्व जजी परिसर में रहने वाले कर्मचारी के यहां से चोरों ने स्वर्ण आभूषण एवं नगदी चुराई थी परन्तु पुलिस अब तक घटना का पता न लगा पाई है। इधर गत रात्रि पुन: चोरों ने जजी कर्मचारी विपिन रिखडी के कमरे का ताला तोड़कर कीमती सामान एवं नगदी चुरा ली। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने इस मामले में कई संदिग्धों को हिरासत में लिया है

### चम्पावत अस्पताल में अब दो एक्स-रे मशीनें

**टनकपुर, अमृत विचार :** जनपद चम्पावत के नागरिकों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में बड़ी राहत और सौगात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर एवं जिलाधिकारी मनीष कुमार के प्रयासों से जिला अस्पताल को अब दो एक्स-रे मशीनों की सुविधा मिलने वाली है। इस व्यवस्था से अस्पताल में आने वाले मरीजों को न केवल बेहतर एक्स-रे सेवाएं मिलेंगी, बल्कि समय की भी बचत होगी और रिपोर्टिंग की गुणवत्ता में भी सुधार आएगा। डीएम मनीष कुमार द्वारा खनन न्यास मद से 2.48 लाख की धनराशि स्वीकृत एवं अवमुक्त कर दी है जिससे, एक्स-रे मशीन की स्थापना कर उसे कार्यशील कर दिया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेश चौहान ने बताया कि अब तक जिला अस्पताल में केवल एक ही 150 एमए क्षमता की एक्सरे मशीन कार्यरत थी, जिससे अधिक मरीज होने की स्थिति में समय पर रिपोर्ट उपलब्ध कराना चुनौतीपूर्ण हो जाता था। अब अस्पताल में स्थापित की गई नई 500 एमए क्षमता की डिजिटल एक्स-रे मशीन अत्याधुनिक तकनीक से युक्त है, जिससे बेहतर गुणवत्ता वाली डिजिटल रिपोर्ट प्राप्त होगी और रोगी का उपचार और अधिक सटीकता से किया जा सकेगा। इसके साथ ही अब अस्पताल में एक साथ दो एक्स-रे मशीनों से कार्य संभव होगा, जिससे रोगियों की भीड़ का दबाव कम होगा और उन्हें समय पर सेवाएं मिल सकेंगी। इस पहल से स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता आएगी।

### वर्ग पहेली-19

**बाएं से दाएं**

1. जिसकी आयु सबसे अधिक हो।

3. 1. अवतार ग्रहण करने वाला 2. अवतार या अवतार-ग्रहण से संबंधित 3. ईश्वर या किसी देवता के अवतार के रूप में जिसकी प्रसिद्धि हो 4. अवतार की तरह का चमत्कारी अथवा प्रभाव रखने वाला।

4. बलि देने की जगह, वह स्थल जहां पूजा या यज्ञ आदि में पशु की बलि दी जाती है।

6. रास्ते में पड़ने वाला उतार, ढाल।

7. आँख की पलक के ऊपर होने वाली फुंसी, बिलनी।

**ऊपर से नीचे**


2. 1. प्रकट, स्पष्ट 2. खुला हुआ।

3. जहां प्रकाश न किया गया हो, अंधेरा

4. वन या जंगल में उपजने वाले पेड़-पौधों के फूल।

5. देवताओं का राजा, इंद्र।

6. 1. हिमालय की पुत्री, पार्वती, गौरी, शिव की पत्नी 2. कांति, शोभा।



### वर्ग पहेली -18 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | 1 अ | नि | य | मि | 2 त |
| 3 आ | जा | नु | ■ | ■ | ■ | र |
| ■ | ■ | बो | ■ | 4 ता | ■ | फ़ |
| 5 सं | बं | ध | यो | ज | क | ■ |
| व | ■ | क | ■ | दा | ■ | ■ |
| ह | ■ | ■ | ■ | 6 र | 7 का | बी |
| न | ■ | 8 छौं | द | ■ | ठा | ■ |

### सुडोकू -26

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | | | 7 | | 1 |
| | 3 | | | 1 | | | | 8 |
| | | 5 | | 9 | | 6 | 3 | |
| 3 | | | 8 | | | | 7 | |
| 5 | 2 | | | | | | 6 | 9 |
| | 4 | | | | 1 | | | 3 |
| | 1 | 2 | | 4 | | 3 | | |
| 4 | | | | 6 | | | 2 | |
| 7 | | 9 | | | | 5 | | 4 |

### सुडोकू - 25 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 2 | 3 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 4 | 5 | 7 | 3 | 6 | 1 | 2 |
| 6 | 1 | 5 | 2 | 8 | 9 | 4 | 3 | 7 |
| 4 | 7 | 9 | 6 | 5 | 2 | 1 | 8 | 3 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 4 | 1 | 9 | 7 | 6 |
| 3 | 6 | 1 | 7 | 9 | 8 | 2 | 5 | 4 |
| 5 | 9 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 | 2 | 1 |
| 1 | 4 | 7 | 9 | 2 | 5 | 3 | 6 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 8 | 1 | 7 | 5 | 4 | 9 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 जुलाई, बुधवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, सप्तमी-11.58 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर **ऋतु**- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।

ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-उत्तराफाल्गुनी 11.07 तक तत्पश्चात हस्त।

**मेष:** आज आपके व्यक्तित्व में तीव्र आकर्षण रहेगा। इसके कारण आप लोकप्रिय रहेंगे। खर्च करने से पहले बजट का ध्यान अवश्य रखें। गले में खराश और बुखार जैसी समस्या हो सकती है। अनुसंधान संबंधी कार्यों में सफलता मिल सकती है।

**वृष:** आज कार्यक्षेत्र में आप काफी व्यस्त रहेंगे। प्रेम संबंधों में कुछ अनबन हो सकती है। लोग आपकी बातों को काफी गंभीरता से लेंगे। बुद्धिमान लोगों से मुलाकात हो सकती है। शाम को मित्रों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

**मिथुन:** आज नई योजनाओं में सफलता देर से मिलेगी। मानसिक स्थिति नकारात्मक हो सकती है। व्यर्थ में अपने शुभचिन्तकों पर संदेह न करें। अधिक भागदौड़ से आपको बचना चाहिए। धन को लेकर समस्यायें उत्पन्न हो सकती हैं। आलस्य में अपना समय व्यर्थ न करें।

**कर्क:** आज कारोबारी यात्राओं से आपको लाभ मिलेगा। दूसरों की बातों में आकर अपना समय व्यर्थ न करें। रचनात्मक गतिविधियों में सुखद समय बीतेगा। वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहेगी। परिवार में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन के अवसर मिलेंगे।

**सिंह:** आज नए व्यावसायिक संपर्क विकसित होने के योग बन रहे हैं। आपके विनम्र व्यवहार से विपरीत लिंगी लोग आपसे आकर्षित रहेंगे। डिजाइनिंग का कोर्स कर रहे छात्रों को नई जॉब मिल सकती है। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। घर में कुछ रिश्तेदार आ सकते हैं।

**कन्या:** आज आपके कारोबार में निवेश करने के लिए बाहरी निवेशक आ सकते हैं। रुके हुए कार्य दोबारा से शुरू होंगे। छात्र पढ़ाई में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। बेरोजगार लोगों को नई नौकरी मिल सकती है। किसी मांगलिक उत्सव में आप सम्मिलित हो सकते हैं।

**तुला:** आज कार्यक्षेत्र को लेकर मन में उत्साह की कमी देखने को मिलेगी। नजदीकी लोगों के साथ आपके रिश्ते प्रभावित हो सकते हैं। आज आपको धैर्य और संयम के साथ अपने काम पर ध्यान देना चाहिए। दूसरों की सलाह पर अधिक ध्यान न दें।

**वृश्चिक:** आज कार्यक्षेत्र में आपको पदोन्नति प्राप्त हो सकती है। संतान के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। जीवनसाथी और बच्चों से आपको प्रेम और सम्मान दोनों ही प्राप्त होगा। आपके विचारों से लोग प्रभावित रहेंगे। सरकारी मामलों में आपको सफलता मिल सकती है।

**धनु:** आज परिवार में उत्सव का वातावरण रहेगा। लक्ष्य प्राप्ति के लिए दृढ़ संकल्पित रहेंगे। सहकर्मियों की तुलना में आपका प्रदर्शन विशेष और उत्कृष्ठ हो सकता है। किसी बहूमूल्य वस्तु को खरीद सकते हैं। कच्चे माल के आयात-निर्यात में उत्तम धन लाभ हो सकता है।

**मकर:** आज आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। निजी समस्याओं का निराकरण होगा। कुछ कठिन काम आसानी से अचानक बनने से मन प्रसन्न होगा। गैस और एसिडिटी की समस्या हो सकती है। समाज में आपकी प्रशंसा होगी।

**कुंभ:** आज पारिवारिक आयोजन किसी कारणवश टल सकते हैं। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। किसी के उकसावे में आकर काम न करें। अन्य दिनों की अपेक्षा दिन कुछ कमजोर रहेगा। ऑफिस में अधीनस्थ कर्मचारियों पर नाराज हो सकते हैं।

**मीन:** आज आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। कोई भी बड़ा काम शुरू करने से पहले बड़ों की राय अवश्य लें। भोग-विलास का भरपूर आनन्द उठायेंगे। आपका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। व्यवसाय में सारी परिस्थितियां आपके अनुकूल रहने वाली हैं।

# जीएसटी का जोर कारोबार सुगमता बढ़ाने पर

## वित्त मंत्रालय ने आठ साल पूरे होने पर रिपोर्ट कार्ड किया जारी, कहा- व्यापक आर्थिक समावेश पर होगा फोकस

**नई दिल्ली, एजेंसी**




वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि आठ साल पूरे कर चुके माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का जोर अब कारोबार को सुगम बनाने, मजबूत अनुपालन सुनिश्चित करने और व्यापक आर्थिक समावेश को बढ़ावा देने पर होगा। कुल 17 करों और 13 उपकरों को शामिल कर एक जुलाई, 2017 से लागू जीएसटी ने अनुपालन को सरल और कर प्रणालियों को डिजिटल बनाकर एक निर्बाध राष्ट्रीय बाजार बनाने में मदद की है। साथ ही इसने करदाता आधार का भी विस्तार किया है और सहकारी संघवाद को मजबूत किया है।

वित्त मंत्रालय ने जीएसटी के आठ साल पूरे होने पर रिपोर्ट कार्ड जारी करते हुए कहा, माल एवं सेवा कर अपने नौवें साल में प्रवेश कर रहा है। यह कारोबार को सरल बनाने के साथ मजबूत अनुपालन और व्यापक आर्थिक समावेश को प्राथमिकता देते हुए विकसित हो रहा है। इससे भारत की आर्थिक प्रगति को आगे बढ़ाने में इसकी भूमिका मजबूत हो रही है। संचालन के पहले वर्ष (नौ महीने) में सकल जीएसटी संग्रह 7.40 लाख करोड़ रुपये था। पिछले कुछ वर्षों में इसमें तेजी से वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2024-25 में सकल जीएसटी संग्रह रिकॉर्ड 22.08 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो सालाना आधार पर 9.4 प्रतिशत की वृद्धि है। यह वृद्धि अर्थव्यवस्था के संगठित होने और बेहतर कर अनुपालन को दर्शाती है। सालाना जीएसटी राजस्व लगभग तीन गुना हो गया है।

यह वित्त वर्ष 2017-18 के सात लाख करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 22 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। लगातार दहाई अंक की वृद्धि न केवल एक मजबूत अर्थव्यवस्था का संकेत देती है, बल्कि बेहतर अनुपालन, कम कर चोरी और कम करदाता बोझ के साथ एक परिपक्व, प्रौद्योगिकी-संचालित कर परिवेश का संकेत भी देती है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि भारत का जीएसटी संग्रह अप्रैल, 2025 में 2.37 लाख करोड़ रुपये के अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। मई, 2025 तक 162 करोड़ से अधिक जीएसटी रिटर्न दाखिल किए गए हैं। यह केवल आठ वर्षों में एक सुव्यवस्थित, डिजिटल-प्रथम कर प्रणाली अपनाने और बढ़ते भरोसे को बताता है। जीएसटी ने अप्रत्यक्ष करों को मानकीकृत स्लैब (0 प्रतिशत, 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत) और निर्बाध पंजीकरण, जीएसटीएन के साथ सरलीकृत व्यवस्था में एकीकृत किया है।

### बिजली की खपत घटकर 150 अरब यूनिट पर

**नई दिल्ली।** देश में बिजली की खपत जून में सालाना आधार पर 1.5 प्रतिशत घटकर 150.04 अरब यूनिट रही। इसका मुख्य कारण मानसून के जल्दी आने के साथ घरों, दफ्तरों को ठंडा रखने वाले एसी, कूलर जैसे उपकरणों का कम उपयोग है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, बीते वर्ष जून में बिजली की खपत 152.37 अरब यूनिट रही थी। विशेषज्ञों का मानना है कि मानसून के जल्दी आने से जून में बिजली की खपत के साथ-साथ मांग भी प्रभावित हुई है। जून में एक दिन में सबसे अधिक आपूर्ति (अधिकतम मांग को पूरा करने के लिए की गयी आपूर्ति) भी पिछले महीने घटकर लगभग 242.49 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) रह गई, जो जून, 2024 में लगभग 244.52 गीगावट थी।

## गोल्ड कमोडिटी : सुरक्षित और लोकप्रिय विकल्प

गोल्ड कमोडिटी निवेश का एक सुरक्षित और लोकप्रिय विकल्प माना जाता है। यह न सिर्फ मुद्रास्फीति और बाजार अस्थिरता से सुरक्षा प्रदान करता है, बल्कि दीर्घकालिक पूंजी वृद्धि का भी माध्यम बनता है। निवेशक इसमें भौतिक सोना, गोल्ड ईटीएफ, सॉवरेन गोल्ड बॉण्ड या फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट्स के माध्यम से निवेश कर सकते हैं। कीमतें वैश्विक आर्थिक घटनाओं, डॉलर की मजबूती और मांग-आपूर्ति के आधार पर प्रभावित होती हैं।

बात काम की

### क्या है गोल्ड कमोडिटी

गोल्ड कमोडिटी का अर्थ है सोने को एक व्यापारिक वस्तु के रूप में खरीदना और बेचना। यह अंतर्राष्ट्रीय कमोडिटी बाजार में एक मानक धातु मानी जाती है और इसकी कीमत वैश्विक कारकों से निर्धारित होती है। भारत में गोल्ड ट्रेडिंग एमसीएक्स पर की जाती है।

### गोल्ड में कैसे करें निवेश

**भौतिक सोना :** गहने, सिक्के या बिस्किट के रूप में। **गोल्ड ईटीएफ :** स्टॉक एक्सचेंज में ट्रेड होने वाले डिजिटल गोल्ड। **सॉवरेन गोल्ड बॉण्ड (एसजीबी) :** सरकार द्वारा जारी, ब्याज सहित सुरक्षित विकल्प। **गोल्ड फ्यूचर्स :** कमोडिटी एक्सचेंज पर अनुबंध आधारित ट्रेडिंग।

### महत्वपूर्ण बिंदु

निवेश के साथ-साथ बीमा की तरह देखा जाता है। एसजीबी और ईटीएफ जैसे विकल्प टैक्स लाभ भी देते हैं। निवेश से पूर्व वित्तीय लक्ष्यों व जोखिम क्षमता का मूल्यांकन करें।

### निवेश के लाभ

**मुद्रास्फीति से सुरक्षा :** महंगाई पर गोल्ड की कीमत बढ़ती है। **सुरक्षा :** संकट के समय में स्थिर निवेश विकल्प। **तरलता :** कभी भी बेचने की सुविधा। **पोर्टफोलियो विविधता :** स्टॉक्स या रियल एस्टेट से संतुलन बनाता है।

### जोखिम और चुनौतियां

**कीमत में उतार-चढ़ाव :** वैश्विक बाजार पर निर्भरता के कारण मूल्य अस्थिरता। भौतिक सोने में चोरी या मिलावट का खतरा। **फ्यूचर्स में जोखिम :** अनुबंध आधारित ट्रेडिंग जटिल हो सकती है। लॉन्ग टर्म पर रिटर्न सीमित होते हैं।

### सोच समझकर उठाया जाने वाला कदम

गोल्ड कमोडिटी में निवेश एक सुरक्षित, लेकिन सोच-समझकर उठाया जाने वाला कदम है। यदि सही माध्यम और रणनीति अपनाई जाए, तो यह दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता का सशक्त उपकरण बन सकता है।

## देश में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर 14 महीने के उच्च स्तर पर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **जून में बढ़कर उच्चतम स्तर 58.4 पर पहुंचा**

भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर जून में बढ़कर 14 महीने के उच्चतम स्तर 58.4 पर पहुंच गई। इससे उत्पादन और नए ऑर्डर में तेजी के साथ रोजगार में रिकॉर्ड वृद्धि का संकेत मिलता है। एक मासिक सर्वेक्षण में मंगलवार को यह जानकारी दी गई।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक मई में 57.6 था। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में, 50 से ऊपर का अंक विस्तार का संकेत देता है, जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन को बताता है। एचएसबीसी के भारत में मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, ''भारत का विनिर्माण पीएमआई जून में 14 महीने के उच्चतम स्तर 58.4 पर पहुंच गया। मजबूत मांग ने उत्पादन, नए ऑर्डरों और रोजगार सृजन में विस्तार को बढ़ावा दिया। जून में नए ऑर्डर में भी तेजी देखी गई। विस्तार की दर करीब एक साल में सबसे मजबूत थी। समिति के सदस्यों के अनुसार वृद्धि को विपणन प्रयासों और निर्यात में पर्याप्त वृद्धि से समर्थन मिला।

## बैंकिंग, वित्तीय सेवा म्यूचुअल फंड में निवेश 37 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** बैंकिंग और वित्तीय सेवा क्षेत्र आधारित म्यूचुअल फंड में निवेश मई, 2025 में सालाना आधार पर 37 प्रतिशत बढ़कर 48,000 करोड़ रुपये हो गया। निवेश में उछाल का कारण इस क्षेत्र का मजबूत प्रदर्शन है। उद्योग के आंकड़ों से पता चलता है कि इन कोषों ने पिछले साल 22 से 30 प्रतिशत तक का 'रिटर्न' दिया है, जो इस क्षेत्र के मजबूत बुनियादी सिद्धांतों और बढ़ते आकर्षण को दर्शाता है। उद्योग के आंकड़ों के अनुसार, वर्तमान में भारतीय बाजार में 22 बैंकिंग एवं वित्तीय सेवा म्यूचुअल फंड हैं।

मई, 2025 में इनकी संयुक्त प्रबंधन अधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) 48,000 करोड़ रुपये की थीं। मई, 2024 में यह आंकड़ा करीब 34,971 करोड़ रुपये था। यह तीव्र वृद्धि बीएफएसआई (बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं एवं बीमा) क्षेत्र की दीर्घकालिक क्षमता में निवेशकों के बढ़ते भरोसे को दर्शाती है।

## कमजोर मांग से कच्चे तेल के वायदा भाव में गिरावट

**नई दिल्ली।** हाजिर मांग घटने से कच्चे तेल की कीमत मंगलवार को दो रुपये घटकर 5,579 रुपये प्रति बैरल रह गई। एमसीएक्स में कच्चे तेल के अगस्त में आपूर्ति वाले अनुबंध का भाव दो रुपये या 0.04 प्रतिशत घटकर 5,579 रुपये प्रति बैरल रह गया। इसमें 15,230 लॉट का कारोबार हुआ। विप्रतिभागियों के दांव घटाने से वायदा कारोबार में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी रही। वैश्विक स्तर पर, वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड 0.29 प्रतिशत की गिरावट के साथ 64.92 डॉलर प्रति बैरल पर जबकि न्यूयॉर्क में ब्रेंट क्रूड 0.24 प्रतिशत घटकर 64.92 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा।

## वैश्विक वित्तीय संस्थानों में सुधार की जरूरत

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- **वित्त मंत्री ने चौथे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में आधिकारिक विकास सहायता में गिरावट के रुख में बदलाव का किया आह्वान**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को विकास को समावेशी बनाने और समानता बढ़ाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय ढांचे और क्रेडिट रेटिंग प्रणालियों में सुधार की जरूरत बतायी। उन्होंने स्पेन के सेविले में विकास के लिए वित्तपोषण (एफएफडी) पर चौथे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में आधिकारिक विकास सहायता में गिरावट के रुख में बदलाव के आह्वान का समर्थन किया और विकसित देशों से जलवायु वित्त को बढ़ाने का आग्रह किया।

सीतारमण ने कहा कि खासकर नाजुक देशों में जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए भरोसेमंद, सरल पहुंच और रियायती वित्त की व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने कहा, भारत समावेशी विकास और समानता बढ़ाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय ढांचे में सुधारों का समर्थन करता है, जिसमें बहुपक्षीय विकास बैंकों (एकडीबी) में सुधार और निष्पक्ष क्रेडिट रेटिंग प्रणाली शामिल हैं। बहुपक्षीय विकास बैंक से दिये जाने वाले कर्ज को दीर्घकालीन विकास लक्ष्यों के साथ जोड़ा जाना चाहिए और मजबूत निगरानी ढांचे के जरिये इस पर नजर रखी जानी चाहिए ताकि कर्ज राशि का उपयोग उन्हीं मदों में किया जाए, जिसके लिए वे आये हैं। सीतारमण ने कहा कि कई देशों के लिए समावेशी और सतत विकास के लिए कर्ज एक संरचनात्मक बाधा बन गया है। भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान शुरू किए गए वैश्विक 'सॉवरेन डेट' गोलमेज सम्मेलन ने कर्ज के मामले में पारदर्शिता और ऋण पुनर्गठन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि एहतियाती ऋण प्रबंधन के साथ-साथ जी-20 साझा रूपरेखा का प्रभावी कार्यान्वयन आवश्यक है।



### एक नजर

#### प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक, जादूगर बीवी पट्टाभिराम का निधन

**हैदराबाद।** जानेमाने मनोवैज्ञानिक, व्यक्तित्व विकास प्रशिक्षक, जादूगर और लेखक बीवी पट्टाभिराम का दिल का दौरा पड़ने से यहां निधन हो गया। वह 75 वर्ष के थे। पट्टाभिराम के मित्रों ने मंगलवार को बताया कि पट्टाभिराम का निधन 30 जून की रात में हुआ। पंद्रह भाई-बहनों वाले परिवार से ताल्लुक रखने वाले पट्टाभिराम ने जादू के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वह तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और अन्य दक्षिणी राज्यों में अपने जादू के शो के जरिये दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देते थे। वह एक व्यापक रूप से प्रशंसित व्यक्तित्व विकास प्रशिक्षक, परिवार और छात्रों के काउंसलर भी थे।

#### सरकार दवा संयंत्र के मृतकों के परिजनों को देगी मुआवजा

**तेलंगाना।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकार सिगाची इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रबंधन से बातचीत कर पशम्यलारम में दवा संयंत्र में हुए विस्फोट में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के लिए एक करोड़ रुपये का मुआवजा सुनिश्चित करेगी। साथ ही उन्होंने हादसे के बाद कंपनी प्रबंधन के वहां मौजूद न होने पर उसे कड़ी फटकार भी लगाई। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने मंत्रियों श्रीधर बाबू, दामोदर राजा नरसिम्हा, जी विवेक और पी ऋषिनिवास रेड्डी के साथ फैक्टरी में उस जगह का दौरा किया जहां विस्फोट हुआ था। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्थिति की समीक्षा की।

# डिजिटल इंडिया ने अंतराल को पाटा : मोदी

## कहा- एक दशक पहले शुरू की गई पहल अब बन चुका जन आंदोलन, अवसरों को भी लोकतांत्रिक बनाया

**नई दिल्ली, एजेंसी**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि एक दशक पहले शुरू की गई डिजिटल इंडिया' पहल ने संपन्न और वंचितों के बीच डिजिटल विभाजन को पाट दिया है और अवसरों का लोकतंत्रीकरण किया है जिससे यह एक जन आंदोलन बन गया है। लिंक्डइन पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि दशकों तक भारतीयों की प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की क्षमता पर संदेह किया जाता रहा, लेकिन उनकी सरकार ने इस दृष्टिकोण को बदल दिया और नागरिकों की प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की क्षमता पर भरोसा किया।

मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने संपन्न और वंचितों के बीच की खाई को खत्म करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग किया। उन्होंने कहा, जब इरादा सही होता है, तो नवाचार कम सशक्त लोगों को सशक्त बनाता है। जब दृष्टिकोण समावेशी होता है, तो प्रौद्योगिकी हाशिये पर रहने वालों के जीवन में बदलाव लाती है। इस विश्वास ने डिजिटल इंडिया की नींव रखी जो पहुंच को लोकतांत्रिक बनाने, समावेशी डिजिटल बुनियादी ढांचे का निर्माण करने और सभी के लिए अवसर प्रदान करने का मिशन है। मोदी ने कहा कि 2014 में भारत में लगभग 25 करोड़ इंटरनेट कनेक्शन थे, आज यह संख्या बढ़कर 97 करोड़ से अधिक हो गई है, जिसमें 42 लाख किलोमीटर से अधिक ऑप्टिकल फाइबर केबल है जो पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की दूरी के 11 गुना के बराबर है। उन्होंने कहा कि यह सबसे दूरदराज के गांवों को भी जोड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत में 5जी दुनिया में सबसे तेजी से लागू हो रहा है, जिसमें केवल दो वर्षों में 4.81 लाख बेस स्टेशन स्थापित किए गए हैं।

### डिजिटल इंडिया के बड़े-बड़े वादे अधूरे और दावे फर्जी हैं: खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को कहा कि मोदी सरकार के डिजिटल इंडिया कार्यक्रम को लेकर किए गए बड़े-बड़े दावों के बावजूद वादे अधूरे और दावे फर्जी हैं तथा इससे निजता को नुकसान पहुंचा है एवं पारदर्शिता भी कमजोर हुई है। इसके 10 साल पूरा होने के मौके पर खरगे ने उन गांवों और स्कूलों का हवाला दिया, जहां अभी तक ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी नहीं पहुंची है। उन्होंने सरकार के स्वामित्व वाली दूरसंचार कंपनियों- एमटीएनएल और बीएसएनएल पर बढ़ते कर्ज और साइबर अपराधों में वृद्धि का भी उल्लेख किया।



## मौलाना तेजस्वी चुनाव में हार भांपकर कर रहे हैं सांप्रदायिक राजनीतिः भाजपा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **कहा- विपक्षी गठबंधन एक विशेष समुदाय के सशक्तीकरण के लिए शरिया कानून लाने के लिए चाहता है सत्ता हासिल करना**

भाजपा ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम पर टिप्पणी को लेकर राजद के नेता तेजस्वी यादव को मंगलवार को मौलाना करार दिया तथा उनपर इस साल के अंत में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में विपक्षी महागठबंधन की आसन्न हार को भांपकर सांप्रदायिक आधार पर समाज के ध्रुवीकरण का प्रयास करने का आरोप लगाया।

यादव के इस दावे पर कि बिहार में विपक्षी महागठबंधन सत्ता में आने पर वक्फ (संशोधन) अधिनियम को कूड़ेदान में डाल देगा, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने आरोप लगाया कि विपक्षी गठबंधन केवल एक विशेष समुदाय के सशक्तीकरण के वास्ते शरिया कानून लाने के लिए सत्ता हासिल करना चाहता है, जबकि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) समाज के सभी वर्गों की प्रगति के लिए काम करता है। भाटिया ने यहां भाजपा मुख्यालय में प्रेसवार्ता में कहा, ये नमाजवादी बाबासाहेब आंबेडकर का संविधान नहीं चाहते। वे संविधान का सम्मान नहीं करते हैं। वे केवल शरिया कानून चाहते हैं... वे केवल एक विशेष धर्म का सशक्तीकरण चाहते हैं। यादव पर मुस्लिम मतों के लिए 'सांप्रदायिक राजनीति' करने का आरोप लगाते हुए भाटिया ने कहा, जो लोग बाबा साहब के संविधान और संसद द्वारा पारित कानून को कूड़ेदान में डालने की बात कर रहे हैं, बिहार की जनता उनकी सांप्रदायिक राजनीति को कूड़ेदान में डाल देगी।

यादव ने रविवार को दावा किया था कि बिहार में सत्तारूढ़ राजग खत्म होने की राह पर है और विपक्षी गठबंधन के नेतृत्व वाली राज्य की नई सरकार केंद्र की मोदी सरकार द्वारा लाए गए वक्फ (संशोधन) अधिनियम को 'कूड़ेदान में डाल देगी।

## कई राज्यों में अगले छह-सात दिन में भारी बारिश की चेतावनी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में बरपेगा कहर**

आईएमडी ने मंगलवार को कहा कि अगले छह .सात दिन में हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में बहुत भारी स्तर की बारिश होने का पूर्वानुमान है। विभाग ने कहा कि इस अवधि के दौरान उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत के कई हिस्सों में मानसून सक्रिय रहेगा।

विभाग के अनुसार एमपी, विदर्भ, छत्तीसगढ़, बिहार, पश्चिम बंगाल, सिक्किम और झारखंड में भी भारी बारिश का पूर्वानुमान है जबकि झारखंड और ओडिशा में कुछ दिनों में भारी बारिश हो सकती है। आईएमडी ने कहा कि कोंकण और गोवा, मध्य महाराष्ट्र और गुजरात में कुछ स्थान पर भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। विभाग ने कहा कि सौराष्ट्र और कच्छ में भी अगले सात दिन में भारी बारिश हो सकती है जबकि इस अवधि के दौरान पूर्वोत्तर भारत में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी स्तर की बारिश होने का पूर्वानुमान है। आईएमडी ने कहा कि तटीय आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, केरल और कर्नाटक में सप्ताह के कुछ दिन में भारी बारिश हो सकती है। विभाग ने सोमवार को, जुलाई में देश में सामान्य से अधिक बारिश होने का अनुमान जताया था।

### प्रकृति का कहर



हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में मंगलवार को बादल फटने के बाद ब्यास और सुकेती नदियों के संगम पर स्थित पंचवक्त्र महादेव मंदिर। एजेंसी

## आर्थिक अन्याय का हथियार बन गया जीएसटी : राहुल

- **कहा-अरबपति मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए किया डिजाइन**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के लागू होने के आठ साल पूरा होने के मौके पर मंगलवार को आरोप लगाया कि यह आर्थिक अन्याय का एक हथियार बन गया है तथा इसे प्रधानमंत्री मोदी के कुछ अरबपति मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए डिजाइन किया गया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने मौजूदा जीएसटी प्रणाली में संशोधन की पैरवी की और कहा कि भारत एक ऐसी कर प्रणाली का हकदार है, जो केवल विशेषाधिकार प्राप्त कुछ लोगों के लिए नहीं, बल्कि सभी के लिए काम करे। जीएसटी को एक जुलाई, 2017 को लागू किया गया था। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, आठ साल बाद, मोदी सरकार का जीएसटी कोई कर सुधार नहीं है।

# छात्रा से दुष्कर्म के तीनों आरोपी कॉलेज से निष्कासित

**कोलकाता, एजेंसी**

### साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज' के प्राधिकारियों ने लिया फैसला




कोलकाता के लॉ कॉलेज में छात्रा से दुष्कर्म के सभी दोषियों को सख्त सजा देने की मांग को लेकर वकीलों ने एक विरोध रैली में हिस्सा लिया।

साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज के प्राधिकारियों ने कॉलेज की 24 वर्षीय छात्रा से कथित सामूहिक दुष्कर्म के प्रमुख आरोपी की सेवा समाप्त करने के साथ ही मामले में दो अन्य सह आरोपियों को कॉलेज से निष्कासित कर दिया है। प्रमुख आरोपी मनोजित मिश्रा की नियुक्ति अपराध से जुड़ी उसकी गिरफ्तारी के बाद रद्द कर दी गई है। उसकी नियुक्ति कॉलेज के शासी निकाय की एक पूर्व सिफारिश पर एक अस्थायी कर्मचारी के रूप में की गई थी।

मिश्रा को कॉलेज के छात्र एवं सह-आरोपियों जैब अहमद और प्रोमित मुखर्जी के साथ गिरफ्तार किया गया था और उन्हें अब पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। तृणमूल कांग्रेस विधायक अशोक देब की अध्यक्षता में कॉलेज के शासी निकाय की एक बैठक के बाद प्राधिकारियों ने मिश्रा की सेवाएं समाप्त करने और दो छात्रों को निष्कासित करने की घोषणा की। देब ने कहा, मिश्रा की सेवाएं समाप्त करने का निर्णय लिया गया है जबकि दो अन्य को तत्काल प्रभाव से निष्कासित किया जाएगा। घटना के विरोध में छात्रों ने प्रदर्शन किया।

## समयपूर्व रिहाई की दोषी की याचिका खारिज करने का फैसला रद्द

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कानून की छात्रा प्रियदर्शिनी मट्टू के साथ 1996 में दुष्कर्म और हत्या करने जुर्म में उम्रकैद की सजा काट रहे संतोष कुमार सिंह की समयपूर्व रिहाई संबंधी याचिका खारिज करने के सजा समीक्षा बोर्ड के फैसले को मंगलवार को रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति संजीव नरुला ने कहा कि सिंह में सुधार की गुंजाइश है। उन्होंने मामला फिर से सजा समीक्षा बोर्ड (एसआरबी) के पास भेजते हुए उसे दोषी की समयपूर्व रिहाई की याचिका पर नए सिरे से विचार करने को कहा।

न्यायमूर्ति नरुला ने फैसला सुनाते हुए कहा, मैंने उसमें सुधार की गुंजाइश देखी है। एसआरबी के फैसले को रद्द किया जाता है और मैंने मामले को नए सिरे से विचार करने के लिए एसआरबी को वापस भेज दिया है। अदालत ने कैदियों की याचिकाओं पर विचार करते समय एसआरबी द्वारा पालन किए जाने वाले कुछ दिशानिर्देश भी दिए हैं।

# ओडिशा में कांग्रेस प्रदर्शनकारियों की टांगें तोड़ने के आईपीएस अधिकारी के निर्देश से उपजा विवाद

**भुवनेश्वर, एजेंसी**

### इस कार्य के लिए इनाम देने का आश्वासन दिया

ओडिशा कैडर के एक आईपीएस अधिकारी ने पुलिसकर्मियों को कथित तौर पर कुछ कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की टांगें तोड़ने का निर्देश दिया और उन्हें उनके इस कार्य के लिए इनाम देने का आश्वासन दिया है। राज्य में विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने इस टिप्पणी की निंदा की है।

यह विवाद उस कथित वीडियो के वायरल होने के बाद शुरू हुआ जिसमें भुवनेश्वर के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त नरसिंह भोल कांग्रेस कार्यकर्ताओं के विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिसकर्मियों को यह निर्देश देते नजर आ रहे हैं कि उनकी टांगें तोड़ दो और मुझसे इनाम ले लो। पीटीआई-भाषा स्वतंत्र रूप से वीडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं कर सका। पुलिस अधिकारी ने पुरी में भगदड़ को लेकर रविवार रात को कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक प्रदर्शन रैली के दौरान यह कथित निर्देश दिया।

#### पुरी भगदड़ को लेकर मुख्यमंत्री आवास पर कर रहे थे प्रदर्शन

पुरी में भगदड़ की घटना में तीन लोगों की मौत हो गयी है। इसको लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता मुख्यमंत्री आवास के समक्ष प्रदर्शन कर रहे थे और आरोप लगा रहे थे कि भीड़ प्रबंधन में चूक हुई, जिसके कारण भगदड़ की घटना हुई। वायरल वीडियो में भोल को मुख्यमंत्री आवास के पास तैनात पुलिस कर्मियों को यह निर्देश देते हुए देखा गया कि वे किसी को भी अवरोधक तोड़ने न दें। ओडिशा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भक्त चरण दास ने कहा, यह अत्यधिक निंदनीय है।

## एक नजर

### सरे ने डरहम के खिलाफ रिकॉर्ड 820 रन का स्कोर बनाया

**लंदन।** डोम सिबली की 10 घंटे की 305 रन की पारी और डैन लॉरेंस तथा विल जैक्स के तेज शतकों की बदौलत सरे ने किआ ओवल में 820-9 रन पर पारी घोषित की, जो क्लब के लंबे इतिहास में सबसे बड़ा प्रथम श्रेणी स्कोर है। 407-3 से आगे खेलते हुए, उन्होंने दूसरे दिन चाय के बाद तक बल्लेबाजी करते हुए 811 रन का 126 साल पुराना काउंटी रिकॉर्ड तोड़ा और कल 30 डिग्री के तापमान में डरहम की पीड़ा को और बढ़ा दिया। दिन की समाप्ति से पहले 28 ओवर की गेंदबाजी में, सरे ने कुछ चुनौतीपूर्ण गेंदबाजी के साथ जवाब में डरहम को 59-1 पर रोक दिया।

### रियू के शतक से इंग्लैंड अंडर-19 ने की सीरीज में बराबरी

**नॉर्थम्प्टन।** विकेटकीपर बल्लेबाज थॉमस रियू ने 131 रनों की धमाकेदार पारी खेलते हुए इंग्लैंड अंडर-19 टीम के लिए सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड बनाया और नॉर्थम्प्टन में इंडिया अंडर-19 के ख़िलाफ दूसरे यूथ वनडे में अपनी टीम को रोमांचक जीत दिलाई। रियू ने सिर्फ 73 गेंदों में शतक पूरा किया और 2012 में बेन फॉक्स द्वारा न्यूजीलैंड के खिलाफ बनाए गए 79 गेंदों के सबसे तेज अंडर-19 शतक के रिकॉर्ड को तोड़ा। रियू ने अपनी 89 गेंदों की पारी में 16 चौके और छह लंबे छक्के जड़े। टीम के कप्तान रियू ने रॉकी फ्लिंटॉफ (39) के साथ चौथे विकेट के लिए 21 ओवरों में 123 रनों की साझेदारी की।

### संन्यास से पहले भारत में टेस्ट श्रृंखला जीतना चाहते हैं लियोन

**सेंट जॉर्ज (ग्रेनाडा)।** ऑस्ट्रेलिया के महान स्पिनर नाथन लियोन का टेस्ट क्रिकेट से निकट भविष्य में संन्यास का कोई इरादा नहीं है और वह इससे पहले भारत में एक टेस्ट श्रृंखला जीतना चाहते हैं। 37 वर्ष के आफ स्पिनर लियोन ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 138 टेस्ट में 556 विकेट लिए हैं। भारत के खिलाफ उन्होंने 32 टेस्ट खेलकर 130 विकेट चटकाए हैं, लेकिन भारत में कभी भी श्रृंखला नहीं जीत सके। ऑस्ट्रेलिया ने 2004-05 के बाद भारत को उसकी धरती पर नहीं हराया है। लियोन ने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा, मैं भारत में श्रृंखला जीतना चाहता हूं। मैं इंग्लैंड में भी श्रृंखला जीतना चाहता हूं।

### अगस्त में भारत का बांग्लादेश दौरा अभी निश्चित नहीं

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष अमिनुल इस्लाम ने कहा है कि बीसीसीआई ने अब तक भारत के बांग्लादेश दौरे की पुष्टि नहीं की है, जो अगस्त में होना है। उनके अनुसार बीसीसीआई इस दौरे पर फैसला भारतीय सरकार से चर्चा के बाद लेगा। अमिनुल ने ढाका में बीसीबी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की छह घंटे लंबी बैठक के बाद कहा, मैंने बीसीसीआई से बात की है और चर्चाएं सकारात्मक रही हैं। हम आशावान हैं। यह सीरीज (अगले महीने) निर्धारित है लेकिन वे (भारत) अपने सरकार के कुछ निर्णयों का इंतजार कर रहे हैं।

### जिम्बाब्वे को रौंदकर अफ्रीका ने जीता लगातार नौवां टेस्ट

**बुलावायो (जिम्बाब्वे)।** दक्षिण अफ्रीका ने मंगलवार को जिम्बाब्वे को 328 रनों से हराकर पुरुष टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा मैच जीतने के अपने रिकॉर्ड की बराबरी की। मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियन की यह लगातार नौवीं जीत है, जिसने उसने 2002-03 सत्र के अपने रिकॉर्ड की बराबरी की। मध्यम गति के गेंदबाज कॉर्बिन बॉश ने टेस्ट करियर में पहली बार 5 विकेट चटकाए, जिससे 537 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जिम्बाब्वे की टीम दूसरी पारी चौथे दिन लंच के बाद 208 रन पर सिमट गयी।

### पूर्व हॉकी खिलाड़ी सिर में गंभीर चोट लगने से अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों (2022) में रजत पदक जीतने वाली पुरुष हॉकी टीम के सदस्य बिमल लाकड़ा को सिर में गंभीर चोट लगने पर मंगलवार को रांची के अस्पताल में भर्ती कराया गया। भारत के पूर्व मिडफील्डर लाकड़ा सोमवार को सिमडेगा उपखंड में अपने गांव में खेत में काम करते समय गिरने के बाद बेहोश हो गए थे। इस पूर्व खिलाड़ी को सिमडेगा अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें रांची भेज दिया गया। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने बताया, वह अब स्थिर हैं। झारखंड के खेल मंत्री ने आज उनसे मुलाकात की और हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

# भारत के सामने स्पिनरों के चयन की दुविधा

## दूसरे टेस्ट आज से : बल्लेबाजों की पिच पर ऐसे गेंदबाजों को चुनना होगा जो ले सकें 20 विकेट

**बर्मिंघम, एजेंसी**

भारत को चयन के मामले में पारंपरिक सोच से अलग हटकर इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में बल्लेबाजों की मददगार पिच पर ऐसे गेंदबाजों को चुनना होगा जो पूरे 20 विकेट ले सकें। हेडिंग्ले में पहले टेस्ट के आखिरी दिन इंग्लैंड ने जब 371 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया तब भारतीय टीम प्रबंधन ने खुद स्वीकार किया था कि कुलदीप यादव की कमी टीम को खली।

सहायक कोच रियान टेन डोइशे ने कहा कि भारत टीम संयोजन तलाशने की कोशिश में है, जिससे बल्लेबाजी की गहराई पर असर नहीं पड़े और ऐसे गेंदबाज भी हों जो 20 विकेट ले सकें। डोइशे ने कहा कि रणनीति की बात करें तो हम हर गेंदबाज को व्यक्तिगत तौर पर देख रहे हैं कि वे विकेट ले सकते हैं या नहीं। हम संतुलन बनाने की कोशिश कर रहे हैं और सर्वश्रेष्ठ टीम संयोजन लेकर उतरना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि टीम को पूरे 20 विकेट की जरूरत है। इंग्लैंड टीम भी इसी प्रयास में होगी और हमें उसका भी ध्यान रखना है। हम इस पर लगातार बात कर रहे हैं और हल निकालने की कोशिश में हैं। बर्मिंघम में मौसम गर्म है और पिच के ऊपर घास है लेकिन नीचे से यह सूखी है।

**भारत-इंग्लैड पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला**



इसी मैदान पर तीन साल पहले इंग्लैंड ने 378 रन का लक्ष्य हासिल करके श्रृंखला ड्रॉ कराई थी। पिछले कुछ साल में काउंटी क्रिकेट में इस मैदान पर काफी रन बने हैं।

इस मैदान पर स्पिनरों की भूमिका अहम होगी और भारत को तय करना है कि वे रविंद्र जडेजा की मदद करने वाले वॉशिंगटन सुंदर को उतारेगा या विकेट लेने में माहिर कुलदीप को जगह मिलेगी। यह तो तय है कि भारत दो स्पिनरों के साथ उतरेगा। पहले टेस्ट में शार्दुल ठाकुर तेज गेंदबाज हरफनमौला थे, लेकिन संभव है कि बल्लेबाजी हरफनमौला नीतिश कुमार रेड्डी को दूसरे टेस्ट में जगह मिले। ठाकुर ने पहले टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया, लेकिन एक टेस्ट के बाद बाहर करना भी ज्यादती होगी। जसप्रीत बुमराह की उपलब्धता पर भी संदेह है। अगर वह दूसरा टेस्ट नहीं खेलते हैं तो तेज गेंदबाजी का जिम्मा मोहम्मद सिराज, आकाश दीप और प्रसिद्ध कृष्णा संभालेंगे। बुमराह के नहीं खेलने पर इस तिकड़ी को अतिरिक्त जिम्मेदारी निभानी होगी।

हेडिंग्ले में पांचवें दिन टर्निंग पिच पर कोई कमाल नहीं कर सके जडेजा अपनी उपयोगिता साबित करने को बेताब होंगे। पहले टेस्ट में भारत की कैचिंग काफी खराब रही और यशस्वी जायसवाल को स्लिप से हटाना पड़ गया। पहले टेस्ट की दोनों पारियों में भारत के निचले क्रम के बल्लेबाजों ने कोई योगदान नहीं दिया जिसमें सुधार करना होगा। पहले मैच में शतक लगाने वाले केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत और कप्तान शुभमन गिल इस लय को कायम रखना चाहेंगे। साइ सुदर्शन और करूण नायर को खराब शुरुआत के बावजूद फिर मौका मिल सकता है।

दूसरी ओर इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने परिवार में इमरजेंसी के कारण मैच से नाम वापिस ले लिया है लेकिन क्रिस वोक्स की अगुवाई में गेंदबाजी आक्रमण आत्मविश्वास से भरा है। उन्होंने दो बार भारत के पूरे दस विकेट लिये थे।

**इंग्लैंड :** जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रुक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर।

**भारत :** शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा।

**मैच दोपहर 3 :30 बजे**

# एंड्रयू फ्लिंटॉफ इंग्लैंड के अभ्यास सत्र में शामिल

**बर्मिंघम, एजेंसी**

- मोईन अली ने की अभ्यास सत्र में शामिल शोएब बशीर की मदद

भारत के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में अपनी पकड़ मजबूत करने के इरादे से इंग्लैंड युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। मोईन अली सोमवार को टीम के अभ्यास सत्र में शामिल हुए थे और उन्होंने शोएब बशीर की मदद की जिससे यह युवा ऑफ स्पिनर बेहद उत्साहित दिखा।

बुधवार से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच से एक दिन पहले टीम के आखिरी अभ्यास सत्र में पूर्व दिग्गज हरफनमौला एंड्रयू फ्लिंटॉफ खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करते हुए दिखे। इंग्लैंड की टीम पिछले काफी समय से टेस्ट मैचों को आक्रामक रवैये के साथ खेल रही है और फ्लिंटॉफ से मुलाकात से टीम का हौसला बढ़ेगा। मैच की पूर्व संध्या पर स्टोक्स से इंग्लैंड के महान खिलाड़ियों को ड्रेसिंग रूम में वापस लाने के चलन के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, हम नियमित तौर इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व करने वाले कुछ महान खिलाड़ियों से मदद लेने की कोशिश करते है। अभ्यास सत्र के दौरान इन पूर्व खिलाड़ियों की



मौजूदगी से मौजूदा टीम के सदस्यों को काफी मूल्यवान सलाह मिलती है। आप इस तरह के माहौल में बातचीत कर सकते हैं। इंग्लैंड के कप्तान ने कहा कि मोईन के साथ बातचीत के बाद बशीर उत्साहित थे। उन्होंने कहा कि हमेशा बोर्डरूम में या टेबल के चारों ओर बैठकर किसी खास चीज के बारे में बात करना जरूरी नहीं होता। मुझे लगता है कि बशीर का मोईन से मिलना अच्छा है। बशीर बिल्कुल उत्साहित हैं। जब हम ऐसे अनुभवी लोगों को ड्रेसिंग रूम में बुलाते है और वे अगर मौजूदा खिलाड़ियों को सलाह देते है तो यह टीम के लिए अच्छा है।

# ज़ाग्रेब में प्रज्ञानानंदा और गुकेश पर रहेगी नजर

**ज़ाग्रेब (क्रोएशिया), एजेंसी**

भारत के नंबर एक खिलाड़ी आर प्रज्ञानानंदा अपनी शानदार फॉर्म के कारण बुधवार से शुरू हो रहे ग्रैंड शतरंज टूर रैपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट की तीसरी प्रतियोगिता में प्रबल दावेदारों में से एक होंगे।

प्रज्ञानानंदा ने हाल में अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखी है और अगर वह अपने इस प्रदर्शन को आगे भी जारी रखने में कामयाब होते हैं तो उन्हें रोकना किसी भी खिलाड़ी के लिए आसान काम नहीं होगा। वहीं, क्रोएशियाई चरण में विश्व के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन के साथ-साथ मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश भी भाग लेंगे। आर प्रज्ञानानंदा को कार्लसन और गुकेश के अलावा अमेरिका के फैबियानो कारूआना, फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा तथा उज्बेकिस्तान

**ग्रैंड शतरंज टूर रैपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट**



के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव की कड़ी चुनौती का भी सामना करना होगा।

ग्रैंड शतरंज टूर के पीछे गैरी कास्पारोव का दिमाग था, जो बॉबी फिशर के बाद पेशेवर शतरंज की अवधारणा शुरू करने वाले पहले व्यक्ति थे और आज युवा पीढ़ी इसका लाभ उठा रही है।

# स्टोक्स ने बुमराह फैक्टर को किया खारिज

- इंग्लैंड के कप्तान ने खुद को पंत का बड़ा प्रशंसक बताया

**बर्मिंघम, एजेंसी**

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने मंगलवार को जसप्रीत बुमराह के 5 में से केवल 3 टेस्ट मैचों में उपलब्ध होने को लेकर चल रही अटकलों को खारिज करते हुए इसे भारत की समस्या करार दिया और कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भारतीय टीम बुधवार से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में कड़ी चुनौती पेश करेगी।

बुमराह लीड्स में खेले गए पहले टेस्ट मैच में भारत के सबसे सफल गेंदबाज रहे, लेकिन उन्हें अन्य गेंदबाजों से पर्याप्त सहयोग नहीं मिला, जिससे भारतीय टीम मज़बूत स्थिति में होने के बावजूद हार गई। प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और शार्दुल ठाकुर जैसे गेंदबाज़ इंग्लैंड के बल्लेबाजों के सामने खास चुनौती पेश नहीं कर पाए। भारत ने अभी तक यह तय नहीं किया कि बुमराह इंग्लैंड में किन 3 टेस्ट मैचों का हिस्सा होंगे। उन्होंने एक मैच खेला है और उन्हें अब 4 मैचों में से 2 में खेलना है। इंग्लैंड की टीम हालांकि बुमराह को लेकर चिंतित नहीं है और उसका ध्यान श्रृंखला में अपनी बढ़त पर है। स्टोक्स ने मैच की पूर्व संध्या पर बुमराह से जुड़े सवाल का कहा, यह भारत की



समस्या है। वे इससे निपट लेंगे। मैं इंग्लैंड का कप्तान हूं। भारतीय टीम के बारे में उन्होंने कहा, अच्छी टीम है। हमेशा कड़ी टक्कर देते हैं, मेहनत करते हैं। उसके खिलाड़ी जुनूनी हैं। उन्होंने कहा, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल रहे खिलाड़ियों पर दबाव होता है लेकिन भारत की तरफ से विशेष कर क्रिकेट में अन्य टीमों की तुलना में अधिक दबाव होता है। पिछले सप्ताह जो कुछ हुआ वह अतीत की बात है। यह नया मैच है और हम इसमें फिर से नए सिरे से शुरुआत कर रहे हैं।

स्टोक्स ने खुद को ऋषभ पंत का बड़ा प्रशंसक बताया जिन्होंने पहले टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक लगाकर कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। पंत के आक्रामक अंदाज को देखकर इंग्लैंड का कप्तान भी खुद को मुस्कुराने से नहीं रोक पाया था। स्टोक्स ने कहा, भले ही वह विपक्षी टीम में हो, लेकिन मुझे पंत को क्रिकेट खेलते हुए देखना पसंद है। मुझे वह तरीका पसंद है, जिससे वह खेल के सभी प्रारूपों में खेलता है। पंत एक टेस्ट मैच में दो शतक लगाने वाले पहले भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज बन गए, जिससे क्रिकेट जगत ने उनकी प्रशंसा की।

# अल्काराज ने फोगनिनी को हराया




**लंदन, एजेंसी**

दो बार के चैंपियन कार्लोस अल्काराज को विम्बलडन के पहले दौर के मुकाबले में फेबियो फोगनिनी को हराने में काफी मशक्कत करनी पड़ी और यह मुकाबला पांच सेटों तक खिंचा। स्पेन के अल्काराज ने साढे चार घंटे चला मुकाबला 7-5, 6-7 (5), 7-5, 2-6, 6-1 से जीता। जीत के बाद अल्काराज ने कहा कि मुझे समझ में नहीं आ रहा कि यह उनका आखिरी विम्बलडन क्यो है। फोगनिनी इस सत्र के बाद टेनिस को अलविदा कहने जा रहे हैं।

### पेगुला पहले दौर में कोकियारेटो से हारीं

**लंदन।** तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला विम्बलडन के पहले दौर में 116वीं रैंकिंग पर काबिज एलिसाबेटा कोकियारेटो से हार गईं। पेगुला इस टूर्नामेंट से पहले बैड होम्बर्ग ओपन का चैंपियन बन कर पहुंची थी। उन्होंने जर्मनी में घसियाले कोर्ट के इस टूर्नामेंट के फाइनल में इगा स्विएतेक को सीधे सेटों में हराया था।

### विंबलडन में भी मशीन ने संभाला लाइन जज का काम

दुनिया के कई प्रतिष्ठित टेनिस टूर्नामेंटों की तरह अब विंबलडन में भी इलेक्ट्रॉनिक मशीन ने लाइन जज का काम संभाल लिया है। दुनिया का सबसे पुराना ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट सोमवार को जब शुरू हुआ तो सबसे बड़ा बदलाव यही देखने को मिला कि लाइन जज की छुट्टी कर दी गई है और उनकी जगह इलेक्ट्रॉनिक मशीन लाइन से बाहर पड़ने वाली गेंद के लिए पहले से रिकॉर्ड की गई आवाज में आउट कह रही है।

# भारत के सामने इराक की चुनौती

**चियांग माइ (थाईलैंड), एजेंसी**

भारतीय महिला फुटबॉल टीम के सामने बुधवार को 2026 महिला एशियाई कप क्वालीफायर के ग्रुप बी मैच में अपेक्षाकृत आसान प्रतिद्वंद्वी इराक की चुनौती होगी। शुरुआती दोनों मैचों को एकतरफा जीतने वाली भारतीय टीम इस मैच में भी प्रयोग करना जारी रखना चाहेगी।

तिमोर-लेस्ते के खिलाफ मैच के दौरान नाक की हड्डी में फ्रैक्चर से सौम्या गुगुलोथ इस मुकाबले से बाहर हो गई हैं। भारत मंगोलिया (13-0) और तिमोर-लेस्ते (4-0) के खिलाफ जीत के बाद 6 अंकों और +17 के गोल अंतर के साथ तालिका में शीर्ष पर है। थाईलैंड भी 6 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है उनका गोल अंतर +11 है। पहले ही तीन मैच खेल चुका है और उसके 4 अंक हैं। उसे टूर्नामेंट में बने रहने के लिए इस मैच में जीत की जरूरत होगी। ग्रुप में शीर्ष स्थान के लिए भारत और थाईलैंड के बीच होड़ रहने की संभावना है और दोनों टीम ग्रुप चरण के आखिरी मैच में 5 जुलाई को एक-दूसरे का सामना करेंगी। भारतीय कोच क्रिस्पिन छेत्री ने इस बात पर जोर दिया कि टीम का पूरा ध्यान इराक के खिलाफ होने वाले

**एएफसी महिला क्वालीफायर**



मैच से 3 अंक पाने पर है। छेत्री ने कहा कि थाईलैंड के खिलाफ हमारा आखिरी मैच है, लेकिन अभी हमारा पूरा ध्यान इराक पर है। हमारी प्राथमिकता इराक के मैच में सकारात्मक सोच के साथ उतरने और जीत के लिए खेलने की है। विश्व रैंकिंग में 173वें स्थान पर काबिज इराक ने तिमोर लेस्ते के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ खेलने के बाद मंगोलिया को 5-2 से हराकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहली जीत दर्ज की थी।

# हॉकी इंडिया ने यूरोप दौरे के लिए 20 सदस्यीय भारत ए टीम का किया ऐलान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

हॉकी इंडिया ने 8 से 20 जुलाई तक 8 मैचों के यूरोप दौरे के लिए 20 सदस्यीय भारत ए पुरुष टीम का ऐलान किया। हॉकी इंडिया ने कहा कि यह दौरा उदीयमान और अनुभवी खिलाड़ियों को उपयोगी अंतर्राष्ट्रीय एक्सपोजर देने के लिए आयोजित हुआ है। भारत ए टीम फ्रांस, आयरलैंड और नीदरलैंड के खिलाफ दो-दो मैच खेलेगी जबकि इंग्लैंड और बेल्जियम के खिलाफ एक-एक मैच खेलना है। हॉकी इंडिया ने कहा कि इन मैचों से भारतीय हॉकी की प्रतिभाओं के पूल की गहराई और तैयारी का पता चलेगा। वे सीनियर टीम के लिए भी पूल का हिस्सा बन सकेंगे। भारत ए टीम की कमान संजय के हाथ में होगी जबकि एम रबिचंद्र सिंह उपकप्तान होंगे। गोलकीपर अंकित मलिक, डिफेंडर सुनील जोजो और फॉरवर्ड सुदीप चिरमाको स्टैंडबाय होंगे। भारतीय राष्ट्रीय टीम के सहायक कोच शिवेंद्र सिंह ए टीम के कोच होंगे जो 8 जुलाई को आयरलैंड से पहला मैच खेलेगी। शिवेंद्र ने कहा कि यह दौरा हमारे खिलाड़ियों के लिए अहम प्लेटफॉर्म होगा, जिसमें उन्हें यूरोपीय हॉकी के ढांचे, स्वरूप और प्रवाह का पता चलेगा।



**गोलकीपर :** पवन, मोहित एच शशिकुमार, **डिफेंडर :** प्रताप लाकड़ा, वरूण कुमार, अमनदीप लाकड़ा, प्रमोद, संजय (कप्तान), **मिडफील्डर :** पूवन्ना चंदुरा बॉबी, मोहम्मद राहील मौसीन, एम रविचंद्र सिंह, विष्णुकांत सिंह, प्रदीप सिंह, राजिंदर सिंह, **फॉरवर्ड :** अंगदबीर सिंह, बॉबी सिंह धामी, मनिंदर सिंह, वेंकटेश केंचे, आदित्य अर्जुन लाठे, सेल्वम कार्ति, उत्तम सिंह, **स्टैंडबाय :** अंकित मलिक, सुनील जोजो, सुदीप चिरमाको।

# मंधाना टी-20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में तीसरे स्थान पर

**दुबई, एजेंसी**

- आईसीसी ने जारी की रैंकिंग शेफाली वर्मा 13वें और हरलीन देयोल 86वें स्थान पर पहुंची

भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना मंगलवार को आईसीसी महिला टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में एक पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गई। वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज मंधाना ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी-20 की श्रृंखला के पहले मैच में शतक लगाया था। उस मैच में उन्होंने चोटिल हरमनप्रीत कौर की जगह कप्तानी भी की थी।



मंधाना ने 62 गेंद में 15 चौकों और तीन छक्कों के साथ 112 रन बनाये थे जिसकी मदद से भारत ने 97 रन से जीत दर्ज की। मंधाना के अब 771 रेटिंग अंक है जो उनके करियर में सर्वोच्च हैं। वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज 774 अंक लेकर दूसरे और आस्ट्रेलिया की बेथ मूनी 794 अंक के साथ पहले स्थान पर है। भारत की शेफाली वर्मा एक पायदान चढ़कर 13वें जबकि हरलीन देयोल 86वें स्थान पर है। गेंदबाजों की रैंकिंग में इंग्लैंड की तेज गेंदबाज लौरेन बेल चौथे स्थान पर पहुंच गई हैं। पाकिस्तानी स्पिनर सादियो इकबाल शीर्ष पर है।

### हरमनप्रीत के खेलने पर फैसला मैच से ठीक पहले

**ब्रिस्टल।** भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी-20 से एक दिन पहले ब्रिस्टल में अभ्यास सत्र में वापसी की। उन्हें पिछले हफ्ते ईसीबी डेवलपमेंट इलेवन के खिलाफ टी-20 अभ्यास मैच के दौरान सिर पर गेंद लगी थी, जिसके बाद उन्होंने 5 मैचों की श्रृंखला का पहला मुकाबला नहीं खेला था। हरमनप्रीत के खेलने को लेकर फैसला मैच के दिन ही लिया जाएगा। भारत की ऑफ स्पिन ऑलराउंडर स्नेह राणा ने सोमवार को बताया, यह सकारात्मक संकेत हैं कि हरमनप्रीत आज अभ्यास सत्र में शामिल हुईं। अभ्यास सत्र के बाद



उनका मूल्यांकन और निगरानी होगी। यह स्पष्ट नहीं है कि हरमनप्रीत को सिर में चोट कब और कैसे लगी, लेकिन उस मैच में उन्होंने 16 गेंदों में 28 रन बनाए थे, जिसमें 4 चौके थे। वह लेग स्पिनर सेरा ग्लेन की गेंद पर पगबाधा हुईं और भारत यह मैच 6 रन से हार गया था। उन्होंने प्री-सीरीज प्रेस वार्ता में भी भाग नहीं लिया और नॉटिंघम के पहले टी-20 में स्मृति मंधाना ने कप्तानी की, जो भारत ने 97 रन से जीता। मंधाना ने इस मैच में अपना पहला टी-20 शतक लगाया, जिससे भारत ने सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल की। वह तीनों प्रारूपों में शतक लगाने वाली पहली भारतीय और दुनिया की पांचवीं महिला क्रिकेटर बनीं।

